डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 12

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 09, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 01 जून 2024, वर्ष-30, अंक-223, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com






एग्जिट पोल से संबंधित किसी भी डिबेट में...

**सेंसेक्स**
73,961.31 ▲ +75.71

**डॉलर**
83.423 ▲ +0.108

**पलामू सर्राफा**
10 ग्राम 72,310
01 किलो 94,390

# अपराधियों ने किसान को मारी गोली, इलाज के दौरान मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** थाना क्षेत्र के अस्नौर गांव निवासी योगेंद्र यादव उम्र 40 वर्ष को अपराधियों ने शुक्रवार की शाम गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी पाटन थाना पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल व्यक्ति को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के क्रम में घायल व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि योगेंद्र यादव शुक्रवार की शाम अपने घर के पास दो मुहान के पास खड़े थे। इसी बीच अपराधी वहां पहुंचे और योगेंद्र से झगड़ा करने लगे। झगड़ा होने के बाद बाइक पर सवार एक युवक ने शेष पृष्ठ 11 पर



# लोकसभा चुनाव में बेहतर काम करने वाले अधिकारियों को डीसी ने किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव 2024 शांतिपूर्ण तरिके से संपन्न हो गया। चुनाव में प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर आम नागरिकों तक महती भूमिका रही है। मगर ऐसे में अपने वरिय अधिकारी स्तर से सम्मानित होना काम करने को जज्बा व उत्साह को दो गुणा कर देता है। पलामू प्रमंडल नक्सल प्रभावित इलाका के रूप पूर्व से जाना जाता रहा है। यहां चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराना कठिन चुनौती है। ऐसे चुनाव में बढ़-चढ़ कर काम करने वाले अधिकारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए अगर निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर हौसला अफजाई करते हैं, तब यह शेष पृष्ठ 11 पर



### मनिका सीओ को भी मिला प्रशस्ति पत्र

मनिका सीओ संतोष कुमार शुक्ला को भी चुनाव के दौरान बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया है। इस कड़ी में लातेहार डीसी गरिमा सिंह व एसपी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर हौसला अफजाई किया है। यह सम्मान उन सभी अधिकारियों के लिए रामवाण साबित होगा। जिन्हें प्रशासन प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इससे उन अधिकारियों में बेहतर काम करने की रुचि बढ़ेगी।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## लोकसभा चुनाव 2024 : आज समाप्त हो जाएगा

# दुनिया का सबसे बड़ा मतदान मैराथन

**44 दिनों में सात चरणों में 543 लोकसभा सीटों के लिए देशभर में हुआ मतदान**

**ओडिशा में 42 विधानसभा क्षेत्रों के साथ 57 लोकसभा सीटों पर होगा मतदान**

**10.06 करोड़ मतदाता, 1.09 लाख मतदान केन्द्र, 7 राज्य व 1 केन्द्र शासित प्रदेश**

### हिमाचल प्रदेश की छह विधानसभा सीटों पर भी होगा मतदान

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में सात राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 57 संसदीय सीटों पर शनिवार (1 जून) को मतदान होगा। साथ ही ओडिशा विधानसभा की शेष 42 सीटों के लिए और हिमाचल प्रदेश की छह विधानसभा सीटों पर भी मतदान होगा। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बताया कि लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के लिए बिहार, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लगभग 10.9 लाख मतदान अधिकारी 1.09 लाख मतदान केन्द्रों पर 10.06 करोड़ से अधिक मतदाताओं का स्वागत करेंगे। 10.06 करोड़ से अधिक मतदाताओं में लगभग 5.24 करोड़ पुरुष, 4.82 करोड़ महिला और 3574 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। सातवें चरण के मतदान के बाद 19 अप्रैल से शुरू हुए दुनिया के सबसे बड़े मतदान मैराथन की समाप्ति हो जाएगी। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। इस दौरान कुल 44 दिनों में सात चरणों में देशभर में चुनाव कराया गया। जिसमें 543 लोकसभा सीटों के लिए कुल 96.88 करोड़ रजिस्टर्ड वोटर हैं।

इस चरण में बिहार की 8 सीटों (नालन्दा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट, जहानाबाद) पर 134, चंडीगढ़ की 1 सीट पर 19, हिमाचल प्रदेश की 4 सीटों (कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, शिमला) पर 37, झारखंड की 3 सीटों (राजमहल, दुमका, गोड्डा) पर 52, ओडिशा की 6 सीटों (मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर) पर 66, पंजाब की 13 सीटों (गुरदासपुर, अमृतसर, खडूर साहिब, जालंधर, होशियारपुर, आनंदपुर साहिब, लुधियाना, फतेहगढ़ साहिब, फरीदकोट, फिरोजपुर, बठिंडा, संगरूर, पटियाला) पर शेष पृष्ठ 11 पर




### देश के सबसे हॉट सीट पर भी आज वोटिंग

**वाराणसी।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में एक जून को देश की सबसे हॉट सीट वाराणसी में भी वोट डाले जाएंगे। इस सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा नेताओं की ओर से लगातार इस बात का दावा किया जा रहा है कि पीएम मोदी वाराणसी से एक बड़ी मार्जिन से जीत दर्ज करने वाले हैं। इसके अतिरिक्त प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, महेंद्र नाथ पांडेय, आरके सिंह, पंकज चौधरी, अनुप्रिया पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, रामकृपाल यादव, प्रताप चंद्र सारंगी, उपेंद्र कुशवाहा और रवि किशन सहित कई दिग्गजों का फैसला शनिवार को मतदान में होना है।

# दुमका, राजमहल और गोड्डा में आज मतदान, तैयारियां पूरी

- **तीनों लोकसभा सीट के हर बूथ की होगी कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग**
- **बारिश की आशंका के बीच मतदान प्रतिशत बढ़ाने को हर संभव प्रयास**
- **चुनाव वाले क्षेत्रों से जुड़े बिहार व पश्चिम बंगाल की सीमा सील की गई**

**ब्यूरो रिपोर्ट**

**रांची।** राज्य के दुमका, राजमहल और गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में शनिवार को अंतिम चरण का मतदान होगा। मतदान सुबह 7 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक जारी रहेगी। राजमहल में 14 और गोड्डा तथा दुमका में 19-19 उम्मीदवार हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि दुमका, राजमहल और गोड्डा के हर बूथ की कंट्रोल रूम से वेब कास्टिंग के माध्यम से मॉनिटरिंग की जाएगी। प्रत्येक बूथ पर भीतर और बाहर एक-एक कैमरे लगाये गये हैं। पर्यवेक्षक भी पूरी स्थिति पर अपनी नजर बनाये हुए हैं। उन्होंने बताया



कि मतदान केंद्रों पर मतदानकर्मी पहुंच गये हैं। सभी मतदानकर्मी मतदान के बाद उसी दिन वापस लौटेंगे। बारिश की आशंका के बीच मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर हर संभव व्यवस्था की गयी है। मतदान के दिन दूरस्थ इलाके के मतदाताओं को वाहन से मतदान केंद्र तक लाने और ले जाने की व्यवस्था की गयी है। वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं को भी मतदान केंद्र तक लाने की व्यवस्था बनायी गयी है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि इस बार दिनभर मतदान है, समय निकाल कर परिवार और पड़ोसी संग मतदान जरूर करें। वह शुक्रवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### सप्ताह में एक दिन बिना आयरन किया कपड़ा पहन कर ऑफिस आएं : डीएफओ

**लातेहार।** वन विभाग के अधिकारी और कर्मी अब सप्ताह में कम से कम एक दिन बिना आयरन किया हुआ कपड़ा पहन कर ऑफिस आएंगे। पर्यावरण संरक्षण के लिए लातेहार डीएफओ रौशन कुमार ने इसकी पहल की है। उन्होंने सप्ताह में कम से कम एक दिन वन कर्मियों को आयरन (इस्त्री) का उपयोग नहीं करने की सलाह दी है। इस संबंध में डीएफओ रौशन कुमार ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों का छोटा-छोटा प्रयास भी आगे चलकर काफी प्रभावी बन सकता है। इसी उद्देश्य से वन विभाग में पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से एक छोटा सा प्रयास किया जा रहा है।

## आज | कल




# जेल में हेमंत से मिले सीएम इंडी गठबंधन की बैठक आज

**ब्यूरो रिपोर्ट**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शुक्रवार सुबह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार पहुंचे और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। दोनों के बीच काफी देर तक बातचीत हुई। लेकिन इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई। मुलाकात के बाद जेल से बाहर निकलने के बाद सीएम चंपाई सोरेन ने मीडिया से कोई बात नहीं की। सीएम चंपाई सोरेन और हेमंत सोरेन के बीच हुए इस मुलाकात को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। एक जून को नई दिल्ली में इंडी गठबंधन की बैठक है, जिसमें झामुमो की ओर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन व कल्पना सोरेन भाग लेंगी। माना जा रहा है



कि हेमंत से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने इस अहम बैठक में झामुमो के स्टैंड पर चर्चा की। वहीं शनिवार को संताल की तीनों सीटों दुमका, राजमहल और गोड्डा पर मतदान होना है। इसपर भी सीएम व हेमंत के मुलाकात के दौरान बातचीत होने के कयास लगाए जा रहे हैं।

# राज्य में लू के थपेड़ों से लोग बेहाल बड़ी संख्या में मर रहे चमगादड़

**रांची।** राज्य भीषण गर्मी से तप रहा है। लू के थपेड़ों से लोग बेहाल हैं। तापमान में वृद्धि का रिकॉर्ड टूट रहा है। संथाल के जिलों को छोड़कर पूरा झारखंड तपिश भरी गर्मी और उष्ण लहर की चपेट में है। राज्य के उत्तर पश्चिमी जिले पलामू और गढ़वा में तो प्रचंड हीट वेव चल रहा है। रांची, चतरा, गुमला, रामगढ़, लोहरदगा, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां में भी हीट वेव का प्रभाव है। चतरा जिले में गुरुवार को औरू गेरुआ गांव में लू लगने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि कोबनी और भोंदल गांव में भी एक-एक व्यक्ति की लू लगने से मौत हुई है। पलामू में बुधवार तक चार लोगों की गर्मी से मौत हो गई थी। गर्मी का प्रकोप इंसानों के साथ जीव जंतुओं पर भी देखा जा रहा है। राज्य में लगातार बड़ी संख्या में चमगादड़ों की मौत हो रही है। चतरा, गढ़वा और हजारीबाग में सैकड़ों चमगादड़ों की मौत के बाद अब लातेहार जिले में भी बड़ी संख्या में चमगादड़ों की मौत हो गई है। लातेहार जिले के मनिका प्रखंड अंतर्गत कोइली गांव में शुक्रवार की सुबह बड़ी संख्या में मृत चमगादड़ मिले। लातेहार डीएफओ रोशन कुमार ने एडवाइजरी जारी कर लोगों से मृत चमगादड़ों के पास न जाने की अपील की है। मृत चमगादड़ों के संपर्क में आने से लोग कई तरह की गंभीर बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। डीएफओ ने बताया कि चमगादड़ों की मौत की जांच की जा रही है। मृत चमगादड़ों शेष पृष्ठ 11 पर

# ध्यान मंडपम में पीएम मोदी की साधना जारी

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ध्यान साधना शुक्रवार को जारी रही। सामने आये पहले वीडियो में पीएम मोदी मेमोरियल के ध्यान मंडप हॉल में ध्यान में लीन दिख रहे हैं। इससे पहले, सुबह-सुबह उन्होंने कन्याकुमारी के संगम पर पूजा की। प्रधानमंत्री मोदी करीब ढाई महीने के चुनाव प्रचार के बाद गुरुवार को कन्याकुमारी पहुंचे। पहुंचने के बाद शाम को उन्होंने कन्याकुमारी देवी मंदिर में पूजा की। मेमोरियल हॉल जाने से पहले उन्होंने तिरुवल्लुवर, रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा देवी और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमाओं के सामने भी प्रार्थना की। पीएम एक जून तक कन्याकुमारी में रहेंगे। इस दौरान जिले में कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था की गई है। भाजपा ने अपने नेताओं से वहां ज्यादा भीड़ न लगाने के लिए कहा है। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान 16 मार्च से 30 मई के बीच पीएम मोदी ने 75 दिन में 206 जनसभाएं तथा रोड शो किये और 80 साक्षात्कार दिये। औसतन उन्होंने हर दिन करीब तीन सार्वजनिक कार्यक्रम किये। उन्होंने भीषण गर्मी के बीच 150 घंटे बिताये और मीडिया के एक हजार से ज्यादा प्रश्नों के उत्तर दिये।



## इंडिया



सुनील बादल

# जेपीएससी से शुरू हुए घोटाले और अदृश्य शक्ति का बचाव

सरकारी नौकरी को लेकर आरोप प्रत्यारोप और घोटाले में एक दूसरे को दोषी बताने के दौर के बाद 12 साल बाद सीबीआई ने प्रथम जेपीएससी नियुक्ति घोटाले में चार्जशीट फाईल की है। भाजपा छोड़ने वाले पूर्व मंत्री सरयू राय ने एक्स पर लिखा यह जेपीएससी का पहली परीक्षा घोटाला था।भाजपा की पहली सरकार में हुआ था। चार्जशीट दाखिल करने में सीबीआई को 12 साल लगे। इसे जेपीएससी में हो रहे घोटालों की जननी कहा जा सकता है।अदृश्य शक्ति ने दबाव नहीं डाला तब उसी समय हुए जेपीएससी के दूसरे घोटाले की चार्जशीट जल्द आएगी।यह अदृश्य शक्ति किसी व्यक्ति या पार्टी विशेष की नहीं बल्कि सामूहिक है जिन्होंने विधानसभा तक में अपने लोगों को बहाल कराया जैसी रिपोर्ट मीडिया में कई बार आ चुकी है। झारखंड के बहुचर्चित झारखंड मेधा घोटाले की जांच कर रही सीबीआई ने जेपीएससी संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा प्रथम और द्वितीय के 55 अधिकारियों की नियुक्ति को गलत पाया है। इन पर गलत ढंग से परीक्षा में सफल होने का आरोप था, जो सही पाए गए। इनमें जेपीएससी प्रथम के 20 और द्वितीय के 35 अधिकारी हैं।सीबीआई ने जेपीएससी प्रथम के 62 और द्वितीय के 172 अधिकारियों की नियुक्ति की जांच शुरू की थी। जेपीएससी प्रथम में सफल दो अधिकारियों का यूपीएससी की परीक्षा में सफल होने पर आईपीएस और आईआरएस कैडर में चयन हो गया। इसके बाद 62 अधिकारियों की जांच की गई, जिनमें 20 अधिकारियों के गलत ढंग से परीक्षा में सफल होने की पुष्टि हुई। इसी तरह जेपीएससी द्वितीय में भी 35 अधिकारियों ने गलत ढंग से सफलता पाई। कई अभ्यर्थियों ने उत्तर पुस्तिका में कुछ भी नहीं लिखा और नंबर दे दिए।

उत्तर पुस्तिकाओं में अंदर नंबर कुछ और थे, मुख्य पृष्ठ पर कुछ और नंबर। कई अभ्यर्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के मुख्य पृष्ठ पर 33 नंबर को 88 नंबर कर दिया गया।कई उत्तर पुस्तिकाओं में सवालों के जवाब गलत थे, लेकिन पूरे नंबर दिए।जानकार बता रहे हैं कि चार्जशीट दायर होने के बाद दोषी अफसरों के खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी होगा। वारंट जारी होते ही उन्हें निलंबित कर दिया जाएगा। 2019 में प्रशासनिक सेवा के पहले बैच के अधिकारियों की दी गई प्रोन्नति भी वापस ले ली जाएगी। अंतिम कार्रवाई कोर्ट के अंतिम फैसले से प्रभावित होगी। दोषी पाए जाने पर मेरिट लिस्ट में उनसे नीचे रहे अधिकारी ऊपर जाने की मांग कर सकते हैं। हालांकि इसके लिए उन्हें कोर्ट जाना होगा।पूरे मामले को कानूनी दांव पेंच में अभी तक जिस तरह उलझाया गया उससे नहीं लगता कि इन प्रभावशाली पृष्ठभूमि वाले आरोपी अधिकारियों पर कार्रवाई इतनी आसान होगी। मूल राज्य बिहार में ऐसे अनेक घोटाले हुए जिन्हें उदाहरण देकर अलग राज्य बना और नौकरियों के माध्यम से झारखंड के विकास की नींव रखने के बजाय लूट के नए अवसर के रूप में इसे विकसित किया गया जिसमें मामूली और अभिवंचित वर्ग अब भी अपने को ठगा महसूस करता है इसलिए इन्हें कड़ी सजा मिलनी चाहिए ताकि मेहनत करने वाले ईमानदार अभ्यर्थी निराश न हों। झारखंड के प्रतिभावान बच्चों का लगातार पलायन बिहार के समय से जारी है और ये प्रभावशाली पृष्ठभूमि वाले आरोपी तकनीकी पेंच फंसा कर इसे लंबा खींचने का प्रयास कर सकते हैं। न्यायालय और सरकार दोनों को इसे विशेष मामला मानना चाहिए अन्यथा यह क्रम रुकेगा नहीं। झारखंड के अनेक अफसरों को आर्थिक घोटालों में पकड़े जाने पर निंदन या वेतन बढ़ोतरी जैसी मुलायम सजा देकर छोड़ दिया जाता है जिससे कड़ा संदेश नहीं जाता।




**सिमडेगा : फिर खाट पर दिखी सिस्टम**

# ममता वाहन के लिए डेढ़ किमी खाट पर जाना पड़ा गर्भवती को

**बानो (सिमडेगा)।** बानो में एक बार फिर सिस्टम खाट पर दिखी। प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव की एक महिला को प्रसव पीड़ा क्या हुआ गांव की जर्जर सड़क ने उसकी पीड़ा को कई गुणा बढ़ा दिया। वाहन चलने लायक सड़क नहीं होने के कारण परिजन महिला को खाट पर करीब डेढ़ किमी लेकर आए, तब जाकर उसे ममता वाहन की सुविधा मिली। ये स्थिति तब है जब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांव-गांव को मुख्य सड़क से जोड़ा जा रहा है, लेकिन राज्य में इसके कार्यान्वयन को लेकर हमेशा सवाल उठता रहा है। संयोग से इस मामले में पीड़ित महिला भी आदिवासी है और उसका गांव भी आदिवासी बहुल है और राज्य में आदिवासी सरकार का दंभ भरने वाली सरकार भी है। मामला बानो प्रखंड के डोगी झरिया मौजा के कम्पुदा गांव का है। गांव के मनसिद्ध लोमगा की पत्नी पालो जडिया (22) को 28 मई को प्रसव पीड़ा हुई। घर वालों ने इसकी सूचना सहिया सरस्वती कुमारी को दी। सरस्वती कुमारी ने ममता वाहन को फोन कर बुलाया, लेकिन रास्ता ठीक नहीं होने के कारण वाहन कम्पुदा गांव से डेढ़ किमी दूर भेलवा टोली शेष पृष्ठ 11 पर



## एक नजर

### भाजपा नेता के चाचा का निधन, शोक

**हुसैनाबाद।** भाजपा नेता व हुसैनाबाद नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन रामेश्वर राम उर्फ छठन राम एवं नगर पंचायत के कर्मी उदय पासवान के पिता 76 वर्षीय राजो राम का निधन शुक्रवार को करीब 2 बजे दोपहर को हो गया। विगत पांच दिनों से लू लगने से वह बीमार थे। उन्हें बेहतर इलाज के लिए बिहार के जमुहार स्थित नारायण हॉस्पिटल ले जाया जा रहा था। जो रास्ते में ही ले जाने के क्रम में उनका निधन हो गया। उनके दो पुत्र सुदेश राम व उदय पासवान हैं। राजू राम के निधन की खबर से हुसैनाबाद में शोक का माहौल है। खबर मिलने के बाद लोग उनके जपला- हैदरनगर रोड स्थित बक्शी हाई स्कूल के निकट आवास पहुंचकर शोक व्यक्त कर रहे हैं। इनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालो में हुसैनाबाद नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार, प्रखण्ड प्रमुख राजकुमारी देवी, पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष उषा देवी, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व वार्ड सदस्य उमरावती देवी, उमा देवी, राजकुमार कश्यप, नजीर अहमद, राजेन्द्र पाल, शुषमा गुप्ता, सुहैल आलम, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, मदन पासवान, सूर्यनाथ राम आदि कई लोगो ने शोक व्यक्त किया है।

# हीट वेव से हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में अब तक छह लोगों की हुई मौत, अस्पताल मरीजों से भरा

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** लगातार पड़ रही भीषण गर्मी व लू की वजह से आम जन-जीवन के साथ लोगों के बीच परेशानी बढ़ गई है। अस्पतालों में लू लगने की शिकायत लेकर आने वाले मरीजों की संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है। अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद का सभी बेड भरा हुआ है। लू लगने से अबतक हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में एक रेल कर्मी, तीन महिला, एक वृद्ध व एक बच्चे समेत छह लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक बीते मंगलवार को पूर्व मध्य रेलवे के जपला सोननगर रेलखंड के कजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन में कार्यरत ट्रैकमैन मुकेश मीना (32 वर्ष) हीट वेव के चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मुकेश मीना कजरात नावाडीह नबीनगर रेलवे ट्रैक पर काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। रेल कर्मियों ने आनन-फानन में उसे तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया। जहां ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। रेल कर्मी राजस्थान का रहने वाला था। उसका शव उसके घर भेज दिया गया है। दूसरी घटना बुधवार की है। बुधवार को मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव निवासी दिनेश साव के नौ वर्षीय पुत्र संदीप साव परिवार के सदस्यों के साथ जपला गए थे। लौटने के क्रम में हैदरनगर में उसकी तबीयत बिगड़ी। परिजनों ने उसे तत्काल एक निजी क्लीनिक में लेकर गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। तीसरी घटना गुरूवार हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी कला की है। 30 वर्षीय शांता देवी की मौत अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में इलाज के दौरान होने की पुष्टि हुई है। चौथी घटना गुरुवार की शाम हैदरनगर के सबनवा गांव निवासी रसीद खान 65 वर्ष की मौत अस्पताल में हो गई। पांचवीं कबरा खुर्द गांव निवासी 70 वर्षीय महिला रेहाना बीवी की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई। वहीं छठी घटना हैदरनगर के मस्जिद रोड की रूबी बीवी उर्फ रानी खातुन 27 वर्ष की मौत इलाज के दौरान अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में हो गई। हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में प्रचंड गर्मी से जन-जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। सुबह 8 बजे से लू का चलना शुरू हो रहा है। इसका असर रात के 12 बजे तक रहता है। रात के समय भी गर्म हवा की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र में दोपहर में पारा 47 पार तक पहुंच रहा है। अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में लगातार लू लगने से बीमार मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद का सभी बेड भर गया है। हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के स्वास्थ्य उपाधीक्षक डॉ. दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने बताया कि सभी जगह पर्याप्त ओआरएस व आवश्यक दवा उपलब्ध है। उन्होंने आम लोगों को अनावश्यक घर से नहीं निकलने की सलाह दी है। बहुत जरूरी होने पर हल्का कलर का सूती वस्त्र पहनकर सिर को ढककर निकलने को कहा है। साथ ही लगातार पानी का सेवन करने, नींबू पानी का सेवन करने व ताबित में परेशानी आने पर तत्काल चिकित्सक से मिलने की सलाह दी है। अन्य गांव में भी कई बुजुर्गों की अचानक मौत होने की सूचना है।



### प्रचंड गर्मी के बीच लू लगने से दो महिला सहित तीन की मौत

**विश्रामपुर।** इन दिनों क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ रही है। प्रचंड गर्मी से लोगो का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पारा 47 डिग्री के पार कर गया है। शुक्रवार को लू लगने से दो महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। रेहला थाना क्षेत्र के पांडेयपुर गांव निवासी जाकिर हुसैन (62) अपने बेटी के ससुराल शादी में आए हुए थे। शुक्रवार को लू लगने से अचानक वे अचेत हो कर गिर गए और देखते-देखते उन्होंने दम तोड़ दिया। दूसरी घटना सीताराम यादव की पत्नी सुमित्रा देवी (60) की मौत भी लू लगने के कारण हो गई। मृतिका सुमित्रा देवी विश्रामपुर से कुछ समान खरीद कर घर वापस जा रही थी। इसी बीच रास्ते में ही वह बेहोश हो कर गिर गईं। उन्हे तत्काल विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं तीसरी घटना रेहला थाना क्षेत्र के झगरुआ गांव का है। यहां स्व. सुकन राम की पत्नी यशोदा कुंवर (70) के पत्नी की भी मौत लू लगने से ही गई। जानकारी के अनुसार यशोदा कुंवर लू लगने से घर से कुछ दूर पहले ही अचेत हो कर वह गिर गयी। परिजन आनन-फानन में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले गये। जहां जांचोपरांत डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी मौत लू लगने से हुई है।

## न्यूज बॉक्स

### सेवानिवृत्ति पर सीओ को दी गई विदाई



**पाटन।** अंचल कार्यालय में शुक्रवार को सीओ लालबाबु को सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन कर अंचलकर्मी एवं राजश्व कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दिया। विदाई समारोह में राजश्व कर्मचारियों एवं अंचल कर्मियों ने रिटायर्ड हो रहे लालबाबू की सेवाकाल के कार्यो एवं इनके अनुभवों की साझा किया। इनके कार्यकाल को सराहना किया। विदाई समारोह में कर्मियों ने शॉल एवं उपहार देकर सम्मानित किया। इनके दीघार्यु एवं उज्ज्वल भविष्य होने के कामना के साथ कर्मियों ने विदाई किया। विदाई समारोह में प्रभारी सीआई सह राजश्व कर्मचारी प्रकाश राम, राजश्व कर्मचारी सीमा कुमारी, कर्मचारी आशीष रंजन, अपर डिविजन क्लर्क सुशील कुमार शर्मा, प्रधान सहायक मो. असलम, अंचल सहायक अमित कुमार, नाजिर विकास कुमार, दीपक कुमार, अमीन रफीक अंसारी, सरिता सिंह, आरिफ खान आदि अंचलकर्मी उपस्थित थे।

### मनुष्य के साथ-साथ पशु पंछी को भी है पानी की दरकार : सुरेश कुमार



**छतरपुर।** जैसा कि हम सभी लोग जानते हैं कि इस वर्ष प्रचंड गर्मी पड़ रहा है। जिसके चलते नदी, नाला, आहर, पोखरा सभी सुख गया है। लेकिन बीच जंगल में एक पोखरा में अभी भी है पानी। गौरतलब है कि सिलदग से निकलने वाली रास्ता, लोहराही से जाने वाली जंगल का रास्ता, भरवाडीह जाने वाली जंगल के रास्ता के बीच में पिछले वर्ष नगर पंचायत के सुरेश कुमार इंजीनियर ने अपनी निजी खर्चे से गड्ढा खोदवाये थे। ताकि जंगली जानवरों, पालतू जानवरों एवं पक्षियों की पानी की दिक्कत न हो। उन्होंने जेसीबी लगाकर गड्ढा खोदवाये थे। जिसमें आज भी पानी भरा हुआ है। जिसमें सभी जानवर, पशु-पक्षी को प्यास बुझाने का अति उत्तम प्रबंध हो चुका है। पिछले साल की तरह इस बार भी सुरेश कुमार इंजीनियर ने उस जगह का भ्रमण किया। उनके साथ ग्रामीण लोग भी भ्रमण किया। वहीं ग्रामीणों ने उस जगह पर गया और पानी देखकर दर्जनों लोगों ने सुरेश इंजीनियर को धन्यवाद दिया।

### पीट-पीट कर चार बकरियों को मार डाला, थाना में मामला दर्ज



**विश्रामपुर।** प्रखंड के सोरडिहा निवासी संजय चौधरी की चार बकरियों को शुक्रवार को लाठी डंडा से पीट-पीट कर मार डाला गया। बकरियों के हत्या का आरोप सोरडीहा गांव के ही राजू साव पर लगा है। इस संबंध में संजय चौधरी ने विश्रामपुर थाना में राजू राम पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार संजय चौधरी की पत्नी बकरी चराकर वापस घर आ रही थी। इसी बीच राजू साव अपने घर के पास बकरियों को लाठी डंडा से पीटने लगा। उसने बकरियों को तब तक पीटा जबतक सभी बकरियां मर नहीं गईं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के लिए शिविर लगाने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** शहर के अररुआ खुर्द मोहल्ला में शुक्रवार को राजद नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि 50 से 60 साल की महिला सहित एसटी एससी पुरुषों को पेंशन देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के सभी वार्डों तथा प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में शिविर लगाकर मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत इसका प्रचार प्रसार करते हुए सभी योग्य लाभुकों को लाभ देने की मांग की है। साथ ही शिविर में पीएम आवास के योग्य लाभुकों का भी चयन करने की मांग किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में लगे शिविर में बहुत लोग जानकारी के अभाव में योजना के लाभ से वंचित रह गए हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कामेश्वर पासवान, रमेश प्रजापति, बबलू सिंह, छोटू कुमार, रंजन, चंदन, पप्पू चौधरी, प्रदीप सिंह, भोला पासवान, काजू चौधरी, मुख्तार आलम, धनंजय सिंह, सतेंद्र पासवान आदि शामिल थे।



## डोभा योजना पर सवाल... डूब गए सरकार के करोड़ों रुपये

### पिछले 7 वर्षों में लगभग 700 डोभा का किया गया है निर्माण

**नावाबाजार।** गांव का जलस्तर बढ़ाने व बरसात के बाद खेतों में पटवन की वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर वित्तीय वर्ष 2016-17 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर सरकार के द्वारा शुरू की गई योजना डोभा योजना पूरी तरह फेल हो चुकी है। सरकार 'गांव का पानी गांव में व खेत का पानी खेत में' रोकने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की गयी थी। साथ हीं मनरेगा मजदूरों के लिए रोजगार सृजन भी होता। बीते सात साल में प्रखंड के पंचायतों में डोभा खुदवाने पर करोड़ों रुपये खर्च किए। लेकिन विभागीय कर्मचारियों व पदाधिकारियों की लापरवाही से योजना अपने उद्देश्य से भटक गई और आधे से ज्यादा डोभा बर्बाद हो गए। यानी योजना पर खर्च की गई कुल राशि में लाखों रुपये डूब गए।

इधर, बड़ी संख्या में योजना के तहत स्वीकृत डोभा बने ही नहीं, जबकि उनका पैसा निकाल लिया गया। यानी डोभा निर्माण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां भी हुई हैं। प्रखंड के कई पंचायतों में डोभा गायब भी हो गए। वहीं, बड़ी संख्या में ऐसी जगहों पर डोभा बना दिए गए, जहां बरसात का पानी जाता ही नहीं है। गलत जगह पर डोभा बनाने से भी योजना पूरी तरह फेल हो गई। किसानों को योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। बचे-खुचे डोभा किसानों के द्वारा उपयोग में लाया जा रहा है। जबकि, अधिकतर डोभा में मिट्टी भर कर समतल यानी क्यारी बन गया है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्रखंड के सभी 8 पंचायतों में पिछले 7 वर्षों में लगभग 700 से अधिक डोभा का निर्माण हुआ है। जिसमें कृषि विभाग व मनरेगा दोनों शामिल हैं। जरूरत के हिसाब से अलग-अलग साइज के डोभा का निर्माण कराया गया। इस पर 20 हजार रुपये से लेकर चार लाख रुपये तक राशि खर्च की गई है। स्थलीय निरीक्षण हो तो आधे से भी अधिक डोभा धरातल पर नहीं मिलेंगे।

## नल जल योजना का कार्य है अधूरा, पानी को तरस रहे लोग

**उंटारी रोड।** प्रखंड क्षेत्र के छह पंचायतों में नल जल योजना फेल साबित हो रही है। योजना का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से नहीं होने से ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। संवेदक की मनमानी के चलते लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। स्थिति यह है कि सभी ग्राम पंचायतों में योजना का कार्य आधा अधूरा किया गया है। कहीं आधा अधूरा पाइप बिछाकर छोड़ दिया गया है तो कहीं टंकी के निर्माण में भी भारी अनियमितता बरती गई है। जिससे इलाके के लोगों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। भीषण गर्मी की वजह से कुआं व चापानल का जल स्तर नीचे चल गया है। लोगों का कहना है कि संवेदक द्वारा बेहतर व गुणवतापूर्ण कार्य नहीं किया जा रहा है, केवल घटिया सामग्री लगाकर खानापूर्ति की जा रही है। कई जगहों पर बोर में पानी नहीं होने के बावजूद भी वहां पर टंकी लगा दिया गया है। लोगों की शिकायत है कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे नल जल योजना के नाम पर लूट मचा हुआ है।

### मानसिक रूप से विक्षिप्त की मौत

**छतरपुर।** थाना क्षेत्र के खेन्धरा पुल के समीप छतरपुर के बारा निवासी सुरेश राम उम्र लगभग 45 वर्ष का शव देखा गया। वहीं सूचना मिलते ही छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन घनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जा में लेकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार उन्होंने बताया कि मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था। वे बिना किसी को जानकारी दिए साइकल से बीते मंलवार को जपला के झलगड़ा जा रहा था। लौटने के क्रम में असन्तुलित हो घर गड्ढा में गिर गया। जिससे घनास्थल पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा जा रहा है। सभी बिन्दुओं पर जांच भी की जा रही है।

## पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया

**हरिहरगंज।** पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार ने शुक्रवार को खड़गपुर स्थित बटाने नदी घाट से बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। हालांकि ट्रैक्टर चालक पुलिस को देखकर फरार हो गया। वहीं पुलिस ने बालू लदे वाहन को पथरा ओपी लाई है। इस संबंध में ओपी प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि उक्त ट्रैक्टर जहाना गांव का है। ट्रैक्टर के मालिक व चालक का पता लगाया जा रहा है। जब्त बालू व ट्रैक्टर पर करवाई हेतू आवेदन जिला खनन पदाधिकारी को भेजा गया है।



परेशानी

### स्थानीय प्रशासन दिखाए सजगता नहीं तो कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

# सड़क किनारे साप्ताहिक बाजार का लगना बन रहा दुर्घटना का कारण

### स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर लेना होगा निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार।** एनएच 98 मुख्य पथ स्थित नावाबाजार सड़क के किनारे प्रत्येक बुधवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार दुर्घटना का कारण बनता रहा है। सड़क किनारे फूटपाथ का हिस्सा जो पैदल चलने वाले लोगों के लिए होता है। जिसपर दुकान सजा लिए जाते हैं। समय रहते प्रशासन के द्वारा संजीदगी नहीं दिखाई गई तो और भी ऐसी कई दुर्घटनाएं हो सकती है। इसके लिए स्थानीय लोगों के साथ बैठकर निर्णय लेना होगा। नहीं तो किसी बड़ी हादसे की परबल संभावना बनी रहेगी।

सड़क पर मोटरसाइकिल खड़ा कर लोग अपनी जरुरत का सामान बाजार से खरीदते हैं। बुधवार बाजार के दिन सड़क पर लावारिस की भांति गाड़ियां खड़ी कर बाजार में घंटों बने रहते हैं। जिसके कारण जाम की स्थिति बन जाती है। आवागमन में बड़े वाहनों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में प्रायः दुर्घटना होती रहती है। साथ हीं प्रायः दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मोटरसाइकिल खड़ा करने का जगह सड़क यानी मुख्य पथ का हिस्सा बन जाता है। लोग सड़क पर गाड़ी खड़ी कर चाय की चुस्की व समौसे का स्वाद लेते हैं। एनएच 98 के पड़वा मोड़ से तुकबेरा, बाना, कंडा, नावा आदि तक सड़कों के दोनों ओर वाहन ही वाहन खड़े नजर आते हैं। सड़क किनारे बेतरतीब खड़ी गाड़ियां दुर्घटना का कारण बनते रहे हैं। आए दिन हादसे हो रहे हैं, जिनमें लोगों की जान भी बड़ी संख्या में जा रही है। पीछे से आने वाले तेज रफ्तार वाहन खड़े वाहन में टकरा जा रहे हैं। ऐसी कई घटनाएं हो चुकीं, लेकिन ऐसे लापरवाह लोगों पर लगाम नहीं लगाया जा रहा। दुर्घटनाएं अक्सर सड़क किनारे अवस्थित होटलों व लाइन होटलों के आसपास होती हैं। बाजार के लिए नावाबाजार डाक-बंगला का मैदान पर्याप्त है। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा। प्रशासन के द्वारा संजीवनी नहीं दिखाई गई तो किसी दिन बड़ी घटना हो सकती है।



फाइल फोटो

### प्रशासन ने बालू माफियाओं के खिलाफ की छापेमारी

# डंप बालू को वापस नदी में डाला

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र में बालू माफियाओं के विरुद्ध प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है, जिससे बालू माफियों में हड़कंप मचा हुआ है। मालूम हो कि हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा के निर्देश पर हुसैनाबाद अंचल अधिकारी पंकज कुमार ने बालू माफियाओं के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है, अंचल अधिकारी ने गुरुवार के संध्या के समय हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बड़ेपुर गांव के समीप सोन नदी के किनारे बालू माफियाओं द्वारा करीब तीन सौ ट्रैक्टर ट्राली बालू का अवैध भंडारण किया गया था। जिसे अंचल अधिकारी ने अपने टीम के साथ जाकर जेसीबी मशीन से जमा किये गए बालू को सोन नदी में जेसीबी मशीन से फेंक दिया। जिसके बाद बालू माफिया में हड़कंप है। बालू माफिया सोन नदी के तट पर बालू भंडारण कर बरसात के मौसम में उसे उच्चे दामों में बेच कर मोटी रकम कमाने के फिराक में थे, जिस पर अंचल अधिकारी पंकज कुमार ने पानी फेर दिया, सोन नदी के समीप जहा से ट्रैक्टर के आने जाने की रास्ते थे वहां वहां पर जेसीबी मशीन द्वारा 6 से 8 फीट गहरा खड्डे बनाये गए है। जिससे बालू लेने आये ट्रैक्टर नहीं आ जा सके, वही अंचल अधिकारी ने बताया कि एसडीओ के निर्देश पर लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। बीते मंगलवार को हुसैनाबाद देवरी खुर्द सोनपुरवा सोन नदी घाट पर छापेमारी किया। जहां पर एक भी ट्रैक्टर नहीं मिला, न ही भंडारण मिला, दूसरी जगह हुसैनाबाद के बड़ेपुर में भंडारण की सूचना मिली जिसके बाद गुरुवार को जेसीबी मशीन से किये गए बालू के भंडारण को सोन नदी में ही जमीन के नीचे दबा दिया गया। ट्रैक्टर के आने जाने के रास्तो पर खड्डे बनाये गए है, वहीं बालू घाट पर किसी तरह की अगर कोई गतिविधि होती है, तो उसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इसकी जिमेवारी सौपी गयी है। उन्हें कहा गया है कि कोई भी ट्रैक्टर आये या खड्डे को भरने का प्रयास करें ,तो तुरंत सूचना दे, आगे सीओ ने कहा कि अवैध बालू उठाव,भंडारण के खिलाफ आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। इस मौके पर हुसैनाबाद अंचल के सीआई औसाफ अहमद खान, राजस्व कर्मचारी संतोष कुमार आदि मौजूद थे।






## एक नजर

### उपायुक्त के निर्देश पर अवैध परिवहन के खिलाफ चलाया गया अभियान

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निदेर्शानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार के द्वारा अवैध परिवहन को लेकर गुरुवार देर रात वाहनों का सघन जांच अभियान चलाया गया, अभियान के दौरान कुल 4 वाहनों को जब्त किया गया जिसे पड़वा थाना एवं टीओपी - 2 थाना परिसर में जब्त कर रखा गया।इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह अभियान व्यवसायिक वाहन के खिलाफ निरंतर जारी रहेगा।उन्होंने सभी वाहन संचालकों से सभी आवश्यक कागजात के साथ ही वाहनों के मूवमेंट पर बल दिया।इस अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी के अलावा कार्यालय कर्मी मौजुद रहे।

मतगणना को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा

# लोक सभा चुनाव 2024... मतगणना को लेकर 124 टेबल बनाए गए

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने पलामू संसदीय क्षेत्र की मतगणना को लेकर शुक्रवार को बैठक की। उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित इस बैठक में निर्दलीय प्रत्याशी गणेश रवि व विभिन्न राजनीतिक दलों के निर्वाचन अभिकर्ता शामिल रहें। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने सभी को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतगणना की गाइडलाइन के विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतों की गिनती विधानसभा वार होगी। पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कुल 6 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना हेतु कुल 124 टेबल बनाये गये हैं।वहीं पोस्टल बैलट के माध्यम से प्राप्त मतों की गणना हेतु 28 टेबल बनाये गये हैं।उन्होंने कहा कि प्रातः8 बजे से काउंटिंग प्रक्रिया की शुरूआत होगी जिसमें सबसे पहले पोस्टल बैलेट के माध्यम से प्राप्त मतों की गणना की जाएगी इसके पश्चात कंट्रोल यूनिट से प्राप्त मतों की गिनती की जायेगी। मतगणना स्थल पर गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में कर्मियों व एजेंट के आने-जाने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेंगे। बैठक में अपर समाहर्ता व उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित रहे।



**मतगणना स्थल पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित**

### मतगणना स्थल पर अनावश्यक भीड़ से बचें :उपायुक्त

बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है ऐसे में आमजन मतगणना स्थल पर आवश्यक भीड़ से बचें।उन्होंने निर्वाचन अभिकर्ता से अपने साथ गर्मी से बचाव हेतु गिला तौलिया रखने पर बल दिया।उन्होंने सभी से प्रयाप्त मात्रा में अपने साथ पेय पदार्थ रखने की भी बात कही।

# मनरेगा योजना में फजीर्वाड़ा, बैगर काम कराए 4.35 लाख का भुगतान का आरोप

## आधा दर्जन सड़क निर्माण में पकड़ी गई धांधली, ग्रामीणों ने डीसी से किया जांच की मांग



**संजीव कुमार प्रजापति**

**सगालीम।** पलामू जिले के नीलांबर- पीतांबरपुर (लेस्लीगंज) प्रखंड क्षेत्र के जामुनडीह पंचायत अंतर्गत अमवा खुर्द गांव में बगैर काम कराए मनरेगा योजना में लाखों रुपए की फर्जी निकासी किए जाने का मामला प्रकाश आया है। बगैर सड़क निर्माण कराए ही 4 लाख 35 हजार दो सौ रुपए की फर्जी निकासी किया गया है। इस मामले को लेकर गांव के ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त शशि रंजन, डीडीसी और मनरेगा लोकपाल से शिकायत कर मामले की जांच कर दोषी लोगों पर कार्रवाई करने की मांग किया है। यह मामला सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई सूचना के बाद उजागर हुआ है। जानकारी के अनुसार अमवा खुर्द गांव निवासी संतू भुइयां सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना मांगा था। प्रखंड कार्यालय द्वारा सूचना मिलने के बाद यह मामला उजागर हुआ। संतु भुइयां ने बताया कि उनके द्वारा मांगे गए सूचना के बाद पता चला कि मनरेगा योजना के तहत सड़क निर्माण में फजीवाड़ा किया गया है। बगैर सड़क निर्माण कराए ही बड़े पैमाने पर सरकारी राशि की निकासी किया गया है। संतु भुइयां ने बताया कि प्रखंड कार्यालय द्वारा उन्हें जो सूचना मिला है उसमें अमवा खुर्द गांव में गुलाबी साव के घर से नदी तक मनरेगा योजना के तहत मिट्टी मोरम पथ निर्माण होने की बात कहीं गई है, साथ ही मिट्टी मोरम पथ निर्माण में 1 लाख 4 हजार 737 रुपए का भुगतान भी किया गया है। सड़क निर्माण का मेठ अनिता देवी हैं। उन्होंने बताया कि जिस सड़क निर्माण का भुगतान किया गया है, उसमें कभी काम नहीं हुआ है। फर्जी तरीके से राशि की निकासी किया गया है। गांव के संतू भुईयां के आलवे कालो राम, सुरेंद्र भुईयां, मरछू भुईयां, बाबुलाल भुईयां, खेलावन राम, मिना देवी, श्रीकांत राम, आशीष कुमार , बनवारी भुईयां, हरिहर भुईयां, दिपक भुईयां, समुद्री देवी, मंजू राम, राजेंद्र राम, चितरंजन कुमार राम, मुकेश कुमार, अजय कुमार, राम किशुन भुइयां, मंजू देवी आदि ग्रामीणों ने बताया कि गुलाबी साव के घर से नदी तक मिट्टी मोरम पथ निर्माण में फजीवाड़ा किया गया है। यह सड़क पहले से ग्रेड वन बना हुआ है। वर्ष 2020-2021 में इस सड़क में काम नहीं हुआ है। फर्जी तरीके से मास्टर रोल बनाकर पैसा की निकासी किया गया है।

### किस सड़क में कितना हुआ भुगतान

गुलाबी साव के घर से नदी तक मिट्टी मोरम पथ निर्माण में 1 लाख 4 हजार 7 सौ 37 रुपए का भुगतान किया गया है। इसी तरह आरयू रोड से सीता राम तक मिट्टी मोरम पथ निर्माण में 94 हजार 152 रुपए, भीम साव के घर से नदी तक 47 हजार 475 रुपए, बघौत बर पीसीसी पथ से पईन तक 23 हजार 280 रुपए और विरेंद्र राम के घर से नदी तक मिट्टी मोरम पथ निर्माण में 1 लाख तीन हजार 402 रुपए मनरेगा मजदूरी और 62 हजार 154 रुपए मेटेरियल भुगतान हुआ है।

### इन मजदूरों के नाम पर किया गया फर्जीवाड़ा

प्रखंड क्षेत्र के जामुनडीह पंचायत अंतर्गत अमवा खुर्द गांव के फूला देवी, ललन भुइयां, बिमला देवी, देवांति देवी, सोनिया देवी, अनिता देवी, उदय भुइयां, सुधीर कुमार, सकेंद्र कुमार, लखन भुइयां, अजय भुइयां, संता देवी, संजय भुइयां, राजमति कुंवर, कमलेश भुइयां, विरेंद्र भुइयां, सुनीता देवी, रोहित कुमार, अमलेश भुइयां, मनफुली देवी, अनुज भुइयां, प्रतिमा देवी, अजीत भुइयां, सांपति देवी, जयराम भुइयां, सीता राम, गायत्री देवी, दिलीप कुमार, बिरजू भुइयां, सविता देवी, अजय भुइयां, कांति देवी, रजिया देवी आदि मजदूरों के नाम पर फर्जी भुगतान किया गया है। इसमें अधिकांश मजदूर हमेशा बाहर रहते हैं। कुछ मजदूरों से मुलाकात हुआ तो उन लोगों ने बताया कि मिट्टी मोरम पथ निर्माण में काम नहीं किया है। खाते से पैसा डरा धमकाकर निकलवा लिया गया है। मजदूरों ने बताया कि वे कभी मनरेगा योजना में काम नहीं किया है। आवास दिलवाने के नाम पर आधार कार्ड आदि कागजात मांगकर उनके नाम पर जॉब कार्ड बनाकर फर्जी भुगतान कराया गया है।

### थोड़ा मिस्टेक हुआ है, जिसे ठीक कर लिया जायेगा : रोजगार सेवक

इस संबंध में पिताबरपुर (लेस्लीगंज) प्रखंड क्षेत्र के जामुनडीह पंचायत के तत्कालीन रोजगार सेवक रेणु कुमारी ने बताया कि थोड़ा मिस्टेक हुआ है। उसे ठीक कर दिया जाएगा। वहीं पंचायत सचिव विनय शर्मा ने बताया कि मनरेगा योजना में काम कराने की जिम्मा रोजगार सेवक, जेई, मेठ, मुखिया का होता है, उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

**सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई सूचना के बाद मामला हुआ उजागर**

## जख्मी बाज की स्थिति में सुधार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जख्मी बाज की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। यह बाज इस समय उड़ने की स्थिति में नहीं है। यह बाज इस समय मेदिनीनगर वन कार्यालय के छोटी सी बगीचा में है। इस बाज की पंख में जख्म था इसके इलाज पशु चिकित्सक डॉक्टर दीनबंधु गुप्ता ने किया था। सुदना इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक जनरल स्टोर के पास बुधवार की देर शाम को ये बाज उड़ता हुआ अचानक गिर गया था। प्रभारी वन प्रमंडल अधिकारी मेदिनीनगर कुमार आशीष ने कहा कि यह बाज स्वस्थ हो रहा है इसकी देखभाल बेहतर हो रही है।

## सेंट्रल जेल में बंद विचाराधीन कैदी की इलाज के दौरान मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में बंद विचाराधीन कैदी की इलाज के दौरान शुक्रवार को एमएमसीएच में मौत हो गई। मृतक विचाराधीन कैदी संजय शर्मा (44) पलामू जिले के हैदरनगर का रहने वाला था। संजय शर्मा 12 दिसंबर 2017 से सेंट्रल जेल में बंद था। गुरुवार की रात संजय शर्मा की तबीयत सेंट्रल जेल में खराब हो गई और उसे इलाज के लिए मेदिनीराय राय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान संजय शर्मा की मौत हो गई। पलामू सेंट्रल जेल के अधीक्षक भागीरथी करजी ने बताया कि संजय शर्मा मानसिक रूप से कमजोर था और उसका इलाज भी मानसिक अस्पताल में चल रहा था। उन्होंने बताया कि संजय शर्मा की तबीयत खराब होने के बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। संजय शर्मा के शव का मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल टीम गठित की गई। उन्होंने बताया कि सेंट्रल जेल प्रबंधन ने परिजनों को मौत की सूचना दी। परिजन हैदरनगर से मेदिनीनगर पहुंच गए हैं। संजय शर्मा दहेज हत्या के आरोप में 2017 से सेंट्रल जेल में बंद था।

## कार्यक्रम

### एमकेडीएवी स्कूल में चल रहे 10 दिवसीय एनसीसी शिविर का हुआ समापन

# कैडेट्स यहां से अनुशासित आचरण लेकर जाएंगे: डॉ. जी एन खान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल मेंचल रहे एनसीसी के 10 दिवसीय शिविर का समापन हो गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल के प्राचार्य डॉ. जीएन खान थे।

## कम्युनिकेशन डेवलपमेंट पर हुई चर्चा

### कैडेट्स को सम्मानित किया गया

कार्यक्रम में शिविर के दौरान विशेष प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया गया तथा ए, बी एवं सी सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। जिसमें एमके डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्र हर्ष तिवारी, आलिया अफरोज, अंकित राज, शिवम तिवारी एवं प्रीतम कुमार प्रमुख थे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम नागपुरी नृत्य, एकल नृत्य, देशभक्ति गीत, कविता पाठ प्रस्तुत किया गया। कुछ कैडेट्स ने मार्शल आर्ट्स का भी प्रदर्शन किया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर जी एन खान ने कहा कि कैडेट्स यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर अनुशासित आचरण एवं देश भक्ति से ओत-प्रोत विचार लेकर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जाएंगे और भारत को सर्वोच्च शिखर पर पहुंचाने में अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग करेंगे। इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका सूबेदार मेजर मन्ना उरांव, दिलीप कुमार साहनी , तरुणी सेन नायक, विमलेश सिंह, नायब सूबेदार बिरसा उरांव, हवलदार लाल पूर्ति, पवन कुमार, एक हेंब्रम, स्वर्णजीत सिंह, रमेश कुमार, विजय धनवार, अमरनाथ मुंडा, राजू मुंडा, ज्योति मुंडा, ज्योति मोहन, जेबियल कुजूर इत्यादि ने निभाई।


**कैडेट्स यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर अनुशासित आचरण एवं देश भक्ति से ओत-प्रोत विचार लेकर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जाएंगे और भारत को सर्वोच्च शिखर पर पहुंचाने में अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग करेंगे : डॉक्टर जी एन खान**




समापन समारोह से पूर्व व्यक्तित्व विकास पर एक अभिक्रियात्मक सत्र चला। जिसमें विषय के अनेक आयामों पर चर्चा हुई। अन्य कार्यक्रमों में कम्युनिकेशन डेवलपमेंट, जेंडर सेंसिटिविटी जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए गए। मुख्य वक्ता के रूप में एनसीसी 44वीं बटालियन पलामू के कमांडिंग आफिसर कर्नल अमिताभ मुखर्जी एवं मनोचिकित्सक डॉक्टर जूही ने प्रदत विषयों पर प्रकाश डाला।

## न्यूज बॉक्स

### नीरव ने कम समय में बड़ी मोजेक बनाने का रिकॉर्ड बनाया



**मेदिनीनगर।** पलामू निवासी रविकांत सिंह के पुत्र नीरव सिंह ने रुबिक स्कूल वडोदरा में कुशाग्र पंड्या के मार्गदर्शन में शाहरुख खान की सबसे बड़ी मोजेक कम समय में बनाने का रिकॉर्ड बनाया है। जिसके लिए नीरव का नाम इंडिया बुक ऑफ रेकॉर्ड्स में लिखा गया है। नीरव बिल्लाबोंग हाई इंटरनेशनल स्कूल वडोदरा में क्लास सात के छात्र हैं। इनके पिता रविकांत सिंह ओएनजीसी (मुम्बई) में कार्यरत हैं। उन्होनें कहा कि छोटे उम्र से ही रूबिक क्यूब में इसकी रुचि रही है। पढ़ाई के बाद वह इससे ज्यादा खेलता है। आज अपने पुत्र की सफलता पर गर्व है। माता रजनी कुमारी ने अपार हर्ष व्यक्त किया है और आगे भी प्रतिस्पर्धा में बढ़कर खेलने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। घर में इस खुशी के अवसर में सभी ने शुभकामना दिया है।

### पलामू टाइगर रिजर्व के कुटकू रेंज में खुलेगा बीज संरक्षण केंद्र



**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के कूटकू रेंज में बीच संरक्षण केंद्र जून के पहले सप्ताह में खुल जाएगा। यह जानकारी उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने दी है। जैना ने बताया कि इस समय बीज के संरक्षण करना बहुत जरूरी है। पलामू टाइगर रिजर्व में एक समय था जब काला शीशम के वृक्ष हुआ करता था। आज कल शीशम गायब है। ठीक इसी तरह खैर के वृक्ष गायब होने के कदार पर है। साल और सलाई वृक्ष की भी हालत एक समान ही है। श्री जैना मैं कहा कि ग्रामीण लोगों को बीज बचाकर रखना और बीज को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस है। इस बार विश्व पर्यावरण दिवस के मुख्य बिंदु है हमारी जमीन हमारा भविष्य। जैना ने कहां पलामू टाइगर रिजर्व इस 5 जून को साफ सफाई के दिन मान कर पलामू किला, केचकी के दो नदियों के मिलन स्थल को स्वच्छ रखेंगे। पलामू टाइगर रिजर्व के निदेशक ने आगे कहा कि आज जरूरत है सरवत पहाड़ को फिर से इसके पुराने गौरव पर लाने के।

### जनता शिवरात्रि कॉलेज के छात्रों ने प्राचार्य का किया घेराव



**मेदिनीनगर।** पानी और बिजली ना होने के कारण छात्र छात्रों ने आक्रोशित होकर नई बिल्डिंग के मुख्य द्वार पर प्राचार्य का घेराव किया। छात्रों का कहना है कि भीषण गर्मी मे भी आंतरिक परीक्षा के दौरान कोई विधि- व्यवस्था नहीं है। जनता शिवरात्रि महाविद्यालय अपनी विधि -व्यवस्था में बिलकुल भी सुधार नहीं कर रहा है। जिससे छात्रों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। इंटरनल परीक्षा में जो स्थिति पिछले दिन बनी थी, वही आज भी देखा गया जबकि महाविद्यालय प्रसाशन द्वारा आश्वासन दिया गया था कि अगले दिन से गलतियों में सुधार होगा। आज जब परीक्षा देने छात्र-छात्राएं पहुंचे तो पानी और बिजली ना होने के कारण छात्र परेशान हैं। जिससे आक्रोशित होकर प्रिंसिपल का घेराव किया। कुछ छात्र छात्रों के देर से आने के वजह से शिक्षकों द्वारा उनका परीक्षा लेने से इंकार कर दिया था । छात्रों ने आजसू छात्र नेता अभिषेक राज के साथ मिल कर कॉलेज में जमकर हंगामा किया। जिसके बाद महाविद्यालय प्रसाशन द्वारा छात्र - छात्राओं की अधिक संख्या को देखते हुए पुलिस प्रसाशन को बुला लिया गया। बाद में प्राचार्य ने सभी से वार्ता की और अपनी गलतियों को स्वीकारा और कहा कि सभी छूटे हुए बच्चो को पुनः मौका दिया जायेगा। अभिषेक राज ने कई विषय प्राचार्य के समक्ष रखा और कहा की महाविद्यालय में छात्रों की सुविधा का ख्याल रखा जाए क्योकि गर्मी बहुत अधिक है। ऐसे में छात्र किस तरह आ जा रहे ये बड़ी बात है। अभिषेक राज का कहना है कि महाविद्यालय के कुछ स्थाई शिक्षक और शिक्षिका के आचरण में अगर सुधार हो जाए तोह महाविद्यालय में इस तरह के माहौल नहीं बनेगा। शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को समझे और छात्रों से जुड़ने की कोशिश करे ताकि महाविद्यालय में शैक्षणिक माहौल बने। विश्वविद्यालय प्रभारी हिमांशु रंजन ने कहा कि सभी अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे है। महाविद्यालय अपनी गलतियों से नहीं सिख रहा है अगर ऐसा ही चला तो हम महाविद्यालय में ताला बंदी करेंगे। मौके पर प्रकश, अशोक, राजीव, प्रवीण, रीता, प्रियंका आदि दर्जनों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## एक नजर

### पानी की तलाश में गांव पहुंचा बारहसिंगा



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर शुक्रवार की सुबह टाउनशिप के आवासीय परिसर में एक बारहसिंगा पानी के तलाश में जंगल से भटक कर पहुंच गया जहां लोगों की भिड़ उसे देखने के लिए उमड़ पड़ी भागने के क्रम में उक्त जानवर घायल भी हो गया था । इसके बाद लोगों के द्वारा वन विभाग को सूचना मिलने पर वन कर्मी रेस्क्यू कर उक्त जानवर को कैलान जंगल से पकड़ कर लाया जा रहा था । परंतु भवनाथपुर वन परिसर में पहुंचने से पूर्व उसकी मृत्यु हो गई ।इसके बाद वनक्रामियो के द्वारा पशु चिकित्सक के द्वारा पोस्टमार्टम के बाद उसके शव को वन परिसर में ही दफना दिया गया ।

### मोटरसाइकिल व ट्रक की टक्कर, तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**गढ़वा।** गढ़वा कांडी भवनाथपुर मार्ग पर हरिहरपुर के पास शुक्रवार को मोटरसाइकिल व ट्रक के टक्कर में मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में कांडी थाना क्षेत्र के चौबे मझिगामा गांव के असना खाड़ टोला निवासी कुमार राम कवल दाग गांव निवासी सुदेश्वर विश्वकर्मा का पुत्र अमित कुमार विश्वकर्मा एवं उमेश्वर विश्वकर्मा का पुत्र विजय कुमार विश्वकर्मा के नाम शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद अमित कुमार विश्वकर्मा को गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक नें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि जोगेंद्र कुमार राम तथा अमित कुमार विश्वकर्मा को बाहर नौकरी करने जाना था। उसी दोनों को पहुंचाने के लिए विजय कुमार विश्वकर्मा अपने घर से उन दोनों के साथ कांडी बस पकड़ने जा रहा था।

### अनुमंडल न्यायालय के वरिष्ठ ताइद राजेंद्र चौबे का निधन

**श्री बंशीधर नगर।** बंशीधर नगर के अहिरपुरवा गांव निवासी स्टांप भेंडर सह अनुमंडल न्यायालय के वरिष्ठ ताईद राजेंद्र चौबे उम्र 60 बर्ष का निधन गुरुवार की देर रात हृदय गति रुक जाने के कारण हो गई। शुक्रवार को उनका दाह संस्कार वाराणसी में किया गया। निधन की खबर फैलते ही शुक्रवार को अनुमंडल न्यायालय परिसर स्थित नवीस ताईद संघ भवन में शोक सभा आयोजित किया गया। शोक सभा में शामिल ताईद संघ के सदस्यो ने दो मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। शोक सभा में ताईद संघ के अध्यक्ष रबिंद्र चौबे, गणेश प्रताप देव, धनवंत पाल, अजय पांडेय, प्रफुल ठाकुर, अशोक राम, आनंद पांडेय, अनिल पाल, उपेंद्र सिंह सहित ताईद संघ के सदस्य उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**गढ़वा।** गढ़वा रंका मेदनीनगर मार्ग पर शुक्रवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक रंग का थाना क्षेत्र के खपड़ों गांव निवासी अहमद अली अंसारी का पुत्र शकील अख्तर 40 वर्ष बताया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि मृतक शकील अख्तर अपने घर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर मेदनी नगर किसी काम से गए हुए थे । वापस लौट के दौरान चैनपुर थाना क्षेत्र के केलाहर के पास डाल्टेनगंज से चिनिया चलने वाली सिंह नामक बस से उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई। घटना के बाद आधा घंटा तक शकील अख्तर घायल अवस्था में घटनास्थल पर पड़ा रहा।

# केंदू पत्ता खलिहान में धड़ल्ले से हुई बालमजदूरी

**नवीन मेल संवाददासता। रमना**

मौसमी वनोपज केंदू पत्ता, मौसमी वनोपज का एक मुख्य व्यवसायिक पता है, जिससे झारखंड स्टेट फारेस्ट डेवलपमेन्ट कॉपरेशन लिमिटेड को राजस्व प्राप्ति होती हैं। जेएसएफडीसीएल गढ़वा का पत्रांक -422 तिथि 20 मई के आलोक में प्रमंडलीय प्रबंधक लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमंडल गढ़वा द्वारा वर्ष 2024 के विक्रीत केंदु पता लॉट उतरी वन प्रमंडल प्रक्षेप गढ़वा -1, लॉट - गढ़वा (पी)ए /2024 के इकाई संख्या -180 कुशडंड में खलिहान/फांड़ी छपरदगा में खोलने का आदेश 20मई को निर्गत किया गया हैं लेकिन इस खलिहान में केंदु पता का क्रय(खरीदी)ग्रामीण केंदु पता मजदूरों से खलिहान खोलने के आदेश निर्गत की तिथि से तीन दिन पूर्व से ही केंदु पता (ठीकदार )व्यवसायी के द्वारा खीरीदी का काम शुरू कर दिया गया था, जो सरासर निविदा नियम का उलंघन हैं। आखिर आदेश निर्गत होने की तिथि से पूर्व ही केंदु पता का खरीद-फरोक्त कैसे शुरू हो गया? केंदु पता मजदूरों नें बताया की हमलोग 17/18तारीख से ही केंदु पता का विक्री इस फॉडी में कर रहे हैं, इतना ही नही बालमजदूरी अधिनियम का उलंघन करते हुए बालमजदूरों को भी केंदु पता मजदूरी में लगाया गया और उनसे मानक दर से कम डर पर केंदु पता का खरीदी किया गया।

उक्त सभी बालजदूरों की उम्र करीब 10-12 वर्ष का था, सुबह चार बजे से लगती थी और शाम के छः बजे केंदु पता पोला बेच कर सुनसान और जंगली रास्ते से होकर रात्री में घर जाने को विवश थी। इस खलिहान अनुमति मिलने से पूर्व ही खलिहान प्रभारी के रूप मे मनोज यादव को छह माई को ही पहचान पत्र निर्गत कर दिया गया और आदेश निर्गत होने के पूर्व ही केंदु पता का खरीदी किया जाने लगा। जिलाध्यक्षा शांति देवी इस खलिहान की जाँच करने गयी, तो खलिहान प्रभारी के द्वारा कोई भी खलिहान खोलने का कागजात नहीं दिया गया, इसकी सुचना पर थान प्रभारी असफाक आलम, वनपाल प्रथम नीरज कुमार, वनरक्षी सचिन सिंह और प्रवीण शुक्ला उक्त स्थल पहुँचे जहां काफी जादोजहज के बाद रात्री करीब आठ बजे वनपाल द्वारा जिलाध्यक्षा महोदय को बताया गया की इस लॉट का आदेश निगम द्वारा दिया गया और यह वैध है।






> **केंदु पत्ता काम में कोई बच्चों को बुलाता नहीं है, ये लोग अपने मन से आते हैं या अपने माता-पिता के साथ आते हैं, आपलोग खेलते हुए बच्चों का भी फोटो खींच लेते हैं, गत दिनों ही हमने इसकी जांच की है ऐसा कोई मामला नहीं है।**
>
> ***श्रम अधीक्षक एतवारी महतो***

# विक्षिप्त युवक ने भगवान सूर्य की मूर्ति खंडित की

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार थाना क्षेत्र के बत्तो कला गांव स्थित सूर्य मंदिर में स्थापित भगवान सूर्य की मूर्ति को शुक्रवार को एक विक्षिप्त युवक ने खंडित कर दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह मंदिर के पुजारी मनि भुषण पाठक पुजा कर मंदिर का बाहर का दरवाजा बंद कर घर चले गये इसी बीच योगियावीर गांव का मानसिक विक्षिप्त युवक सकेन्दर कुमार गुप्ता मंदिर के पिछले खिड़की से मंदिर में प्रवेश कर गया। विक्षिप्त युवक ने मूर्ती का दो हाथ और मुकुट को खंडित कर दिया। घटना की जानकारी के बाद मंदिर अध्यक्ष अखिलेश सिंह, अनन्य सिंह, मुकेश गुप्ता संतोष बैठा, नवीन गुप्ता पुजारी मनि भुषण पाठक पहुंचे और विक्षिप्त युवक को कब्जे में लेकर इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी के बाद थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णवाल सूर्य मंदिर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। युवक को मानसिक विक्षिप्त होने के कारण उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पुलिस की उपस्थिति में ग्रामीणों ने विक्षिप्त युवक को उसके पिता को सौंप दिया और भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा नहीं करने की हिदायत दी। उल्लेखनीय है की उक्त सूर्य मंदिर का निर्माण 2006 मे भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही के पिता पूर्व स्वास्थ्य मंत्री लाल हेमेंद्र प्रताप शाही ने कराया था। उक्त मंदिर में 3 फीट का भगवान सूर्य का प्रतिमा स्थापित है जबकि मंदिर की गुबंद 51 फीट का है। यहां कार्तिक छठ में काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।





### भंडरिया में तंबाकू का सेवन नहीं करने की दिलाई गई शपथ

**भंडरिया।** गढ़वा भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा ग्रामीणों को तंबाकू निषेध से संबंधित किसी प्रकार की तंबाकू उत्पाद एवं इसका सेवन नहीं करने का शपथ दिलाई गई। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर विजय किशोर रजक ने तंबाकू से होने वाले रोग जैसे फेफड़े एवं मुंह का कैंसर हड्डी सांस की बीमारी और महिलाओं को कई प्रकार के समस्या का सामना करना पड़ता है।

## शोभा देवी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, की मांग




**भवनाथपुर।** प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सर्वजन पेंशन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि और सूखा राहत का बकाया राशि भुगतान कराने की मांग की है। प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने पत्र लिखा है कि राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, विधवा-विकलांग पेंशन को तत्काल भुगतान कराया जाए। भवनाथपुर प्रखंड के सभी पंचायत में पीएम आवास के वंचित गृह विहिन विधवा, विकलांग परिवार को अबूवा आवास का लाभ दिलाया जाए। भवनाथपुर में महिला थाना निर्माण कराया जाए। ताकि इस क्षेत्र की महिला को किसी तरह की समस्या उत्पन्न होने पर इनको न्याय तत्काल मिल सके और सुरक्षित महसूस कर सकें। भुवनाथपुर प्रखंड के वनसानी, मकरी कैलान इन सभी पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर जल-नल योजना में भारी अनियमितता बरती जा रही है। क्षेत्र में संवेदक और जेई की मिली भगत से सभी जगह पर जलमीनार का कार्य बिल्कुल अधूरा रह गई है । इस योजना का लाभआम जनता तक नहीं पहुंच पा रही है, भवनाथपुर थाना में आवेदन देने पर भी भवनाथपुर पुलिस कार्रवाई के नाम पर चुप्पी साध लेती है। जिससे प्रखंड के जनता असुरक्षित महसूस कर रही है,भवनाथपुर प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2021-22 से पीएम किसान सम्मन निधि और सूखा राहत का पैसा बकाया रह गई है। इसे तत्काल भुगतान करने की कृपा किया जाए,भवनाथपुर में नकली खाद बीज बेचने का धंधा तेजी से चल रही है। ऐसे दुकान की जांच कराई जाए और किसानों को सस्ती दर पर खाद बीज उपलब्ध कराया जाए, अंचल और प्रखंड में कंप्यूटर ऑपरेटर, आवास कोऑर्डिनेटर, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी, गोदाम मैनेजर, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी की रिक्त पद कई वर्षों से खाली है। जिससे प्रखंड और आंचल का कार्य तेजी से नहीं हो पा रहा है। इन सभी कर्मचारियों की तत्काल नियुक्ति की जाए, गढ़वा जिला भवनाथपुर उत्तरी वन क्षेत्र के बनसानी और कैलान के जंगल से बालू पत्थर माफिया द्वारा बेचा जा रहे है।

## अगलगी से घर में लाखों का सामान जलकर हुआ राख

**नीवन मेल संवाददाता। चिनिया**

चिनिया थाना क्षेत्र के तहले गांव के बखरबनी टोले में भीषण अग लगी में आदिम जनजाति के घर में आग लगने से लगभग 7 से 8 लाख की संपत्ति जलकर स्वाहा हो गया। मौके पर उपस्थित घर मालिक शिवलाल कोरवा ने बताया कि घटना लगभग 3:00 बजे रात की है अचानक घर में कैसे आग लगी हम लोग नहीं जान सके गर्मी के कारण हम सभी परिवार घर के बाहर सोए हुए थे तभी आग की लपट के गर्मी का एहसास हुआ तो जगे हम लोगो ने देखे कि घर में पूरा आग लग चुका था। हलागुला करने के बाद गांव के लोग आए लेकिन आग इतना जोरदार पकड़ लिया था कि आग को बुझाया नहीं जा सका जिसे पूरा घर जलकर राख हो गया। तथा घर में रखें सभी सामान जलकर नष्ट हो गए परिजन ने बताया कि घर में रखे नगद 80000 रुपए लगभग 4 कुंटल गेहूं 3 क्विंटल चावल तीन किवंटल जौ 40-50 किलो दाल तथा पांच कुंतल सरसों वही जमीन के कागजात पंप मशीन मोटर गैस चुल्हा सलेडर घर के रखे सामान तथा घर के सभी दरवाजा कपड़ा बिछावन सारा कुछ जलकर राख हो गया। घर में कुछ नहीं बचा बड़ी मुश्किल से घर के एक एक दो दरवाजे को कबाड़ कर बाहर किया गया घर में सभी चौकी टेबल खटिया यहां तक की बच्चों को पहनने के लिए एक भी कपड़ा नहीं बचा। वही जिसके शरीर में जो वस्त्र था। सिर्फ वही बचा घर में खाने के लिए एक दाने भी नहीं बचा सब जलकर राख हो गया।



## खराब पड़े हैंडपंप को समाज सेवी की मदद से कराया गया ठीक



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर खरौंधी मोड़ स्थित कई वर्षो से खराब पड़े मॉल के समीप हैंड पंप को समाजसेवी नित्या नंद पाठक के शिकायत पर पीऐचड़ी विभाग के द्वारा चालू करा दिया गया परंतु हैंड पम्प गढ़ा में होने के कारण लोगों को इससे पानी का लाभ नहीं मिल पाएगा जबतक हैंड पम्प को और ऊंचा नहीं किया जाता है । बताते चले की बीते दिनों गढ़वा डीडीसी पशु पति नाथ मिश्रा का भवनाथपुर में एक बैठक में आए थे जहां उनसे मिलकर समाजसेवी नित्या नंद पाठक ने आवेदन देकर जनहित में तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा था ।जिसके आलोक में डीडीसी ने भवनाथपुर वीडियो को दिए पत्र को अविलंब कार्य करने का निर्देश दिया था ।जिसमे वीडियो के द्वारा पीएचड़ी विभाग से खारोंधी मोड़ स्थित मॉल के समीप हैंड पंप को चालू कर दिया गया ।

## विश्व तंबाकू दिवस के मौके पर निकाली गई जागरूकता रैली

# 38% वयस्क करते हैं तंबाकू का सेवन : सुचित्रा कुमारी



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

विश्व तम्बाकू दिवस के मौके पर राष्टीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत अनुमंडल अस्पताल में शुक्रवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान के दौरान उपस्थित चिकित्सक, चिकित्साकर्मी और उपस्थित मरीजों को तंबाकू का सेवन नहीं करने को लेकर शपथ दिलाया गया। सभी लोगो को शपथ टीबी विभाग के एसटीएलएस अनिमेष राज ने दिलाया। इस मौके पर अस्पताल के उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी ने बताया कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। उन्होंने कहा की तंबाकू के सेवन से पूरे विश्व में प्रति वर्ष 54 लाख से अधिक मौत हो रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में 90 प्रतिशत लोग है जिन्हे तंबाकू सेवन से कैंसर जैसे बीमारी से ग्रसित है। उन्होंने कहा कि इस राज्य में भी 38:09 प्रतिशत वयस्क आबादी किसी न किसी रूप से तंबाकू का सेवन करते है।जो राष्टीय औसत 28:06 प्रतिशत से काफी अधिक है। उन्होंने शपथ के बाद उपस्थित लोगो से जिंदगी चुने तंबाकू नही की अपील करते हुए सभी लोगो से तंबाकू का सेवन नहीं करने की बात कही। मौके पर चिकित्सक डा निशा कुमारी, प्रधान सहायक राजेश कुमार सिन्हा, लेखा प्रबंधक करुणा कुमारी, एमपीडब्लू अशफाक अहमद, रवि कुमार सिन्हा, स्वास्थकर्मी सुषमा गुप्ता, लैब टेक्नीशियन श्री राम, रिजवान अहमद, रेशम कुमारी सहित स्वास्थ कर्मी उपस्थित थे।

## तंबाकू के सेवन से कैंसर समेत कई बीमारियां लोगों की ले रही जान : सिविल सर्जन

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शुक्रवार को सदर अस्पताल गढ़वा में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रुप में सिविल सर्जन डा.अशोक कुमार उपस्थित थे। सिविल सर्जन ने दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का उद्घाटन किया। मौके पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि तंबाकू एवं उसके उत्पाद के सेवन से कैंसर समेत कई बीमारियां लोगों की जान ले रही हैं। लोगों को तंबाकू उत्पादों से होनेवाले नुकसान को लेकर जागरूक करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों के समीप तंबाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने की सार्थकता तभी है, जब सरकार के दिए गए निर्देश पर कोटपा कानून को लागू करें तथा लोगों को जागरूक करें। संगोष्ठी में पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने तंबाकू समेत सभी नशीले पदार्थों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है। इसमें 18 वर्ष के कम उम्र के बच्चों में नशीले पदार्थों के उपयोग एवं ड्रग्स की बिक्री में शामिल होने जैसे मामले में लोगों को लगातार सचेत कर रहा है। संगोष्ठी में उपाधीक्षक डा.हरेनचंद्र महतो ने भी विचार व्यक्त किए। मौके पर जिला भीबीडी कंसल्टेंट अरविंद कुमार द्विवेदी, डा.भरत भूषण, फिजियो अभिषेक कुमार सिंह, पीएलवी उमाशंकर द्विवेदी, संगीता सिन्हा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर निकली रैली, लोगों को किया जागरूक

**गढ़वा ।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता रैली निकाली। इसकी शुरूआत सदर अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन कार्यालय से हुई। मौके पर सिविल सर्जन डा.अशोक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली में प्रशिक्षु एएनएम एवं जीएनएम शामिल हुए। रैली सदर अस्पताल से निकल कर शहर के चिनियां मोड़ होते हुए रंका मोड़ तक गई। इसमें शामिल प्रशिक्षु एएनएम, जीएनएम ने लोगों को तंबाकू एवं उसके उत्पादों के प्रति जागरूक करने के लिए नारे लगाते हुए चल रहे थे। शहर के रंका मोड़ से रैली में शामिल लोग मुख्य मार्ग से ही पुनः सदर अस्पताल परिसर पहुंचे और रैली का समापन हुआ। मौके पर सदर अस्पताल के फिजियो अभिषेक सिंह, सहायक विमलेश कुमार, राजेंद्र राम, राजकुमार वर्मा समेत कई स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### प्रखंड कार्यालय सभागार में संपन्न हुई समीक्षा बैठक

**मझिआंव।** प्रखंड कार्यालय सभागार में उप विकास आयुक्त के निर्देश पर एक बैठक आयोजित की गई जिसमें उप विकास आयुक्त, गढ़वा के द्वारा अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई संवर्धन कूप योजना से संबंधित समीक्षा की गई। समीक्षा में मुख्यतः आबुआ आवास में मजदूरी भुगतान ससमय करना , निर्माण कार्य में तेजी लाने, दूसरा किस्त की भुगतान से पूर्व लाभुकों के जाति प्रमाण पत्र( सामान्य वर्गो को छोड़कर) दिनांक 04.06.2024 तक सृजित कर अपलोड करते हुए भुगतान हेतु अग्रसारित करना जैसे निर्देशित किया गया तो वही मनरेगा द्वारा संचालित बिरसा सिंचाई संवर्धन कूप की योजना को वर्षा ऋतु से पूर्व पूर्ण करने का निदेश सभी पंचायत सचिव, मुखिया, ग्राम रोजगार सेवकों को दिया गया।

### गर्भवती महिला की करंट लगने से हुई मौत

**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के कधवन गांव में शुक्रवार की सुबह बिजली करंट के चपेट में आने से गर्भवती महिला की मौत हो गई। मृतिका गढ़वा थाना क्षेत्र के ओबरा गांव निवासी अजहर अंसारी की 28 वर्षीय पत्नी रबीना खातून बताया जाता है। घटना के बारे में बताया जाता है कि मृतिका अपने मायके थाना क्षेत्र के कधवन गांव गुरूवार को अपने पति और बच्चे के साथ आई थी। शुक्रवार की सुबह अपने मायके में थी उसी दौरान कमरे में लगे स्टैंड पंखा में अचानक करंट आ गया। बिजली करंट सबसे पहले मृतिका के पिता साबिर अली को लगा। जिसके झटके से मृतिका के पिता कमरे में ही दूर फेका गए।इसके बाद पंखा गिर गया जिससे बैठी रबीना को करंट लग गया। स्थिति बिगड़ने पर परिजनों ने इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया जहा चिकित्सक ने रबीना बीबी को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों के चित्कार से पूरा अस्पताल परिसर गमगीन हो गया।

### दुर्घटना में पांच लोग हुए घायल

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल मुख्यालय में सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। परिवहन नियम के पालन नहीं करने पर आए दिन सड़क दुर्घटना हो रहा है। गुरुवार की देर शाम अलग अलग सड़क मार्ग पर हुए दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज अनुमंडल अस्पताल में किया गया। पहला सड़क दुर्घटना बंशीधर नगर विशुनपुरा मुख्य मार्ग पर भोजपुर गांव में घटा जहा मोटरसाइकल दुर्घटना में पति पत्नी घायल हो गए। दोनो घायलों को स्थानीय लोगो ने इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया जहा इलाज के बाद चिकित्सक ने स्थिति खतरे से बाहर बताया। मोटरसाइकल से दुर्घटना में घायल होने वालो में विशुनपुरा थाना क्षेत्र के ओढैया गांव निवासी शिवनाथ भुइया और उसकी 30 वर्षीय पत्नी अनिता देवी का नाम शामिल है। घटना के बारे में बताया जाता है कि दोनो घायल पति पत्नी अपने घर से बंशीधर नगर आ रहे थे। भोजपुर ग्राम के समीप अनियंत्रित होकर गिर पड़े जिससे घायल हो गए। वही दूसरी घटना बंशीधर नगर गढ़वा राष्टीय राज मार्ग 75 पर घटा जहा मोटरसाइकल दुर्घटना में सवार तीन लोग घायल हो गए।घायल सभी थाना क्षेत्र के अधौरा गांव निवासी सुशील कुमार, अरुण कुमार तथा रौशन कुमार घायल हो गया।

### नाबालिग से शारीरिक संबंध बनाने और मारपीट करने के आरोपी को भेजा जेल



**धुरकी।** धुरकी थाना क्षेत्र के रक्सी गांव निवासी । बाबूलाल घांसी के 19 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार पर मध्य प्रदेश के सिंगरौली की एक नाबालिग युवती से शारीरिक शोषण करने और मारपीट का आरोप लगाया था।इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत रक्सी गांव निवासी बाबूलाल घांसी के 19 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार पर मध्य प्रदेश के सिंगरौली की एक नाबालिग युवती ने शारीरिक शोषण करने और मारपीट का आरोप लगाया था। जिसके बाद उक्त कार्यवायी की गई है। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने फेसबुक के माध्यम से पीड़िता के साथ दोस्ती की। इसके बाद अपने प्रेम जाल में फंसा कर उसे अपने घर ले आया। आरोपी लड़की को शादी करने का झांसा देता रहा। इस दौरान उसने कई बार शारीरिक संबंध भी बनाए। पीड़िता जब शादी करने का दवाब बनाने लगी तो युवक ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया।साथ ही शादी करने से इंकार भी कर दिया।

### 'सरकार आपके द्वार' के नाम पर हुए फर्जीवाड़ा मामले की अब तक नहीं हुई जांच

**डंडई।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम योजना के नाम पर हुई लाखों रुपए के फर्जी वाड़ा मामले में कार्रवाई की बात तो दूर यहां तक की अभी तक बीडीओ के द्वारा उसकी जांच तक भी नहीं की गई है । जबकि बीडीओ जागो महतो के द्वारा सप्ताह दिन पूर्व ही मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ नियम संगत कार्रवाई करने की बात कही गई थी । मामला आम अवाम नहीं बल्कि वर्तमान में निर्वाचित पंचायत के जनप्रतिनिधियों में सबसे ऊंचे ओहदे के जनप्रतिनिधि मुखिया से जुड़ा हुआ है । उनके मामले को भी बीडीओ के द्वारा तरजीह नहीं देना बिल्कुल रूप से समझ से परे हो गया है । मालूम हो कि वर्ष 2022-23 में संपन्न हुए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के नाम पर प्रति पंचायत 16000 रुपए की राशि शिवम ट्रेडर्स के खाते में भुगतान किया गया था ।लेकिन वह राशि मुखिया को न दे कर वेंडर के प्रोपराइटर के द्वारा सीधे गबन कर दिया गया । उसके बाद मामला प्रकाश में आते ही बीडीओ के द्वारा जांच कर आरोपी के खिलाफ नियम संगत कार्रवाई करने की बात कही गई थी । वहीं आरोपी के खिलाफ अब तक कार्रवाई नहीं होना गांव घर में यह चर्चा का विषय बन गया है।

### प्रखंड साधन सेवी तथा संकुल साधन सेवियों की बैठक संपन्न

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में शुक्रवार को प्रखंड साधन सेवी तथा संकुल साधन सेवियों की बैठक प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बीपीओ ने विभागीय कार्यो की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया बैठक में बीपीओ ने सभी सीआरपी को ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद शत प्रतिशत नामांकन कराने, कोई भी बच्चा अनामांकित न रहे इसकी व्यवस्था करने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि विद्यालय में प्रयास कार्यक्रम को गम्भीरता से लागू कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रयास कार्यक्रम के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि हाउस का निर्माण करते हुये विद्यालय के पोषक क्षेत्र के प्रत्येक टोले के नामांकित बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे.ट्रांजिशन,प्रोजेक्ट इंफैक्ट,पुस्तकालय, प्रयोगशाला आदि विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर उसे विद्यालय में लागू कराने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि विद्यालय में नहीं आने वाले बच्चों के लिये विशेष अभियान चलाकर उनके अभिभावकों से मिलकर बच्चों को विद्यालय भेजने का आग्रह करेंगे।

## एक नजर

### डेढ़ टन अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर जब्त, 1 गिरफ्तार



**चंदवा।** पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत पूरना टोली के समीप गुरुवार की रात्रि चंदवा पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर के साथ ट्रैक्टर चालक दशरथ महतो को धर-दबोचा। ट्रैक्टर में करीब डेढ़ टन कोयला लदा था। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि मालगाड़ी से कोयला उतारकर जमा करते थे और उसे ट्रैक्टर से ईंट भठो में बेचते थे। इस संबंध में चंदवा पुलिस ने कांड संख्या 65/24 के तहत मामला दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

### चतरा में अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकराया चालक की मौत

**चतरा।** चतरा-रांची मुख्य पथ पर लमटा जोगियाडीह के समीप शुक्रवार की सुबह अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकरा गया। दुर्घटना में ट्रक चालक मोहम्मद हसमतुल्लाह ऊर्फ हाशो ड्राइवर (45) की मौत हो गई। वह चतरा शहर के आजाद नगर का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार सुबह खाली ट्रक चतरा जिले के सिमरिया की ओर जा रहा था। इस दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर जोगियाडीह के पास एक पेड़ से जा टकराया। इस दुर्घटना में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और मुहल्ले के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। हसमतुल्लाह उर्फ हाशो ड्राइवर को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। सदर अस्पताल पहुंचने के कुछ ही देर बाद हसमतुल्लाह की मौत हो गई।

### स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को विश्व तंबाकू दिवस मनाया गया। इस क्रम में स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित कर्मियों के साथ ग्रामीणों ने तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ लिया। डॉ. सत्य प्रकाश एवं डॉ. प्रभात कुमार ने तंबाकू सेवन से होने वाले हानि की विस्तृत जानकारी लोगों को देते हुए कहा कि तंबाकू सेवन सेहत के लिए काफी हानिकारक है। तंबाकू सेवन से कैंसर जैसे कई गंभीर बीमारी हो सकता है। इसलिए हमे तंबाकू से बचने की जरूरत है। मौके पर स्वास्थ्य कर्मी अनिल कुमार, बिरेंद्र दांगी, अनीशा चेन्नई, रिंकी कुमारी, बोधनाथ दांगी, खीरू यादव आदि उपस्थित थे।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन

**सिमरिया (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तारकेश्वर दास के निर्देशन में कानूनी सहायता केंद्र सिमरिया द्वारा शुक्रवार को ग्राम दुंदवा में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरुक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद और रंजन कुमार मिश्रा के ने इस दौरान बताया कि तम्बाकू और इसके उत्पाद के सेवन से संबंधित जोखिम और परिवार, समाज और पर्यावरण पर इसके बुरे प्रभाव के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर साल 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन किया जाता है। तम्बाकू का उपयोग और इसका सेवन कई प्रकार के कैंसर का प्रमुख कारण है, जैसे फेफड़े, स्वरयंत्र मुंह, अन्नप्रणाली, गला, मूत्राशय, गुर्दे, यकृत, पेट, अग्न्याशय, बृहदान्त्र और गर्भाशय ग्रीवा, साथ ही तीव्र माइलॉयड ल्यूकेमिया। अनुमान है कि तंबाकू के सेवन से हर साल 1 करोड़ से ज्यादा लोग मरते हैं।

# सड़क निर्माण में अनियमितता का ग्रामीणों ने किया विरोध

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत पीएमजीएसवाई सड़क योजना के तहत गढ़वातांड शिव कुमार जायसवाल के घर से संत क्लारेट स्कूल तक पथ निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने शुक्रवार को विरोध किया। ग्रामीणों ने संवेदक पर गुणवत्ताविहीन निर्माण करने का आरोप लगाया। ग्रामीण सतेंद्र कुमार, राजेन्द्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, सुनील कुमार, राजू सिंह, गणेश सिंह, बीरेंद्र कुमार सहित दर्जनों लोगों ने बताया लगभग 4 किलोमीटर तक बन रहे सड़क का निर्माण जब शुरू हुआ तो हम ग्रामीणों में खुशी छा गई। लगा की दशकों बाद अब वे लोग भी जर्जर सड़क से पक्की सड़क पर चल सकेंगे। लेकिन सड़क निर्माण में किसी तरह का व्यवधान ना हो इसके लिए जहां परेशानी हुई, वहां ग्रामीणों ने अपनी सहायता स्वेच्छापूर्वक सड़क निर्माण में दे दिया। संवेदक द्वारा कार्य शुरू भी करा दिया गया। किन्तु विकास के नाम पर पदाधिकारियों की मिलीभगत से लूट का खेल शुरू कर दिया गया। ग्रामीण बताते हैं कि संवेदक द्वारा घटिया किस्म का सीमेंट और 6 तगाड़ी बालू और 6 तगाड़ी छरी व 1 तगाड़ी सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है। ना ही सड़क निर्माण कार्य मे केमिकल का यूज किया जा ना ही भेब्रेटर का ग्रामीणों को जब इसकी भनक लगी तो उन्होंने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। ग्रामीण बताते हैं कि उन्होंने संवेदक को नियमानुसार मेटेरियल डालकर ढलाई करने को कहा तो उनके आदमी द्वारा अभद्र व्यवहार करने लगा और कहा कि ऊपर से लेकर नीचे तक हमारी पैरवी है जो करना है कर लीजिए। उधर मामले पर जब प्रधानमंत्री सड़क योजना के कनीय अभियंता बिनकोस खेस से दूरभाष पर बात किया गया तो उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व भी ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य का विरोध किया था तब मैंने संवेदक को कड़ा निर्देश दिया था। अगर मामला फिर से आ रहा था तो इस पर जांच कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गुणवत्ता से किसी भी तरह का खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नही किया जायेगा। विधायक रामचन्द्र सिंह ने मामले पर कहा सड़क हमारी पहली प्राथमिकता में रही है। जिसे लेकर हमने मनिका विधानसभा क्षेत्र में सड़क का जाल बिछाने का काम किया। गांव को शहर से जोड़ने का काम किया है। हमने अपने कार्यकाल में कई सड़के बनाई है। अगर गुणवत्ता से खिलवाड़ किया जा रहा है। तो कतई बर्दाश्त नही किया जाएगा। वैसे संवेदक पर कार्रवाई कराई जाएगी।




# 30 बोरी अवैध बीड़ी पत्ते के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

■ **एक पिकअप वैन व एक स्कूटी जब्त, तीन मोबाइल फोन व कुछ नकद बरामद**



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** पीटीआर क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई कर गुरुवार मध्य रात्रि लगभग चार लाख रुपये के 30 बोरा अवैध बीड़ी पता के साथ बीड़ी पत्ता तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस कारोबार से जुड़े एक पिकअप वैन जिसका नम्बर जेएस 03 एएम 4490, एक स्कूटी जिसका नम्बर जेएच 03 टी5959, तीन मोबाइल फोन व पांच हजार 210 रुपये नगद पकड़ा है। सभी लोग अवैध तरीके से बीड़ी पत्ता पिकअप वैन पर लोड कर डालटेनगंज की ओर जा रहे थे। एसडीपीओ वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने पेट्रोलिंग के दौरान थाना क्षेत्र के कंचनपुर अमडीहा मार्ग से बीड़ी पत्ता ले जाते सभी को रंगे हाथों पकड़ा है। पकड़े गए तस्करों में श्रीकांत सिंह मेदिनीनगर निवासी कुलदीप सिंह कल्याणपुर निवासी वीरेंद्र चौधरी ओठनार चैनपुर निवासी पवन सिंह घुटुवा लातेहार निवासी शामिल है।

**▶▶ कैसे हुई गिरफ्तारी**

जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने गुरुवार मध्य रात्रि में पेट्रोलिंग कर रहे थे। इसी बीच कंचनपुर आमडीहा गांव में बीड़ी पत्ता ले जा रहे पिकअप वैन को पुलिस ने रोका हालांकि पुलिस की गाड़ी देखकर बीड़ी पत्ता तस्कर भागने की कोशिश करने लगे। लेकिन सब पकड़े गए पुलिस के पूछताछ के दौरान पकड़े गए लोगों ने बीड़ी पत्ता का कोई वैध कागजात नहीं दिखाई ना ही संतोषजनक जवाब दिया। पुलिस ने सबको हिरासत मे लिया पकड़े गए लोगों ने कबूला कि वह जंगलों से अवैध रूप से बीड़ी पत्ता डाल्टेनगंज ले जाकर बेचते हैं। पुलिस ने सभी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर न्यायिक हिरासत में लातेहार भेज दिया। वही इस सम्बंध में एसडीपीओ वेंकटेश कुमार ने बताया की दो दिन पूर्व ही मनिका में भी 50 बोरा अवैध बीड़ी पत्ता को जप्त करने का कार्य किया गया है। आगे भी बीड़ी पत्ता तस्करों को धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। किसी भी सूरत में बीड़ी पता तस्करों को बक्शा नहीं जाएगा। इसमें शामिल लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और जेल के सलाखों में भेजने का कार्य किया जाएगा।

### 2.200 किलो अवैध अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

**सिमरिया (चतरा)।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 2 किलो 200 ग्राम अर्ध ठोस अवैध अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय केसरी ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि एसपी को मिली गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मेरे नेतृत्व में पत्थलगड़ा थाना प्रभारी आलोक रंजन, पुअनि अरविंद कुमार रविदास द्वारा छापामारी कर पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के सिमरातरी निवासी देवेंद्र मुंडा के घर के रसोई में रखे एक प्लास्टिक थैले से अर्ध ठोस अफीम बरामद किया गया। एसडीपीओ ने आगे बताया कि अफीम बरामदगी के साथ गिरफ्तार देवेंद्र मुंडा ने अन्य कई अफीम पेडलर का नाम पुलिस को बताया है, जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम छापामारी कर रही है। तस्कर ने बताया है कि वह अन्य लड़कों के माध्यम से अवैध अफीम खूंटी से मंगवाता था तथा चतरा में अन्य पेडलरों को ऊंचे दामों में सप्लाई करता था।

## जिला समन्वयक ने की अबुआ आवास की समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड सभागार में शुक्रवार को अबुआ आवास की समीक्षा जिला आवास समन्वयक राजदीप कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव उपस्थित थे। बैठक में पंचायतवार आवास निर्माण की समीक्षा करते हुए जिला समन्वयक ने सभी पंचायत सचिव को लंबित आवासों की सूची बनाते हुए जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। यहां तक की सभी आवास को जियो टैग करने व पंचायत स्वयंसेवकों को प्रत्येक दिन आवास निर्माण की प्रगति रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। वहीं कार्य में कोताही बरतने वाले स्वयंसेवकों को जमकर फटकार भी लगाई। बैठक में पंचायत सचिव, प्रियंका प्रिया, एई मनोज कुमार, जेई सचिन दत शर्मा, रोजगार सेवक निर्मल दांगी, सत्येंद्र कुमार व पार्वती कुमारी आदि उपस्थित थे।

# योजनाओं में मची है लूट संबंधित विभाग दे रहे हैं छूट

▶ ***विधायक एवं सांसद मद की योजनाओं में भी मची है लूट, जनप्रतिनिधि हैं चुप***

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड में संचालित होने वाले लगभग योजनाओं में लूट मची हुई है। लोगों का कहना है कि लगता है जैसे संबंधित विभागों द्वारा लूट की छुट दे दी गई हो। जिसका खमियाजा प्रखंड क्षेत्र के आम जनमानस को भुगतना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क हो या आरईओ विभाग की अन्य योजनाएं। सभी के क्रियान्वयन में संवेदक द्वारा घोर अनियमितता खुलेआम बरती जा रही है। जिसे देखने वाला ना तो संबंधित विभागों के अधिकारी हैं और ना ही जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि जिसका लाभ संवेदक उठा रहे हैं। लूट का आलम यह है कि सड़क निर्माण होते ही अपने पुराने रंग में तब्दील हो जा रहे हैं। करमा चौक से सदाफर नदी तक आरईओ के देखरेख में सड़क मरम्मती कार्य करवाई गई जो छः महीने के अंदर जर्जर अवस्था में तब्दील हो रही है। कमोबेश प्रखंड में विकास योजनाओं का भी यही हाल है। सबसे आश्चर्यजनक बात है कि विधयक मद एवं संसद मद की योजनाओं में भी लूट मची है, तो अन्य विभागों के बारे में सुधार के बारे में सोचना बेईमानी होगी। नाम उजागर नहीं करने के शर्त पर संवेदक कहते हैं कि टेंडर ही लॉस में मिला है और उपर से 27 प्रतिशत बाबुओं का कमिशन फिक्सिंग तो कार्य में गुणवत्ता कहा से करें। ऐसे में आखिर जनता की आवाज उठाने वाले जिम्मेदार जनप्रतिनिधि कहा सोये हुए हैं।

## खदान से कोयला लोड कराने के दबाव पर बिफरे वाहन मालिक

**कोल ट्रांसपोर्टिंग बंद करने की दी चेतावनी**



▶ ***आम्रपाली कोल परियोजना से एनटीपीसी पावर प्लांट तक नकास कंपनी कर रही ट्रांसपोर्टिंग***

**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** शुक्रवार को टंडवा प्रखंड अंतर्गत आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र के सेरनदाग में विस्थापित हाइवा संयोजक मंडली की बैठक हुई। जिसमें बताया गया कि आम्रपाली परियोजना से एनटीपीसी पावर प्लांट में नकास कंपनी द्वारा कोयले की ढुलाई कराई जा रही है। ट्रांसपोर्टिंग प्रबंधन द्वारा खदान के अंदर से कोयला बाजबरन उठाव करने का दबाव बनाया जा रहा है, जो पूर्णतया जोखिम भरा है। वाहन मालिकों द्वारा पूछा गया कि आखिर किसके शह पर वाहन कैपेसिटी को दरकिनार कर सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही है? वाहन मालिकों ने एनटीपीसी तक कोयले की ढुलाई पूर्ववत लोडिंग की व्यवस्था 13 व 14 कांटाघर के समीप करने, वाहनों को लोडिंग प्वाइंट में हीं कोयला लोड़ करने, 5 नंबर बैरियर से परिचालन बंद करके अलग बैरियर बनाने की मांग की। जबकि ट्रांसपोर्टिंग प्रबंधन को हिदायत देते हुवे कहा गया कि स्थानीय वाहन मालिकों को परेशान करने की नियत पालने वाले लोग बाहरी गाड़ियों का परिचालन व खदान से लोडिंग देने की मंशा को अविलंब त्याग दे। वर्ना, कोयले की ढुलाई बहिष्कार करने का शीघ्र सामुहिक निर्णय लिया जाएगा। बैठक में संघ के अध्यक्ष बिजय साहू, ईश्वर साहू, रंजीत कुमार, सुरेश कुमार, जितेन्द्र कुमार, प्रवीण शर्मा, नारायण कुमार, राजदीप कुमार, नंदकिशोर साहू समेत अन्य मौजूद थे।

**सुनवाई** / **जेट्रोफा खेती के नाम पर 58 लाख के घोटाला से जुड़ा मामला**

# 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास, 50-50 हजार का जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शशि भूषण शर्मा की अदालत ने जेट्रोफा की खेती के नाम पर सरकारी राशि का घोटाला करने का आरोपी तत्कालीन मनिका प्रखंड विकास पदाधिकारी साधना जयपुरियार समेत तीन को तीन-तीन वर्षों की सश्रम कारावास एवं 50-50 हजार रुपए जुमार्ना की सजा सुनाया है। जानकारी के अनुसार जिले के मनिका प्रखंड में वर्ष 2010 में जेट्रोफा प्लांटेशन के नाम पर व्यापक घोटाला किया गया था। तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी साधना जयपुरियार एवं ग्राम विकास सेवा समिति एनजीओ के अध्यक्ष रामप्रवेश यादव एवं सचिव सत्येंद्र यादव के खिलाफ मनिका थाना कांड संख्या



76/10 भादवि की धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी के तहत मामला तत्कालीन उप विकास आयुक्त सीपी बाखला ने दर्ज कराया था। अभियोजन पदाधिकारी अशोक कुमार दास के अनुसार जेट्रोफा खेती के नाम पर सरकारी रुपए की बंदर बांट करने का आरोप अदालत में साबित हुआ इसके उपरांत श्री शर्मा की अदालत ने आरोपियों को सजा सुनाया है। मालूम हो वर्तमान में साधना जयपुरियार रांची जिले में कार्यपालक दंडाधिकारी के पद पर पदस्थापित हैं। आज खचाखच भरी अदालत में फैसला सुनने के बाद श्रीमती जयपुरियार एवं अन्य आरोपियों की आंखें भर आई उन्होंने अपने को निर्दोष बताते हुए अपीलीय कोर्ट में अपील करने हेतु अर्जी पेश किया। जिसकी सुनवाई करते हुए अदालत ने उन्हें 30 दिनों की औपबंधिक जमानत प्रदान कर दी।

**क्या है मामला**

***वर्ष*** 2010 में जेट्रोफा प्लांटेशन के नाम पर मनिका प्रखंड के दुंदु एवं माइल ग्राम में करीब 500 एकड़ जमीन पर खेती करने का जवाबदेही चंदवा प्रखंड की स्वयंसेवी संस्था ग्राम विकास सेवा समिति को दिया था। समिति के द्वारा आवंटित क्षेत्रफल में खेती न कर सिर्फ खानापूर्ति की गई थी। जिसकी सुनवाई के उपरांत मामला सत्य पाया गया और इस मामले में तत्कालीन दो प्रखंड विकास पदाधिकरियों साधना जयपुरियार ,अनिल कुमार समेत दो एनजीओ ग्राम विकास सेवा समिति चंदवा और झारखंड विकास मोर्चा धनबाद के खिलाफ दो अलग-अलग मनिका थाना कांड संख्या 75/10 एवं 76/10 प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। दोनों मामलों का विचारण श्री शर्मा की अदालत में चल रहा है। मनिका थाना कांड संख्या 76/10 जीआर कांड संख्या 616/ 10 की सुनवाई पूरी होने पर अदालत ने यह फैसला सुनाया है।

**क्या है जेट्रोफा**

***जेट्रोफा*** का इस्तेमाल ईंधन के विकल्प के रूप में किया जाता है। इसके बीज से तेल निकाला जाता है। इस तेल को परिष्कृत कर बायोडीजल तैयार किया जाता है। इसका उपयोग विभिन्न मशीनों को चलाने में किया जाता है। छत्तीसगढ़ में इससे रेल इंजन भी चलाया जा रहा है। इसी से प्रेरित होकर जिला प्रशासन द्वारा यहां भी जेट्रोफा की खेती करने का निर्णय लिया गया था और मनिका प्रखंड समेत कई प्रखंडों में इस खेती की शुरूआत की गई थी हालांकि जिले में कहीं भी जेट्रोफा की खेती सफल नहीं हुआ।

## न्यूज | बॉक्स

### बीडीओ ने की विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक



**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में बारी-बारी से प्रखंड में चले सभी विकास योजनाओं की समीक्षा किया गया। बीड़ीओ ने बैठक में अबुआ आवास के प्रथम किस्त प्राप्त लाभुको का प्लिन्थ स्तर निर्माण कार्य कराते हुए जिओ टैगिंग करते पंचायत सचिव एक सप्ताह के अंदर कराना सुनिश्चित करेंगे। बीडीओ ने अबुआ आवास के लाभुक का खाता आधार से लिंक नहीं है होने के कारण प्रथम किस्त की राशि जिन लाभुको नही गया उन सभी लाभुको का बैंक से आधार लिंक सुधार करवा कर 2 दिन में प्रखंड कार्यालय में जमा करने का निदेश पंचायत सचिव को दिया गया है। बीडीओ ने पीएम आवास कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार को अबुआ आवास में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में 15 में वित्त आयोग से संचालित सभी अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने हेतु सभी पंचायत सेवक को आवश्यक निर्देश दिया गया। वहीं बैठक में मनरेगा से संचालित सभी लंबित योजनाओंको निर्देश दिया गया। पीएम आवास कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार, 15 वित्त आयोग कोऑर्डिनेटर मनजीत सिंह, सभी पंचायत सचिव, मुखिया एवं अन्य कर्मी शामिल थे।

### माल्हन पंचायत में नहीं थम रहा है जंगली हाथियों का आतंक



**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। रह रह कर जंगली हाथी ग्रामीणों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। माल्हन के सेकलेतरी में बीते शुक्रवार की अहले सुबह झुंड से बिछड़े एक अकेले जंगली हाथी ने गांव पहुंच कर जमकर उत्पात मचाते हुए सेकलेतरी निवासी महेंद्र गंझु के घर को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर डाला है। इसके अलावा हाथी ने घर में रखे अनाज को चट कर करते हुए घर के बर्तन को भी बर्बाद कर दिया है। ग्रामीणों के द्वारा घटना की जानकारी स्थानीय मुखिया जतरु कुमार मुंडा को दी गई। सूचना मिलते ही मुखिया जतरू मुंडा ने घटना स्थल पहुंचकर हाथी के द्वारा पहुंचाये गए नुकसान का जायजा लिया और ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वन विभाग से मिलकर हर हाल में क्षति के अनुसार उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास करूंगा। मुखिया ने कहा कि बार बार माल्हन पंचायत क्षेत्र में जंगली हाथियों का लगातार आना और उत्पात मचाना वन विभाग की लापरवाही का नतीजा है। कभी जंगली हाथियों के द्वारा घरो को क्षतिग्रस्त किया जाता है तो कभी फसलो को नुकसान पहुंचाया जाता रहा है' इसके बाद भी वन विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। मौके पर राजू उंराव, अनूप कुजूर, गीता देवी, बंधु भगत, बुडो देवी, सुमित्रा देवी, विकास भगत समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

### लातेहार : बड़ी संख्या में चमगादड़ों की मौत



**लातेहार।** लातेहार जिले के मनिका प्रखंड अंतर्गत कोईली गांव में शुक्रवार को बड़ी संख्या में मरे हुए चमगादड़ एक पेड़ के नीचे मिले । मामले की सूचना मिलने के बाद लातेहार वन प्रमंडल पदाधिकारी रौशन कुमार के निर्देश पर वन विभाग की टीम ने मरे हुए चमगादड़ों का सैंपल लेकर उन्हें जलाकर नष्ट कर दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कुछ ग्रामीणों ने कोईली गांव के निकट माड़र के पास स्थित पेड़ के नीचे बड़ी संख्या में चमगादड़ों को मरा हुआ देखा। इस पेड़ पर काफी संख्या में चमगादड़ दिन को लटके रहते थे। इधर चमगादड़ों की मौत की खबर मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां जुट गए। कुछ लोगों ने इसकी जानकारी लातेहार डीएफओ रौशन कुमार को दी। जानकारी मिलने के बाद रौशन कुमार ने तत्काल लोगों से अपील की कि मरे हुए चमगादड़ों के पास न जाएं। इसके बाद डीएफओ ने वन विभाग की टीम को गांव में भेजा। वन विभाग और पशुपालन विभाग की टीम के द्वारा मरे हुए चमगादड़ों का सैंपल लिया गया। उसके बाद चमगादड़ों को जलकर नष्ट कर दिया गया। इधर इस संबंध में डीएफओ रौशन कुमार ने बताया कि बड़ी संख्या में चमगादड़ों की मौत की खबर मिली थी। उन्होंने बताया कि चमगादड़ों के सैंपल को जांच के लिए भेजा जा रहा है। डीएफओ ने बताया कि चमगादड़ों की मौत किस कारण से हुई है ,इसकी पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि मरे हुए चमगादड़ के संपर्क में आने से लोग संक्रमित भी हो सकते हैं ।जो काफी खतरनाक होगा। इसीलिए लोगों को मरे हुए चमगादड़ से दूर रहने की सलाह दी गई है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस प्रकार की घटना होने पर तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दें।

### फिटनेस लेवल जिम सेंटर का उद्घाटन 3 जून को, तैयारी पूरी



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुर्पा रोड शहीद चौक के निकट फिटनेस लेवल नामक जिम सेंटर खोला जाएगा। जिसकी तैयारी को लेकर जिम सेंटर ऑनर विशेष कुमार ने बतलाया कि बालूमाथ में लोगों के स्वास्थ्य एवं बॉडी फिटनेस के लिए वर्षों से सुविधा युक्त जिम सेंटर की आवश्यकता थी। जिस कमी को देखते हुए महिला एवं पुरुष के लिए सुविधा युक्त जिम ट्रेनर के साथ जिम सेंटर निर्माण किया गया है जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है जिम सेंटर का आगामी 3 जून को संध्या 6:00 बजे मेरी पूज्य माता सरिता देवी के कर कमलों द्वारा उद्घाटन किया जाना है। इस उद्घाटन समारोह में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि के अलावे कई समाजसेवी गण्यमान्य महिला-पुरुष एवं युवक युवतियों को सादर आमंत्रित किया गया है। बता दें कि उद्घाटन से पूर्व दोपहर 2:30 बजे संस्थान के ओनर अभिषेक कुमार द्वारा विधिवत पूजा की जाएगी। ऑनर अभिषेक कुमार ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी महिला पुरुष एवं इच्छुक लोग से अधिक से अधिक संख्या में उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर उपायुक्त ने दिलायी शपथ

# लोगों को धूम्रपान व तंबाकू के सेवन से बचने की दें सलाह

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जीवन में कभी भी तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने, इसके लिए अपने परिजनों, मित्रों एव परिचितों को प्रेरित करने और पर्यावरण को भी तंबाकू उत्पादों के उपयोग से होनेवाले दुष्प्रभावों से बचाने में योगदान करने की शपथ दिलायी गई। सभी ने शपथ लिया कि विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के इस अवसर पर मैं यह शपथ लेता/लेती हूँ, कि मैं अपने जीवन में कभी भी किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पादों का उपयोग या सेवन नहीं करूंगा/करूंगी एवं अपने परिजनों, मित्रों या परिचितों को भी तम्बाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करूंगा/करूंगी। इसके अलावा मैं अपने पर्यावरण को भी तंबाकू उत्पादों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाने मे योगदान करूंगा/करूंगी।




उपायुक्त ने कहा कि धूम्रपान सहित अन्य तम्बाकू उत्पादों से दूर रहें । उन्होंने पदाधिकारी व कर्मियों को कहा कि अपने परिजनों सहित आस पड़ोस के लोगों को भी धूम्रपान व तम्बाकू का सेवन से बचने की सलाह दें। इस दौरान उपायुक्त ने जिले वासियों से तंबाकू के सेवन ना करने की अपील की, उन्होंने कहा कि तंबाकू के सेवन से न केवल विभिन्न शारिकी समस्या बल्कि कैंसर जैसी बीमारी भी हो सकती हैं अतः सभी जिले वासी ना स्वयं तंबाकू का सेवन करने और न ही किसीको करने दें। इसी प्रकार उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा जिला परिषद स्थित सभाकक्ष में, जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालय परिसर में शपथ दिलायी गई।

## विश्व तंबाकू दिवस पर शपथ दिलाया गया

**सेन्हा-लोहरदगा।** विश्व तंबाकू दिवस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित कर प्रखंड सह अंचल कर्मियों को तंबाकू सेवन नही करने के लिये शपथ दिलाया गया। वही बीडीओ संग्राम मुर्मू ने कहा कि तंबाकू जानलेवा नशा है। जिसके चपेट में आज युवा, नवजवान और बुजुर्ग हैं। तंबाकू सेवन से प्रत्येक दिन सैकड़ो लोग काल के गाल में समा जा रहे हैं। जिसके कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से 31 मई को तंबाकू दिवस का आयोजन किया जाता है। आज हम सभी लोग शपथ लेकर प्रतिज्ञा करेंगे कि न तंबाकू का सेवन करेंगे और न ही किसी को तंबाकू का सेवन करने देंगे। साथ ही कहा कि कोई भी नशीला पदार्थ मानव जीवन के लिये हानिकारक है। जिससे दूर रहना चाहिये। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, जेई संजीत कुमार, तनु कुकरी, पंचायत सचिव गुहा उरांव, आरती चेरमाको, सहित अन्य प्रखंड सह अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## तंबाकू निषेध दिवस पर बीडीओ ने कर्मियों को दिलाया शपथ



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय के सभा भवन में बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने सभी कर्मियों को अपने माता-पिता व अन्य परिजनों को जीवन भर तम्बाकू का किसी भी रूप में सेवन नहीं करने का संकल्प दिलाया। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि तंबाकू के सेवन से कैंसर जैसी जानलेवा एवं घातक बीमारियां होती है। इसमें हमारे युवा साथी असामयिक मौत के मुंह मे चले जाते है। इसलिए हमें ऐसी घातक तथा नशीली वस्तुओं के सेवन से बचना चाहिए, उन्होंने सभी कर्मियो एवं ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि तम्बाकू तथा नषीली वस्तुओं का खुद भी सेवन न करें तथा अपने बच्चों को भी उनसे दूर रहने की सलाह दे जिससे कि हमारी युवा पीढ़ी स्वस्थ एवं निरोग रहने के साथ-साथ कैंसर जैसी घातक बीमारी से दूर रहें। इस अवसर पर बिपिओ अभिषेक किशोर, नितेंदर कुमारी, धर्मदास भगत, नवप्रभात कुजूर, बिरसमूनी कुमारी, आदि उपस्थित रहें।

## हमारा प्रयास जनता का सर्वांगीण विकास करना है : मंत्री डॉ रामेश्वर

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कुडू प्रखंड अंतर्गत ग्राम मराडीह एवं चंदलासो पहुंच कर ग्रामीण जनता से मुलाकात कर कुशलक्षेम जाना एवं उनके समस्याओं का समाधान किया। मंत्री ने कहा की हमारा प्रयास लोहरदगा की जनता का सर्वांगीण विकास करना है। इसमें मैं पूर्ण रूप से प्रयासरत हूं और क्षेत्र भ्रमण कर सरकारी सुविधा, बुनियादी सुविधा, एवं प्राथमिकता के आधार पर आधारभूत संरचना के साथ-साथ सामाजिक सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का काम कर रहे हैं।



वर्तमान गठबंधन सरकार ने राज्य के विकास के लिए अपने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया है।

इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर, इकबाल खान, सदरुल अंसारी, विशाल डुंगडुंग, संजय नायक, रबुल पवरिया, अवधेश उरांव, मुनीम अंसारी, कमरूल इस्लाम, संगीता उरांव, इकबाल अहमद, रसीद अंसारी, अबू रेहान, माजिद अंसारी, मुहम्मद अफरोज, महबूल अंसारी, आदि उपस्थित थे।

### सोलर जलमीनार डेढ़ वर्षो से है खराब

## बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा प्रखंड के आदर पंचायत स्थित चट्टी गांव में जिला परिषद द्वारा लगाया सोलर जलमीनार डेढ़ वर्षो से खराब पड़ी हुई है। वही ग्रामीणों ने गुमला उपायुक्त से उक्त सोलर जलमीनार को बनवाने का मांग किया है। इस आशय की जानकारी ग्रामीणों ने शुक्रवार को दिन के 12 बजे देते हुए बताया कि जिला परिषद द्वारा घाघरा मुख्यालय के एक ठेकेदार द्वारा उक्त सोलर जल मीनार को विगत ढाई वर्ष पूर्व लगाया गया था। लेकिन 1वर्ष बाद से उक्त सोलर जलमीनार खराब पड़ी हुई है। कई बार ठेकेदार और विभाग को मौखिक तौर पर उक्त सोलर जलमीनार बनवाने की बात कही गई। परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ। वही ठेकेदार द्वारा सिर्फ झूठ आश्वासन दिया जाता की जल्द बना दिया जाएगा। लेकिन अब तक नही बनाया गया हैं। गांव एवं आसपास के ग्रामीणों के लिए उक्त पानी की समस्या काफी विकराल रूप धारण करतीं जा रही है। गांव में उक्त सोलर जल मीनार के अलावा पानी के लिए कोई अन्य साधन उपलब्ध नहीं है। गांव से दूर कुआं और डाड़ी का पानी ग्रामीणों द्वारा लाकर उपयोग किया जाता है। खासकर इस तपती गर्मी में काफी दिक्कत हो रही है। क्योंकि लंबी दूरी तय कर पानी काफी परेशानी से लाना पड़ता है। वहीं ग्रामीणों ने यह भी कहा कि घर के बड़े पुरुष महिला काम के सिलसिले में गांव में या गांव से बाहर भी जाना पड़ता है। जिसमें घर के बच्चे भी कभी कभी कुआं और डाड़ी तक जाकर पानी लाते है। जिससे हमेशा डर काम माहौल बना रहता है, की कहीं कोई अनहोनी ना हो जाए। लेकिन फिर भी इस ओर ना तो विभाग के लोगों ने ध्यान दिया और ना ही उक्त ठेकेदार द्वारा ध्यान दिया गया हैं। वहीं ग्रामीणों ने उपयुक्त गुमला से उक्त सोलर जलमीनार को बनवाने की मांग की है। ताकि लोगों की परेशानियों का हल हो सके। मौके पर बरतिया उरांव, राज मुनि देवी,भगपती उरांव, बीना देवी, वरियो देवी, शांति देवी, महावीर उरांव, सुरमिता उरांव, बुधईन देवी, हीरो देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।



### विश्व तंबाकू दिवस

## डीसी ने जिले के पदाधिकारियों और कर्मियों को दिलाई शपथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अगुवाई में जिले के सभी पदाधिकारी व कर्मी समाहरणलाय स्थित सभागार में एकत्रित होकर धूम्रपान व अन्य किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पादों के सेवन न करने का संकल्प लिया। सभी ने शपथ लिया कि विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के इस अवसर पर मैं यह शपथ लेता/लेती हूँ, कि मैं अपने जीवन में कभी भी किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पादों का उपयोग या सेवन नहीं करूंगा/करूंगी एवं अपने परिजनों, मित्रों या परिचितों को भी तम्बाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करूंगा/करूंगी । इसके अलावा मैं अपने पर्यावरण को भी तंबाकू उत्पादों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाने मे योगदान करूंगा/करूंगी। पदाधिकारी व कर्मियों को उपायुक्त ने संबोधित करते हुए कहा कि धूम्रपान सहित अन्य तम्बाकू उत्पादों से दूर रहें साथ ही उन्होंने पदाधिकारी व कर्मियों को कहा कि अपने परिजनों सहित आस पड़ोस के लोगों को भी धूम्रपान व तम्बाकू का सेवन से बचने की सलाह दें। इस दौरान उपायुक्त ने जिले वासियों से तंबाकू के सेवन ना करने की अपील की, उन्होंने कहा कि तंबाकू के सेवन से न केवल विभिन्न शारिकी समस्या बल्कि कैंसर जैसी बीमारी भी हो सकती हैं अतः सभी जिले वासी ना स्वयं तंबाकू का सेवन करने और न ही किसीको करने दें। शपथ ग्रहण समारोह में उपायुक्त के अलावे उप विकास आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी, जिला स्थान उप समाहर्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक, जिला खेल पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।




### एक नई उड़ान / विज्ञान केंद्र बन रहा है वैज्ञानिक ज्ञानाधार का केंद्र

# नन्हें वैज्ञानिकों को मिल रहा अपना हुनर दिखाने का मौका

- *गुमला सहित विभिन्न जिलों से भी आ रहें विद्यार्थी*

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से गुमला जिले में एक नई गतिविधि की शुरूआत हुई। 'सिकछा कर भेंट' इस गतिवधि का मुख्य उद्देश्य है कि जिले में शिक्षा के के विभिन्न श्रोतों को दुरुस्त करना साथ की जिले में शिक्षा व्यवस्था को एक नई उड़ान देना है। इसी क्रम में गुमला में पूर्व में बने विज्ञान केंद्र के नवीनीकरण के पश्चात जिले में एक वैज्ञानिक लहर देखने को मिल रही है, जिसमें गुमला ही नहीं बल्कि अन्य जिलों से भी विद्यार्थी इस विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक ज्ञानाधार का हिस्सा बन रहें हैं। एवं नन्हें विद्यार्थियों में भी वैज्ञानिक बनने की इच्छा प्रबल देखने को मिल रही रही है। पिछले दिनों जिले के विज्ञान केंद्र में 3 दिवसीय समर कैंप का आयोजन हुआ , इस समर कैम्प में गुमला सहित हजारीबाग, रांची, लोहरदगा सहित विभिन्न जिलों से भी 8 से 16 वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस बीच गुमला जिले के एक नन्हें वैज्ञानिक ने समर कैंप में भाग लिया एवं समर कैंप के अंतिम दिवस में उन्होंने स्वयं रोबोट का निर्माण कर उपायुक्त को दिखाया जिसे देख उपायुक्त भी आश्चर्यचकित एवं प्रभावित नजर आए। गुमला जिले के कक्षा 7वीं के नन्हे वैज्ञानिक श्रींश भरद्वाज गुमला के ग्रामीण क्षेत्र करोंदी के निवासी अनुज कुमार मिश्रा के पुत्र श्रींश भारद्वाज ने रोबोटिक्स एवम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपने वॉइस कमांड से चलने वाला रोबोट बनाया है। गुमला विज्ञान केंद्र में आयोजित समर कैंप के अंतिम दिन उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के समक्ष श्रींश ने अपने रोबोट का प्रदर्शन किया जिससे उपायुक्त के साथ कैंप में भाग ले रहे सभी प्रतिभागी अत्यंत ही प्रभावित हुए।



ज्ञात हो कि श्रींश भारद्वाज डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के कक्षा सातवीं के छात्र है । पिछले 3झ4 साल पहले कोरोना काल में जब सभी विद्यालय बंद थे और ऑनलाइन माध्यम से किसी तरह शिक्षण गतिविधियां कराई जा रही थी तब मात्र 10 वर्ष से कम उम्र में इस नन्हे वैज्ञानिक का इलेक्ट्रानिक के क्षेत्र में रुझान हो गया था और यूट्यूब के माध्यम से स्वयं इलेक्ट्रिक एवम इलेक्ट्रानिक चीजें बिना किसी एक्सपर्ट की मदद से स्वयं सीखते हुए घर में ही प्रयोग करते रहते हैं तथा वे इलेक्ट्रिक पंखा, चार्जर बिजली उपकरण की मरम्मत के साथ साथ अन्य नवाचारी कार्यों में भी जुटे हुए रहते है। इनके पिता अनुज कुमार मिश्रा ने बताया कि वो एक निम्न मध्यम वर्गीय परिवार से हैं पर उनके बेटे द्वारा अपने वैज्ञानिक प्रयोग के लिए जब जब जिस चीज की मांग की जाती है उसे स्थानीय बाजार, रांची के बाजार सहित ऑनलाइन मंगा कर भी उसे सहयोग करते हैं, उन्होंने कहा कि जब जिले में विज्ञान केंद्र में समर कैम्प का आयोजन हुआ इससे श्रींश को भी उनके विज्ञान से जुड़े ज्ञान में निखार लाने का एक अवसर मिला एवं वह बेहद ही खुश तथा विज्ञान को लेकर उनकी रुचि और अधिक बढ़ती नजर आई मानों जैसे उनके हुनर को एक पंख मिल गया हो। श्रींश भविष्य में रोबोटिक्स इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। श्रींश के इस बेहतरीन प्रयास एवं उनके हुनर को देख उपायुक्त भी बेहद प्रभावित नजर आएं एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए उन्होंने शुभकामनाएं दी।

## एक नजर

### खाना बनाने के दौरान लगी आग में महिला गंभीर रूप से झुलसी

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बिशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरी पाट निवासी 30 वर्षीय पंडरी असुर खाना बनाने के क्रम में जलकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के मुताबिक महिला को मिर्गी रोग है। गुरुवार की शाम करीब 5:00 बजे खाना बनाने के क्रम में मिर्गी आने से वह आग में गिर गई। जिसके बाद उसके साड़ी में आग लग गई। चिल्लाने पर उसकी गोतनी घर के अंदर आई जिसके बाद पड़ोसियों को बुलाया गया। इसके बाद साड़ी में लगी आग को लोगों द्वारा बुझाया गया। वही उसका पति राजेश असुर माइंस में काम करने गया हुआ था। घटना की जानकारी पर वह घर लौटा। जिसके बाद एंबुलेंस की मदद से उसे रात्रि 10:00 बजे सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

### क्षेत्र के कई गांव में बिजली बिल वसूली कैंप का आयोजन

**कैरो / लोहरदगा।** विद्युत विभाग की ओर से मई महीने में प्रखंड क्षेत्र के कई गांव में बिजली बिल वसूली कैंप का आयोजन किया गया। इस महीने बिजली विभाग पूरे प्रखंड क्षेत्र से 5.5 लाख रुपये बकाया बिल की वसूली की। मौके पर लाइनमेन मजूल अंसारी ने बताया की जून महीने में भी अलग-अलग गांव में बकाया बिजली बिल वसूली कैंप का आयोजन किया जाना है। इस माह वैसे बिजली उपभोक्ता जिसका बिजली बिल पांच हजार से अधिक है वैसे उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा। इस माह भी बहुत सारे उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन कटे गए है। जिसका बिजली का कनेक्शन काट गया वो उपभोक्ता बिजली की चोरी कर उपयोग करते पकड़े गए तो उसपर बिजली विभाग कार्यवाई करेगी।

### बिजली करेंट की चपेट में आने से पारा शिक्षक की मौत

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत भरनो प्रखंड के करंज थाना स्थित लौंडरा गांव में शुक्रवार को बिजली के करेंट के चपेट में आने से 40 वर्षीय पारा शिक्षक रामसेवक उरांव की मौत हो गई। मृतक पारा शिक्षक राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लौंडरा में कार्यरत था। सूचना पर पुलिस ने शव कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। घटना के बिषय में मृतक की पत्नी रुक्मिणी उरांव ने बताया कि वो लोग पति पत्नी घर के बगल अपने बारी स्थित कुआं में नहाने गए थे,जंहा से रामसेवक नहा कर घर लौट रहा था, तभी बारी में पटवन के लिए ले जाया गया। धारा प्रवाहित बिजली का तार के संपर्क में आ गया। फलस्वरूप रामसेवक बिजली की करेंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गया। जिसके बाद उसे आनन फानन में परिजन द्वारा सिसई रेफर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### दो दिन से लापता युवक का शव बरामद, पुलिस मामले की छानबीन में जुटी

**चैनपुर।** चैनपुर थाना के परहाटोली गांव के बगीचे से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है मृतक की पहचान मुंडा टोली निवासी विमल संदीप खलखो उम्र 34 वर्ष के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया की युवक बुधवार को ही अपने घर से निकला था जिसके बाद से वो घर नहीं लौटा था। परिजन अपने स्तर से उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला इधर शुक्रवार की सुबह कुछ लोगों ने परहाटोली के आम बगीचे में शव को देखा, जिसके बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों भी भीड़ जुट गई। जिसके बाद परिजनों ने उसकी पहचान की।

## न्यूज | बॉक्स

### ऐतिहासिक होगा मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर कलश यात्रा



**लोहरदगा।** हरमू पंचायत लिंगेश्वर नाथ शिव मंदिर प्रांगण में एवं आरेया पंचायत में मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली के पदाधिकारी द्वारा बैठक की गई। जिसमें आगामी 4 जून को होने वाली कलश यात्रा को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसमें बतलाया गया कि मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर का द्वितीय वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम से मनाने हेतु अनेकों जगहों में बैठक की जा रही है। जिसमें माताएं बहाने राम भक्तों को बतलाया जा रहा की 4 जून दिन मंगलवार को सुबह 5:30 बजे भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया है। जो की सिठीयो नदी से कलश लेकर बरवाटोली स्थित मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी। जिसमें गांव नगर जिला के माताएं बहनों को कलश यात्रा में आने का निमंत्रण दिया जा रहा है। जो भी लोग दूर-दराज से कलश यात्रा में आना चाहते हो और उस गांव में गाड़ी टेंपो की व्यवस्था नहीं हो तो वह मंदिर कमेटी से संपर्क कर वहां के लिए गाड़ी या टेंपो की व्यवस्था मंदिर कमेटी के द्वारा ले सकते हैं।कलश यात्रा को भव्य बनाने के लिए मंदिर कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य गण लगे हुए हैं। मौके पर उपस्थित सचिन कुमार साहू, चंदन गोयल, शशि सिंह,चंदन गोप, पीयूष अग्रवाल, अनुभव कासकार, कृष्ण यादव आदि राम भक्त शामिल थे।

### जमीन पर अवैध निर्माण रुकवाने के लिए एसपी से लगाई गुहार

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के अम्बेरा हाटी गांव निवासी गरीब मजदूर शशि महतो व उसकी पत्नी कलावती देवी अपनी रैयती जमीन को बचाने के लिएं दर दर भटक रही है । स्थानीय पंचायत से लेकर भंडरा थाना में दो बार गुहार लगाने पर अभी तक गरीब मजदूर की मदद किसी ने नहीं की । अंत में शशि ने अपनी जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण कार्य को रूकवाये जाने को लेकर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगायी है और आवेदन सौंपकर अतिशीघ्र कार्य रोकवाने की मांग किया। एसपी को दिये गये ज्ञापन में पीड़ित शशि महतो ने बताया कि हाटी गांव के मेरे रैयती जमीन खाता नम्बर 45,प्लॉट नंबर 264, भूमि का समझौता व बंटवारा हुआ है। मेरे उक्त रैयती जमीन पर गांव के ही अक्लू महतो जबरदस्ती मकान निर्माण कर रहे है। इस पर आपत्ति जताते हुए हमने काम रोकने को कहा लेकिन इसके बावजूद भी वे नहीं माने तो थाना में आवेदन देकर मदद मांगी । लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। न्याय के लिए हमने अनुमंडल न्यायालय में मुकदमा दाखिल किया। वर्तमान में मामला विचाराधीन है, बावजूद इसके विरोधी अपना निर्माण कार्य तेजी से करा रहे है। पीड़ित शशि महतो ने बताया कि भंडरा थाना में दो बार आवेदन दिया पर उचित करवाई नही हुई और निर्माण कार्य भी चालू है । पीड़ित ने कहा कि पुलिस की उदासीनता और दबंगों के भय से पूरा परिवार सहमा हुआ है। इसी को लेकर पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक व स्थानीय मुखिया को ज्ञापन सौंपकर दबंगों के खिलाफ कार्यवाही करने व जानमाल सुरक्षा की गुहार लगाया।

### मध्यस्थ के माध्यम से अधिक से अधिक केसों का निपटारा करने के उद्देश्य से मासिक बैठक

**गुमला।** झालसा के निर्देश पर तथा जिला में सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद मिश्र के निर्देश पर अवर न्यायाधीश सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला राम कुमार लाल गुप्ता ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं पैनल लॉयर के साथ मासिक बैठक किया। जिसमें उन्होंने कहा कि मध्यस्थता के लिए जो भी मामले कोर्ट से भेजे जा रहे हैं उनका अच्छी तरह से मध्यस्थ की जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा मामले का निष्पादन हो सके और लोगों को भी अच्छे मध्यस्थ का लाभ मिल सके। उन्होंने लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्यों से भी कहा बचाव पक्ष के हित को ध्यान में रखते हुए त्वरित न्याय दिलाने के लिए प्रयास करें। इस मौके पर वुंदेश्वर गोप, विद्या निधि शर्मा,जितेंद्र सिंह, इंदु पांडे, ओम प्रकाश आदि उपस्थित थे।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय हिरही में कक्षा 9 एवं 11 में होगा नामांकन

**लोहरदगा।** लोहरदगा सदर प्रखंड में संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, हिरही में शैक्षणिक वर्ष 2024-25 अंतर्गत कक्षा 9 एवं कक्षा 11 में नामांकन लिया जाना है। विद्यालय में वैसे ही बालकों का नामांकन लिया जाएगा जो अनाथ या एकल अभिभावक वाले बच्चे होंगे या बिना अभिभावक सुरक्षा वाले बच्चे या ऐसे बच्चे जिनका कोई घर नहीं है या ऐसे बच्चे जिनके गाँव/टोला में कोई सरकारी विद्यालय पहले में मौजूद नहीं है या नक्सली गतिविधियों में मारे गए माता-पिता के बच्चे या मानव तस्करी गतिविधियों घर से भागे हुए बच्चे / काम करने वाले मजदूरों के बच्चे / अन्य बाल मजदूर होटल, गैरेजों में काम करने वाले बाल मजदूर/ शहरी अभिवंचित बच्चे या आदिम जनजाति परिवार के बच्चे या कोरोना काल में बच्चे के माता-पिता के मृत्यु होने वाले बच्चे हों। इस संबंध में नीलम आईलिन टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को नामांकन हेतु नाम भेजे जाने का निर्देश दिया है।

### मादक पदार्थों के दुरूपयोग को समाप्त करने के लिए चलाया जागरूकता अभियान

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को मादक पदार्थों के दुरूपयोग को समाप्त करने हेतु जागरूकता अभियान चलाये जाने को लेकर आवश्यक बैठक संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ आयोजित हुई। बैठक में दिनांक 19 जून से 26 जून 2024 तक लोहरदगा जिला में विभिन्न विभागों के साथ समन्वय से कार्ययोजना बना कर अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया गया। इसमें समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, डालसा, उत्पाद विभाग, पंचायती राज विभाग, खेल विभाग, जेएसएलपीएस, भारत स्काउट एवं गाईड, नेहरू युवा केंद्र, एलजीएसएस समेत अन्य विभागों एवं संस्थानों के सहयोग से एक वृहद अभियान चलाया जाएगा। बैठक में सभी विभागों को उनके दायित्वों से अवगत कराया गया और अभियान को सफल बनाये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई और मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों की रोकथाम की जानकारी दी गई। बैठक में डालसा सचिव राजेश कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह, उत्पाद अधीक्षक अनिल शर्मा समेत अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### मरीन ड्राइव में डिवाइडर से टकरा कर दूसरे लेन में जा गिरी कार

**जमशेदपुर।** सोनारी थाना अंतर्गत मरीन ड्राइव में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर दूसरे लेन में जा गिरी. इस घटना के बाद स्थानीय लोग कार की तरफ भागे और कार सवार दो लोगों को कार से बाहर निकाला। घटना में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। हालांकि, कार सवार दोनों युवकों को चोट नहीं आई है। स्थानीय लोगों के अनुसार कार सवार दोनों युवक नशे की हालत में थे। इधर, सूचना पाकर पुलिस पहुंची और कार को जब्त कर लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार कार सोनारी से साकची की ओर जा रही थी। अचानक कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर पर चढ़ते हुए दूसरे लेन में जा गिरी। इस दौरान कार हवा में काफी ऊंचाई तक उछल गई थी।

### भाजमो नेताओं ने किया रामदीन बागान और मनीफिट का दौरा

**जमशेदपुर।** संपर्क समस्या समाधान अभियान के तहत और जमशेदपुर पश्चिमी के के तहत विधायक सरयू राय के निर्देश पर शुक्रवार को लक्ष्मीनगर मंडल भाजमो के पदाधिकारियों ने रामदीन बागान एरिया और मनीफिट एरिया का भ्रमण किया। इस दौरान पार्टी के नेताओं ने लोगों से बात की और उनकी समस्याओं को जाना। साथ ही सड़क, नाली, बिजली, चापाकल समेत अन्य समस्याओं को रजिस्टर में दर्ज किया। इन सारी समस्याओं के समाधान के लिए वे विधायक सरयू राय को अवगत कराएंगे। रामदीन बागान में 2ए के रोड में पाया गया कि घरों के बगल से एक नाला गया है, जिसकी सफाई नहीं होने के कारण बरसात में पूरा पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। उसकी सफाई करने के लिए जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया कमेटी के अधिकारी को निर्देश दिया जायेगा। कई चापानला और स्ट्रीट लाइट खराब थे। उसकी भी मरम्मत का निर्देश दिया जायेगा। इस दौरान लक्ष्मी नगर मंडल अध्यक्ष विनोद राय, विनोद यादव, नवीन कुमार, राजू, अमरेश, करनदीप सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष शीला नाथ पांडे समेत कई बस्तीवासी उपस्थित थे।

### लखाईडीह जंगल में सबर की धारदार हथियार से हत्या

**डुमरिया।** डुमरिया थाना क्षेत्र के लखाईडीह आश्रम टोला निवासी दोदनो सबर (47) की जघन्य हत्या गुरुवार को धारदार हथियार से कर दी। हत्या के आरोपी लखाईडीह टोला हाथियाबेड़ा चोधरा बांडरा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। शुक्रवार को मृत दोदनो सबर के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के संबंध में मृतक की पत्नी कुनी सबर ने बताया कि गुरुवार शाम को दोनों पति-पत्नी जंगल लकड़ी चुनने गए थे। इस दौरान आरोपी चोधरा बांडरा ने जंगल में ही दोदनो सबर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

# वज्रपात से हुई 26 मवेशियों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

सलिया प्रखंड के कोलरकोंदा पंचायत के कोलाबगान स्थित बिठा जंगल में वज्रपात से 26 मवेशियों की मौत हो गयी. घटना शुक्रवार सुबह की है। जंगल में चरने गए 26 मवेशियों की बारिश के साथ हुए वज्रपात के चपेट में आने से मौत हो गई। इसमें इसमाईल के 1, काहा हेम्ब्रम के 6, उकिल हेम्ब्रम के 5, पताई के 2, बाबूसोना मुर्मू के 2, लूजिन मुर्मु के 1, टेना हेम्ब्रम के 2, रमेश किस्कु के 3 सहित 26 मवेशी शामिल हैं।



मुखिया उकिल मुर्मू ने बताया कि मवेशी पालको ने उन्हें घटना की जानकारी दी जिसके बाद उन्होंने घटनास्थल पर पहुचकर जायजा लिया तो पाया कि 12 बैल, 04 बछड़ा और 10 दुधारू गाय की मौत हुई है। खेती के लिए किसान बिचाली की बुवाई कर रहे हैं। ऐसे समय में मवेशियों की मौत की घटना ने किसानों की कमर तोड़ दिया है। पीड़ित किसानों ने मुआवजा की मांग की है। इस संबंध में बीडीओ अजफर हसनैन ने कहा कि इसको लेकर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी को जानकारी दिया गया है। जांच कर व मवेशियों का पोस्टमार्टम कराकर इसमे जो प्रावधान है उसके मुताबिक पशु पालकों को मुआवजा दिया जाएगा।

## मृतक के परिजनों से मिले बाबूलाल मरांडी, दिया आर्थिक सहयोग



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी शुक्रवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के गावां प्रखंड के बिरने पहुंचे। यहां उन्होंने गत 17 मई को अवैध माइका खदान में चाल धंसने से हुए दो महिलाओं की मौत पर शोकाकुल परिजनों से मिले और ढांढस बंधाया। कहा कि पीड़ित परिवार के इस दुख की घड़ी में हमसभी साथ है। बता दें कि मृतका के छोटे-छोटे बच्चे हैं। हादसे में मां की गुजर जाने के बाद बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पिता का निधन कुछ साल पूर्व ही किसी बीमारी से हो गई थी। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग भी किया। वहीं खदान हादसे में घायल किशोरी को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेजने की बात कही। साथ ही बच्चों की पढ़ाई लिखाई में सहयोग देने का आश्वासन दिया। मौके पर मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर राव, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, मनोज यादव, श्रीराम यादव, अंकज सिंह, पवन सिंह, विशाल पांडेय, अजीत शर्मा, बब्लू साहा, राजकुमार यादव समेत कई उपस्थित थे।

### जेम्को ग्राउंड में चार दिन में काट दिए गए 10 पेड़

**जमशेदपूर।** टेल्को क्षेत्र स्थित जेम्को ग्राउंड में चौथे दिन शुक्रवार को भी पेड़ों कटाई जारी रही। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने आज भी भारी विरोध जताया। इसके बाद पेड़ों की कटाई बंद हुई और कंपनी के कर्मी वहां से वापस लौटे। कटाई व विरोध के दौरान यहां की डीएफओ को जानकारी दी गयी। इसके बाद कटाई रुकी। हालांकि इस संबंध में पूछने पर डीएफओ ने सिर्फ यही बताया कि कार्रवाई कर दी गयी है। क्या कार्रवाई की गयी। इस सवाल पर उन्होंने कोई जवाब देना उचित नहीं समझा। हालांकि पेड़ों की कटाई कंपनी प्रबंधन की ओर से करायी जा रही है। बताया गया है कि चूंकि इन पेड़ों को अन्यत्र शिफ्ट किया जाना है। इसलिए इन पेड़ों की छंटाई की जा रही है। जम्को ग्राउंड में मिश्रा बागान की तरफ अवस्थित करीब 10 पेड़ों को काटा गया है। ये सभी पेड़ करीब 40 वर्ष पुराने बताये जाते हैं। इसकी वजह से सभी क्षेत्रवासी खासे परेशान हैं। एक तरफ सरकार से लेकर सभी सामाजिक संगठनों का पेड़-पौधे लगाने पर जोर है। समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। वहीं यहां पेड़ों कटाई की जा रही है। स्थानीय निवासी व समाजसेवी करनदीप सिंह ने बताया कि इस क्षेत्र में पेड़ों की लगातार चौथे दिन भी कटाई की गयी। इस विषय में उन्होंने आज जमशेदपुर की डीएफओ को सूचित किया। डीएफओ ने उन्हें आश्वस्त किया है कि इस संबंध में कार्रवाई की गई है।

### कॉमर्स में घट रहा छात्रों का रुझान



**जमशेदपूर।** दसवीं अथवा मैट्रिक परीक्षा परिणामों की घोषणा के बाद से ही इन दिनों कॉलेजों व प्लस टू स्कूलों में दाखिले की दौड़ चल रही है। लगभग सभी स्कूल व कॉलेजों में एडमिशन के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। अब वहां मेरिट लिस्ट निकाले जा रहे हैं, जिसके आधार पर विद्यार्थियों को एडमिशन के लिए बुलाया जा रहा है। इस क्रम में इस बार कॉमर्स में एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में कम देखी जा रही है। स्थिति यह है कि कई कॉलेजों में कॉमर्स की सभी सीटों पर एडमिशन पूरा होना भी मुश्किल हो गया है। कॉलेजों की ओर से भी बताया जा रहा है कि इस बार पिछले वर्षों की तुलना में कॉमर्स में एडमिशन के लिए अपेक्षाकृत कम विद्यार्थियों ने आवेदन किया है।करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने बताया कि मौजूदा दौर में विद्यार्थी अपने भविष्य को देखते हुए स्ट्रीम का चयन कर रहे हैं। साइंस के विद्यार्थी मेडिकल और इंजीनियरिंग के अलावा एमबीए समेत अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं में भी शामिल हो सकते हैं। इसी तरह आर्ट्स में करियर के कई द्वार खुलते हैं, लेकिन कॉमर्स में शायद विद्यार्थियों को करियर सीमित नजर आने लगा है। संभवतः यही वजह है कि अधिकतर विद्यार्थियों का रुझान साइंस और उसके बाद आर्ट्स की ओर देखने को मिल रहा है।

## घर में जा घुसा तेज रफ्तार ट्रक, महिला की मौत

**नीवन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) जिला के कमलपुर थाना क्षेत्र के बांगुड़दा आर्दश ग्राम में एक अनियंत्रित ट्र्क कच्चा मकान में घूस गया। ट्रक के चपेट में आने से घर में महिला को कुचल दिया। जिससे उनकी मौत हो गई। इस दुर्घटना में 29 वर्षीय आन्ना महतो गंभीर रुप से घायल हो गईं। आन्ना के पति सनातन महतो को भी चोटें आयीं हैं। घटना गुरुवार की रात के करीब तीन बजे की है। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया है। स्थानीय लोगों ने घायल वृद्ध महिला व आन्ना महतो को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भरती कराया है। अस्पताल के चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं सनातन का इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार महिला मजदूरी कर जीवन यापन करती है। वह सुबह जल्दी उठकर खाना बनाने की तैयारी कर रही थी। इसके पहले वह घर के बाहर ही दातुन कर रही थी, वहीं सनातन महतो



घर के भीतर बच्चों के साथ सोया था। अचानक ट्रक घर में जा घुसा और आन्ना को अपनी चपेट में ले लिया। घर पर लगा एसबेस्टस सनातन के ऊपर गिर गया जिससे वह भी घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सुबह घटनास्थल पर पहुंचे कमलपुर थाना प्रभारी दीपक कुमार ठाकुर ने पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

## मांगुर मछलियों से भरी पिकअप पलटी, सड़क पर मची मछली की लूट



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

धनबाद के तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत कोटालड्डा स्थित ओवरब्रिज में शुक्रवार की सुबह प्रतिबंधित थाई मांगुर मछलियों से भरी एक पिकअप वैन पलट गयी। इस बात की खबर सुनते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां पहुंचे और सड़क पर फैली मछलियां को लूट कर ले गएव घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची तोपचांची पुलिस ने एनएच कर्मियों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वैन को सड़क से हटायाव हालांकि तब तक ग्रामीण सारी मछलियां लूटकर जा चुके थेव तोपचांची पुलिस पिकअप वैन को जब्त कर थाना ले गई है।

**टायर ब्लास्ट होने के वजह से हुई घटना**

पिकअप वैन के चालक ने बताया कि प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली को लेकर बंगाल से बिहार के औरंगाबाद जा रहा था। इस दौरान रास्ते में पिकअप का टायर ब्लास्ट हो गया और अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके बाद लोगों की भीड़ को जितना मछली मिला उसे लेकर चले गए।

**बिहार व उत्तर प्रदेश के मंडियों में खपाया जाता है**

बता दें कि भारत सरकार और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने साल 2000 में ही विदेशी थाई मांगुर मछली को प्रतिबंधित कर दिया थाव बैन होने के बावजूद धड़ल्ले से थाई मांगूर मछली की तस्करी जारी है। इसकी तस्करी के लिए एनएच रोड सेफ जोन है। रोज कई गाड़ियां थाई मांगूर मछली को पश्चिम बंगाल से निकाल कर बिहार व उत्तर प्रदेश के विभिन्न मंडियों में खपाया जाता हैव वहीं पुलिस पता लगा रही है कि किसके संरक्षण और इशारे में प्रतिबंधित होने के बावजूद थाई मांगूर मछली की तस्करी की जा रही है।

## तंबाकू के दुष्प्रभाव विषय पर जागरूकता कार्यशाला का किया गया आयोजन

**नवीन मेल बेरमो**

कथारा स्थित के बी कॉलेज बेरमो में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सी सी एल कथारा के संयुक्त तत्वावधान में तंबाकू के दुष्प्रभाव विषय पर जागरुकता कार्यशाला का आयोजन दीप प्रज्वलित करते हुए किया गयाव इस अवसर पर प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस लोगों को जागरूक करने के लिए मनाया जाता हैव उन्होंने कहा कि तम्बाकू से मानव जीवन खतरे में हैव युवाओं को इससे बचना चाहिएव एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार ने कहा नशा नाश का द्वार हैव युवाओं को नशे की लत से बचाकर समाज को भी नशे की लत से



बचाना हैव स्वयं सेवक से जन जागरूकता का अपील कियाव सीसीएल के सी एस आर पदाधिकारी चंदन कुमार ने कहा तंबाकू जहर हैव इसका प्रयोग अंततः मौत की ओर ले जाती हैंव प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति ने कहा विश्व तंबाकू निषेध दिवस लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में याद दिलाता है जिसमें कई गंभीर बीमारियां शामिल हैं।

आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर डा अरुण कुमार रॉय महतो ने कहा दुनिया भर में अधिक मौतें तंबाकू सेवन से होती हैंव इसके दुष्प्रभावों की जानकारी से अवगत रहना सुरक्षा के लिए पहली शर्त है।

## थाना रोड कब्जा करने वाले दुकानदारों को पुलिस ने दी चेतावनी

**नवीन में संवाददाता। आदित्यपुर**

आदित्यपुर थाना रोड में सड़क किनारे फल व सब्जी विक्रेताओं द्वारा सड़क का अतिक्रमण किए जाने के विरुद्ध शुक्रवार को ट्रैफिक पुलिस व आदित्यपुर थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। इस दौरान दुकानदारों को केवल चेतावनी दी गई, उन्हें हटाने की कार्रवाई नहीं की गई। बता दें कि यहां सड़क किनारे अतिक्रमण कर बैठे दुकानदारों की वजह से हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इस अभियान में ट्रैफिक प्रभारी राजेश कुमार सिंह और आदित्यपुर थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह शामिल रहे। बता दें कि लगातार आदित्यपुर थाना रोड जाम होने की शिकायत जिला प्रशासन से की गई है। मौके पर मौजूद ट्रैफिक प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने सभी सब्जी व फल विक्रेताओं को चेतावनी देते हुए सड़क खाली करने का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि दोबारा सड़क किनारे अतिक्रमण कर दुकान लगाने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दुकानदारों के फल और सब्जियों को जब्त किया जाएगा। आदित्यपुर थाना प्रभारी ने बताया कि सभी सब्जी दुकानदारों को 34 के तहत नोटिस दिया जा रहा है कि वह दोबारा सड़क किनारे अवैध कब्जा नहीं करें, नहीं तो आगे कठोर कार्रवाई होगी।

## न्यूज | बॉक्स

### मनोहरपुर चिड़िया सेल के ठेका श्रमिक की लू लगने से मौत

**मनोहरपुर।** मनोहरपुर आईरन ओर माइंस चिड़िया(सेल) ठेका कंपनी(एनएसपीएल) के श्रमिक की बीते गुरुवार शाम में काम के दौरान मौत हो गईव मृतक ठेका श्रमिक 59 वर्षीय रमेश पूर्ती मनोहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बचमगुट मीना बाजार का रहने वाला हैव मृतक के बड़े पुत्र बुधलाल पुर्ती ने बताया कि पिताजी चिरिया माइंस के एनएसपीएल के ठेका श्रमिक का काम करते थेव रोजना की तरह गुरुवार को भी सुबह 6 बजे अपने साइकिल से चिड़िया माइंस जाने वाले मार्ग स्थित पाथरबासा रिंगासाई के समीप सड़क की मरम्मती का काम कर रहा थे। परिजनों ने गुरुवार की देर रात तक खोजबीन किया लेकिन नहीं मिले। शुक्रवार की सुबह जब काम स्थल गए तो देखा कि साइकल के कुछ दुर झाड़ी में शव पड़ा हुआ थाव शव के मुंह से खुन आ रहा था, यह कयास लगाया जा रहा है कि श्रमिक की लू लगने से घटनास्थल पर ही मौत हो गईव मालूम हो कि मृतक ठेकाकर्मी रमेश पुर्ती की सुध लेने के लिए चिड़िया माइंस के मजदूर यूनियन के कोई भी नेता नहीं पहुंचे और ना ही सेल या ठेका कंपनी के कोई कर्मचारी पहुंचाव कई दिनों से प्रचंड भीषण चिलचिलाती धूप गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हैव आम लोगों का घर से निकलना मुश्किल हैव ऐसे में खुले आसमान के नीचे काम कर रहे श्रमिकों की मजबूरी है।

### पिकअप वैन और कंटेनर में जोरदार टक्कर, दो घायल



**गिरिडीह।** डुमरी थाना क्षेत्र के कोठी बगीचा के समीप एन एच-19 पर शुक्रवार की सुबह एक पिक-अप वैन पलट गया। इस वाहन में आम लदा हुआ था। इस घटना में वाहन का चालक एवं उप चालक घायल हो गया। घायलों को पुलिस द्वारा एम्बुलेंस से रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। जहांप्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया। बताया जाता है कि उक्त वाहन भागलपुर से आम लोड कर राउरकेला उड़ीसा जा रहा था। तभी उक्त स्थान पर वैन को एक कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दिया और यह दुर्घटना हो गई। वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया इस कारण आम सड़क पर बिखर गया। पुलिस की सक्रियता से आम सुरक्षित रहा। इधर घटना के बाद कंटेनर चालक अपने वाहन को खड़ा कर भाग गया। वहीं पिक-अप वैन के पलट जाने से वैन चालक महेश प्रधान (43) और खलासी भोला पात्र (41) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों उड़ीसा के निवासी बताए जा रहे हैं। घटना में कंटेनर का एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस की जांच में ही दुर्घटना के सही कारणों का पता चल पाएगा।

### एलबीएसएम कॉलेज के छात्रों ने रैली निकाल कर दिया तंबाकू से परहेज करने का संदेश



**जमशेदपूर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को करनडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार झा समेत सबों ने तंबाकू से परहेज तथा समाज में इसके दुष्प्रभावों को बताते हुए इससे दूर रहने का संदेश देने की शपथ ली। प्राचार्य डॉ झा ने सर्वप्रथम विद्यार्थियों को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि तंबाकू युवाओं को अंदर से खोखला कर रहा है। हमें तंबाकू से होने वाली हानिकारक एवं भयंकर बीमारियों के बारे में जानना चाहिए तथा समाज को भी जागरूक करना चाहिए। कॉलेज में यह कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के बीच तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने तंबाकू निषेध का संदेश देते हुए रैली भी निकाली। कार्यक्रम में डॉ डीके मित्रा, प्रो पुरषोत्तम प्रसाद, डॉ विनय कुमार गुप्ता, डॉ दीपंजय श्रीवास्तव, प्रो विनोद कुमार, प्रो अरविंद पंडित, प्रो रितु, विनय कुमार समेत छात्र-छात्राए शामिल हुए।


**Government of Jharkhand**

**कार्यालय गुमला नगर परिषद, गुमला**

**आम-सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अनुमण्डल पदाधिकारी, गुमला, अंचल अधिकारी, गुमला एवं प्रशासक, नगर परिषद, गुमला के द्वारा संयुक्त रूप से नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत पार्किंग हेतु स्थल चिन्हित किया गया है, जो निम्नवत है :–

| क्र.सं. | स्थल का नाम |
|---|---|
| 1. | सिसई रोड में संत इग्नासियुस+2 विद्यालय के घेराबंदी के सामने |
| 2. | सिसई रोड में भट्ठी तालाब घेराबंदी के सामने |
| 3. | थाना रोड में महिला थाना परिसर के घेराबंदी के सामने |
| 4. | लोहरदगा रोड में पुराना सरकारी बस डिपू परिसर |
| 5. | जशपुर रोड में PWD घेराबंदी से सटकर एवं टंगरा मार्केट क्षेत्र |
| 6. | जशपुर रोड में बिरसा एग्रो पार्क प्रवेश द्वार के आस पास के क्षेत्र |
| 7. | कोर्ट परिसर में लाईब्रेरी एवं परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के आस पास के क्षेत्र |

उपर्युक्त स्थलों को पार्किंग क्षेत्र के रूप में घोषित करने के संबंध में यदि किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 15 दिनों के अन्दर लिखित रूप से नगर परिषद कार्यालय, गुमला में आवेदन समर्पित करेंगे।

15 दिनों के उपरांत किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।

प्रशासक
गुमला नगर परिषद, गुमला

PR 325224 District(24-25).D


## अभियान चलाकर पर्यावरण की सुरक्षा व संरक्षण को ले किया गया जागरूक

**पर्यावरण सप्ताह में वन विभाग ने पेड़-पौधे लगाने और प्लास्टिक का कम उपयोग करने की अपील की**

**आज तापमान 47 डिग्री हुआ है तो लोग परेशान हो गए हैं जब तापमान 55-57 डिग्री पहुंचेगा तब लोगों जा जीना मुहाल हो जाएगा**




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

आगामी विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे पर्यावरण सप्ताह के दौरान जगह -जगह जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा व संरक्षण के विषय में जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी मे शुक्रवार को तिसरी वन विभाग की टीम ने भी प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न गांवों मे जागरूकता अभियान चलाकर लोगों से पर्यावरण के संरक्षण की अपील की। वनपाल अमर विश्वकर्मा के नेतृत्व मे उप वन परिसर पदाधिकारी अशोक कुमार, पवन विश्वकर्मा, मुकेश दास, दिनेश दास आदि वनकर्मियों ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों मे जाकर ग्रामीणों को पर्यावरण की महत्वता समझाइ।

साथ ही जलवायु परिवर्तन के विषय में समझाते हुए कहा कि आज इस बढ़ती गर्मी का सबसे बड़ा कारण पेड़ -पोधों की कटाई ही है। आज तापमान 47 डिग्री हुआ है तो लोग परेशान हो गए हैं जब तापमान 55-57 डिग्री पहुंचेगा तब लोगों जा जीना मुहाल हो जाएगा । जिस प्रकार से आज जलवायु परिवर्तन हो रहा है यह दिन भी दूर नहीं लगतो इसलिए अधिक से अधिक पेड़ - पौधे लगाएं, साफ -सफाई रखें और प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें इस दौरान वनकर्मियों ने बिट कार्यालय परिसर की सफाई के साथ -साथ अबरखा समेत अन्य जगहों के जलाशयों की भी सफाई की । बताते चलें कि वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आगामी विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 26 मई से 5 जून 2024 तक पर्यावरण सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके तहत पेड़ पौधों का रोपण ,मरुस्थलीकरण का खात्मा ,भूमि का संरक्षण करके भविष्य को सुरक्षित बनाएं ,सुखा को हराओ प्रकृति के साथ जुड़ाव बढ़ाओ आदि वाक्यों के साथ लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा व संरक्षण हेतु जागरूक किया जा रहा है ।

# अंधाधुंध विकास और जानलेवा गर्मी के संदेश

**कहा** जाता है महाजनो येन गतो सः पंथा यानी बड़े लोग जिस रास्ते चलते हैं वही राह सही है। देश की राजधानी और एनसीआर का विकास लगभग नौ दशकों में हुआ जब इसे राजधानी बनाया गया पर आज प्रकृति उन भूलों का दंड भी रही है और संदेश भी जो शेष भारत के लिए है। राजधानी में दो दशकों में दिन और रात के तापमान के बीच का अंतर कम हो गया है। दिलचस्प यह कि दिल्ली देहात व शहरी क्षेत्र की रातों के तापमान में बड़ा फर्क है। इसकी वजह दिल्ली की बहुमंजिला इमारतें और घनी बसावट है। बढ़ते कंक्रीट के जंगल ने ये संकट बढ़ाया है। इसके अलावा बेतहाशा बढ़ते वाहनों व एसी ने भी गर्मी बढ़ा दी है। इससे रातें ज्यादा गर्म हो रही हैं। हाल ही में सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरमेंट (सीएसई) ने 2001 से 2024 की जानलेवा गर्मी का विस्तृत अध्ययन किया है। इसके मुताबिक, 2001-2010 के बीच दिन व रात के तापमान में औसतन 12.3 डिग्री का अंतर था। 2014 से 2023 यह आंकड़ा 11.2 डिग्री सेल्सियस रह गया। 2023-2024 में यह अंतर और भी कम हो गया। इसे 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस हिसाब से 20 सालों में दिन और रात के तापमान में औसतन 2.5 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। मसलन, अगर इस बीच दिन का औसत तापमान 40 डिग्री रिकॉर्ड किया गया तो रातें 37.7, 38.8 व 40.2 डिग्री सेल्सियस तक गर्म रहीं। वहीं, 2014 से 2023 के दौरान नमी 8% तक बढ़ी, तो गर्मी के इंडेक्स में 3.3% का इजाफा देखा गया। विशेषज्ञों के मुताबिक, गर्म रातें दोपहर के अधिकतम तापमान जितनी ही खतरनाक हैं। यदि रात भर तापमान अधिक रहता है, तो लोगों को दिन की गर्मी से उबरने का बहुत कम मौका मिलता है। शहर का केंद्र जिसमें अधिक निर्मित क्षेत्र और जनसंख्या है, वह बाहरी क्षेत्रों की तुलना में 2.9 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म है। अध्ययन में कहा गया है कि भविष्य में अत्यधिक गर्म रातों से मौत का खतरा लगभग छह गुना तक बढ़ सकता है। शहरी क्षेत्रों में दिन व रात के तापमान के बीच में अंतर आ रहा है। साल दर साल तापमान का अंतर घट रहा है। इससे रात को भी गर्मी नहीं निकल पा रही है। ऐसे में हरित क्षेत्र में बढ़ोत्तरी, जलाशयों के निर्माण के साथ-साथ भवनों की संरचना में ऐसे बदलाव लाए जाने चाहिए, ताकि वे तापमान के ज्यादा अनुकूल हो सकें। झारखंड में रांची,पलामू,बोकारो,धनबाद सहित अनेक क्षेत्र ऐसे हैं जो अब चेतावनी दे रहे हैं जिसे तदर्थवादी रवैये से नहीं दीर्घ और लघु योजनाओं से ठीक करना होगा जिसके लिए ईमानदार सरकार और जिम्मेदार अधिकारी चाहिए । वर्तमान परिदृश्य में यह दूर की कौड़ी दिखती है क्योंकि हम इस भीषण गर्मी को एक मौसमी प्रकोप और मामूली समस्या मानते हैं । वन विभाग,कृषि और स्वयंसेवी संथाओं को ही आगे आना होगा पर यदि इसे भी पैसे कमाने का माध्यम बना दिया जाए तो समस्या और गहरी होगी।

**विशेषज्ञों के मुताबिक, गर्म रातें दोपहर के अधिकतम तापमान जितनी ही खतरनाक हैं। यदि रात भर तापमान अधिक रहता है, तो लोगों को दिन की गर्मी से उबरने का बहुत कम मौका मिलता है। शहर का केंद्र जिसमें अधिक निर्मित क्षेत्र और जनसंख्या है, वह बाहरी क्षेत्रों की तुलना में 2.9 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म है। अध्ययन में कहा गया है कि भविष्य में अत्यधिक गर्म रातों से मौत का खतरा लगभग छह गुना तक बढ़ सकता है। शहरी क्षेत्रों में दिन व रात के तापमान के बीच में अंतर आ रहा है। साल दर साल तापमान का अंतर घट रहा है।**

इन दिनों

# 2024 का लोकसभा चुनाव में जनता की खामोशी के मायने


विजय केसरी

**2024** का लोकसभा चुनाव कैसा नतीजा लेकर आएगा ? इस सवाल पर देश भर में बड़े जोर शोर से चर्चा चल रही है। यह चर्चा समाज के हर वर्ग के लोगों के बीच चल रही है । गांव के छोटे से चाय की दुकान से लेकर बड़े शहरों के बड़े-बड़े होटलों में इस बार किसकी सरकार बनेगी? देश की जनता का रुख किस ओर है? इन्हें दो बिंदुओं पर चर्चा चल रही है।? इस बार का लोकसभा चुनाव कैसा परिणाम लेकर सामने आएग? सबों का ध्यान इसी और लगा हुआ है। छः चरणों में लोकसभा के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। अब तक इस लोकसभा चुनाव में पूरी शांति भी दिख रही है। चुनाव के दौरान जान माल का कोई विशेष नुकसान भी नहीं हुआ है। सिर्फ पश्चिम बंगाल ही एक ऐसा राज्य रहा, जहां चुनाव के दौरान मारपीट की घटनाएं सामने आईं। बिहार में भी दो सीटों पर पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच आपसी झगड़े हुए । लेकिन स्थिति तुरंत नियंत्रण में कर ली गई। वहीं हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के कटकम दाग थाना क्षेत्र के लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया। 1 जून को सातवें चरण का चुनाव होना है। 57 लोकसभा सीटों पर 1 जून को चुनाव होंगे। 30 मई की शाम को चुनाव प्रचार समाप्त भी हो गए । इतनी भी भीषण गर्मी के बावजूद इन 57 सीटों पर सभी प्रत्याशियों ने जोरदार मेहनत की। भाजपा 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार ज्यादा मेहनत करती दिखाई पड़ी।? इंडिया गठबंधन के नेता गण 2024 का लोकसभा चुनाव जीतने के लिए गत 2019 लोकसभा चुनाव की तुलना में ज्यादा मेहनत की। भाजपा के बड़े नेताओं ने इस बार सबसे ज्यादा रोड शो और जनसभाएं की। वहीं इंडिया गठबंधन के नेताओं ने मोदी की गारंटी को न सिर्फ नकारा बल्कि मोदी को देश की सत्ता से बाहर कर देने का आह्वान भी किया है। एक ओर भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का ढिंढोरा पीटते तक नहीं रही हैं। भाजपा, टीवी, अखबार और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मोदी की गारंटी के प्रचार पर पानी की तरह पैसा बहा रही है। भारतीय जनता पार्टी, जनता को अपनी ओर लुभाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। वही कांग्रेस पार्टी सहित इंडिया गठबंधन में शामिल सभी पार्टी और दालों के नेता जनता को अपनी ओर लुभाने के लिए कई तरह के आर्थिक मदद देने का वादा कर रहे हैं। जनता खामोशी के साथ इंडिया गठबंधन और एनडीए के नेताओं के प्रचार को सुन और देख रही है। जनता पक्ष और विपक्ष दोनों के कार्यक्रमों में भारी संख्या में शामिल भी हो रही है। इस बार चुनाव विश्लेषक भी लोकसभा चुनाव के संभावित परिणाम पर स्पष्ट रूप से कुछ कह नहीं पा रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में देश की जनता सत्ता इंडिया गठबंधन अथवा एनडीए के हाथों में सौंपेगी? जनता की खामोशी के कारण कोई स्पष्ट तस्वीर उभर कर सामने नहीं आ रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए ने सबसे ज्यादा रोड शो किया। इनके स्टार प्रचार जिन-जिन संसदीय क्षेत्रों में रैलियां की सब में जनता की अपार भीड़ जुटती रही। वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के नेताओं ने भी जिन - जिन संसदीय क्षेत्रों में रोड शो और रैलियां की, सभी कार्यकर्मों में जनता की भारी भीड़ जुटी। दोनों गठबंधनों के चुनावी कार्यक्रमों में भारी संख्या में जनता जुट रही है। अव यह निष्कर्ष लगाना बहुत मुश्किल हो गया है कि जनता किसके साथ है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित भाजपा के बड़े नेताओं के चुनावी जनसभाओं में जनता की अपार भीड़ देखी गई। उन्हीं संसदीय क्षेत्रों में इतनी भीषण गर्मी में भी इंडिया गठबंधन के राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी, मल्लिकाअर्जुन खड़गे, तेजस्वी यादव,अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी आदि नेताओं के चुनावी जनसभाओं में जनता की भारी फिर जूटी। इस भीड़ को देश भर के लोग अपने-अपने आसपास और टीवी स्क्रीन पर देख रहे थें । इन चुनावी सभाओं और रेलियों में काफी संख्या में पत्रकार भी समाचार कवरेज के लिए पहुंचते रहे। मेरा कई पत्रकारों साथियों से इस संबंध में बातचीत हुई । मैंने उन सबों से पूछा कि किस गठबंधन की ओर जनता का रुझान है? हमारे पत्रकार साथियों ने कहा कि चुनावी सभाओं, रेलियों और रोड शो में शामिल लोगों को देखकर, उनसे बातचीत कर खुद कंफ्यूज हूं। हमारे पत्रकार साथियों ने स्पष्ट किया कि इस बार के चुनाव में कोई भी पिक्चर उभर कर सामने नहीं आ पा रही है। दोनों गठबंधन की रेलिया में जनता की भीड़ समान रूप में दिखाई दी। जब जनता से सवाल जब पूछे जाते हैं तब जनता खामोश ही रहना पसंद करती हैं। जनता यहां तक कह दी कि देखिए ! 5 जून को रिजल्ट आ ही जाएगा। आगे पत्रकारों ने बताया कि आज के मतदाता पूर्व की तरह नहीं रह गए हैं। जनता अब ज्यादा चालाक हो गई है। जनता अब बातों को समझने लगी हैं। जनता अब भावना में बहकर कर अपने मत का प्रयोग नहीं करना चाहती है बल्कि जनता अपने संसदीय क्षेत्र और देश के लिए कौन नेता उचित होंगे? इसका चयन बहुत ही गंभीरता के साथ कर रहे हैं। इसलिए जनता खामोश रह रही है। चुनाव विश्लेषकों सहित पत्रकारों को चुनाव परिणाम पर एक राय बनाने में बड़ी परेशानी हो रही है। इसलिए 2024 के लोकसभा चुनाव में संभावित परिणाम क्या सामने आएंगा? कोई एक राय बन नहीं बन नहीं पा रही है। लोकसभा चुनाव की घोषणा के पूर्व टीवी चैनल ने 2024 के लोकसभा चुनाव पर संभावित एग्जिट पोल के परिणाम जारी किया था। उस आधार पर अधिकांश समाचार चैनलों ने एनडीए की सरकार बनने की भविष्यवाणी की थी । लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद परिस्थितियों में काफी बदलाव आया। चुनाव प्रचार के दौरान जनता से सीधे नेताओं का संवाद स्थापित हुआ। पांच साल तक नेता ए.सी. कमरे में बैठकर सत्ता का संचालन कर रहे थे। अब नेता जनता के सामने उपस्थित हुए। नेता, जनता से साथ सीधा संवाद स्थापित किए। चुनाव प्रचार के दौरान नेता जनता से कई तरह के वादे भी किए । चुनाव के दौरान जनता भी नेताओं के अनुरूप अपनी मुस्कान बिखेरकर सबों को समर्थन देने का वादा कर रही है। विपक्ष जो बीते दस वर्षों से केंद्र की सत्ता से दूर है। विफक्ष, सत्ता पर बैठी एनडीए सरकार की कमियों को आम जनता के बीच रख रही है। जनता बहुत ही धैर्य के साथ पक्ष और विपक्ष की बातों को साथ सुन रही है। एक ओर भारतीय जनता पार्टी लगभग सभी मंचों से यह बात कह रही है कि इस बार 400 पार। अर्थात इस लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को चार सौं से अधिक सीटें मिलने जा रही है। वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के नेता भारतीय जनता पार्टी के 400 पार के नारे को पूरी तरह खारिज कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन के नेता एनडीए को सिर्फ 200 सीट ही मिलने की संभावना पर अपनी मुहर लगा रही है । क्या वाकई एनडीए को 200 सीटें मिल पाएगी ? वही इंडिया गठबंधन के नेता पूर्ण बहुमत मिलने की बात कह रहे हैं। इंडिया गठबंधन के एक बड़े नेता दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि एनडीए को 200 से कम सीटें मिलेंगी और इंडिया गठबंधन को 300 से अधिक सीटें मिलेंगी। अगर यह बात सच साबित होती है, तो देश की राजनीतिक तस्वीर कुछ और ही उभर कर सामने आएगी। अगर भाजपा की 400 पार की भविष्यवाणी सच साबित हुई तो इंडिया गठबंधन के नेताओं के समक्ष कई मुश्किलें खड़ी हो जाएंगी । 2024 के लोकसभा चुनाव में चुनाव में जैसी शांति देखी, इससे पहले लोकसभा के चुनाव में ऐसी शांति और खामोसी कभी नहीं देखी। क्या इसका क्रेडिट चुनाव आयोग की बेहतर विधि व्यवस्था को दी जा सकती है। चुनाव आयोग ने देश में शांतिप्रिय चुनाव कराने के लिए सात चरणों में चुनाव कराने का जो निर्णय लिया, इसकी हर ओर प्रशंसा हो रही है। देश में मतदान का प्रतिशत बढ़े चुनाव आयोग ने हर संभव प्रयास किया। चुनाव आयोग सहित देश के सामाजिक संगठनों ने भी सत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों से आग्रह किया । इसके बावजूद देश में मतदान के प्रतिशत में एक से डेढ़ प्रतिशत का ही इजाफा हो पाया। उम्मीद थी कि 2024 के लोकसभा चुनाव में देश का वोट प्रतिशत लगभग 70 के आसपास पहुंचेगा, लेकिन यह संभव नहीं हो पाया। जनता की खामोशी क्या गुल खिलाती है? यह बात 5 जून को स्पष्ट जाएगी । 1 जून को सातों चरणों का चुनाव समाप्त हो जाएगा। रात तक एग्जिट पोल के परिणाम भी सामने आ जायेंगे। एग्जिट पोल किस पार्टी को सत्ता में बैठता है ? किस पार्टी को सत्ता से बाहर करता है? 1 जून की रात को हम लोग देखेगेंद। अब देखना यह है कि 5 जून को देश की जनता ने जो फैसला दिया है, एनडीए गठबंधन फिर से सत्ता में वापस आती है अथवा इंडिया गठबंधन बंधन की सरकार बनती है।

**(ये लेखक निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### इ वी एम मुक्ति हवन


डॉ. विनोद सिंह गहरवार

**लोकतंत्र** के महानुष्ठान के उद्यापन के बाद चिंतानंद जी मेरे घर आए। चेहरे पर उतनी ही चिंता जितनी पहले दिखती थी।खैर नाम के अनुरूप काम होना चाहिए। चिंतानंद जी विशुद्ध संस्कारी पुरुष हैं। अपने नाम के अनुरूप आचरण करते हैं। आजकल इसका पालन लोग कहाँ कर रहे हैं। एक ही परिवार के दस - बीस लोग प्राइवेट कंपनी खोलकर अपना नाम समाजवादी रख लेते हैं। कुछ लोग शीशमहल में रहते हैं और अपने आप को आम आदमी कहते हैं। कुछ लोग उदात्त परंपरा और संस्कृति को निर्मूल कर अपने आप को तृणमूल कहते हैं। किस-किसका नाम गिनाएँ सबका हाल एक जैसा है। आँख का अंधा नाम नयन सुख। इसलिए मैं जब चिंतानंद जी से मिलता हूँ तो भले और बातों से संतुष्ट रहूँ या ना रहूँ पर इस बात से संतुष्ट रहता हूँ कि भले ही वो चिंतनशील नहीं हैं पर चिंताशील तो हैं। आज इधर-उधर की बात छोड़ उनके आसन ग्रहण करते ही मैने पूछा, 'कहिये महात्मन! ऊंट किस करवट बैठेगा?' इस पर उन्होंने झट कहा, 'लेखक महोदय, तुम गलत सवाल पूछ रहे हो। तुम ये पूछो कि इवीएम किस करवट बैठेगी? क्यों कि मौजूदा सरकार हमेशा इससे छेड़छाड़ करती है।' मैने कहा, 'वे छेड़छाड़ करते हैं या नहीं इसका कोई प्रमाण तो नहीं है पर आपलोग हारने के बाद इसके साथ छेड़छाड़ की बात कर बेचारी का चरित्र हरण करने से बाज नहीं आते।' इस पर चिंतानंदजी टीवी पर बैठे विरोधी दल के प्रवक्ता की तरह झुंझला कर बोले, 'इसमें चरित्र हरण की कोई बात नहीं है। जैसे सी बी आई उनकी, इडी उनकी , मिडिया उनकी उसी तरह इवीएम भी उनकी।' मैने कहा,' फिजूल की बातें छोड़ अच्छा होता आपलोग अपने घोषणापत्र पर चिंतन करते। आठ हजार, आठ सौ, अस्सी रुपये हर बेरोजगार के खाते में कहाँ से लाकर देंगे? आप इसपर शोध करते। गरीबी मिटाओ जैसी पुस्तैनी नारे की जगह खटाखट-खटाखट कैसे रोजगार पैदा करेंगे उसपर आत्ममंथन करते। चुनाव परिणाम के बाद आप वापस तीन तिरहुतिया तेरह चुल्हा न हो जायें उस पर विमर्श करते।' तब चिंतानंद मेरी बात काटते हुए बोले, 'इसके लिए एक तारीख को हम बैठक करने ही वाले हैं।' मैने कहा, 'इससे क्या होगा?' देखिए तो एक वो हैं जो चुनावी महापर्व के बाद कन्याकुमारी समाधी पर जा रहे हैं। एक आपलोग हैं, कोई जेल से निकलकर फिर जेल जा रहा है। कोई जेल जाने के कगार पर है तो कोई इंग्लैंड जाने वाला है, कोई बैंकाक और वो भी सारा दोष इवीएम के मत्थे मढ़कर'। इतना सुनकर चिंतानंद जी मेरे यहाँ से जाने के लिए उठकर खड़े हो गए। मैने कहा , 'महात्मन एक कप चाय तो पी लीजिए!' 'नहीं ! नहीं! इसी चाय ने तो इवीएम पर कब्जा जमा रखा है।हमें इवीएम मुक्ति हवन करवाना है। मैं चला....'

**(वरीय अंग्रेजी शिक्षक कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल,रातू, रांची)**

तीर्थ यात्रा

# चारधाम यात्रा के लिए सुगमता जरूरी


योगेश कुमार सोनी

**चारधाम** की पवित्र यात्रा के लिए देशभर से श्रद्धालु उत्तराखंड जाते हैं। हर वर्ष की भांति इस बार रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष यमुनोत्री, गंगोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम जाने के इच्छुक पर्यटकों की संख्या लगभग दोगुनी हुई है। लेकिन चिंताजनक बात यह है कि गंगोत्री व यमुनोत्री धाम की यात्रा के दौरान अब तक 14 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। वहीं, बदरीनाथ धाम में भी तीन यात्रियों की मौत रिपोर्ट की गई थी। ऐसे में कुल मिलाकर चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 17 श्रद्धालुओं की जान जा चुकी है। राज्य सरकार द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार 15 मई तक 1.65 लाख से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ, सत्तर हजार से अधिक यमुनोत्री और साठ हजार से अधिक तीर्थयात्री गंगोत्री की यात्रा कर चुके हैं। हर बार इस तरह की घटनाओं को देख कर पीड़ा यह होती है कि हम लगभग हर वर्ष ऐसी घटनाओं का शिकार होते हैं लेकिन हमारी सरकार क्यों नहीं जाग रही। आजतक कई हजार श्रद्धालुओं ने अपनी जान गंवा दी और जरा सोच कर देखिए कि ऐसे में जिसकी भी मौत होती है उसके परिजनों को कितनी परेशानी व दुख होता होगा। सरकार लगातार सड़कों, पुल व फ्लाईओवर का निर्माण कर हर रोज नए कीर्तिमान बना रही है लेकिन क्या यहां सुगमता बनाने के लिए सरकार सरकार किसी चीज के लिए बाध्य है? चारधाम यात्रा करना किसी भी इंसान के लिए एक बहुत बड़ा सौभाग्य माना जाता है। हर वर्ष लाखों लोग इस यात्रा के लिए जाते हैं। बीते शुक्रवार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 'चारधाम यात्रा राज्य की लाइफ लाइन है। यह यात्रा राज्य की आर्थिकी से भी जुड़ी है। जिस तेजी से यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है, हम सबका दायित्व है कि इसको सुगम और सरल बनाने में सभी मिलकर सहयोगी बनें। व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने में राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।' यह प्रयास हर वर्ष किए जाते हैं लेकिन सार्थक आज तक नहीं हुए। यात्रा को सुगम बनाने व इस प्रकरण पर काम करने के लिए बहुत काम किया जा सकता है लेकिन नहीं किया जाता। जिस तरह वहां श्रृद्धालुओं का तांता लगता है उसके लिए सीमित लोगों को ही यहां आने की अनुमति दी जाए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**सरकार लगातार सड़कों, पुल व फ्लाईओवर का निर्माण कर हर रोज नए कीर्तिमान बना रही है लेकिन क्या यहां सुगमता बनाने के लिए सरकार सरकार किसी चीज के लिए बाध्य है?**


बोधि वृक्ष

# शिरडी साईं बाबा का इतिहास



**शिरडी** के श्री साईं बाबा को सभी का भगवान माना जाता है। शिरडी को हिंदुओं और मुसलमानों के लिए एक पवित्र स्थान माना जाता है। हाल के दिनों में रूढ़िवादी ईसाइयों, पारसियों सहित सभी धार्मिक लोगों ने शिरडी के साईं बाबा की पूजा करना शुरू कर दिया है। **शिरडी के साईं बाबा का बचपन**

श्री साईं बाबा का जन्म वर्ष 1835 में पाटरी के एक ब्राह्मण दंपत्ति के घर हुआ था, जो ब्रिटिश भारत के निजाम राज्य में था। जहाँ उनके माता-पिता ने उन्हें फकीर को सौंप दिया। जब वे 5 वर्ष के थे, ये शब्द बाबा ने अपने अंतिम दिनों में प्रकट किए थे। लेकिन जन्म तिथि अभी भी दुनिया के लिए अज्ञात है। ऐसे बहुत से समुदाय हैं जो दावा करते हैं कि बाबा उनके संबंधित समुदाय से हैं, लेकिन इनमें से कोई भी दावा सिद्ध नहीं हुआ है। बाबा 16 साल की उम्र में पहली बार महाराष्ट्र के शिरडी गा।द्धंव आए थे। ( क्रमशः )

## फेसबुक वॉल से




## X - से

**ocean jain**
**@ocjain4**

**जून 2013**
**उत्तराखंड की जल प्रलय में 6000 अज्ञात लोग मारे गए,**
**4800 आज तक लापता हैं,**
**कुल 11000 मौतें हुईं।**
**कांग्रेस सरकार को इतनी बड़ी त्रासदी के बारे में तीन दिन बाद चला .....**
**जब एक हेलीकाप्टर पायलट ने देखा कि 'रामबाड़ा' तो गायब है और भागीरथी अपनी जगह से आधा किलोमीटर दूर बह रही है।**
**मरने वालों में हज़ारों हिंदु तीर्थयात्रियों के अलावा...... सैकड़ों राज्य सरकार ,बैंक कर्मी और सैकड़ों घोड़े वाले भी थे, .....**
**मगर तत्कालीन सोनिया-राहुल-बहुगुणा सरकारें हाथ पर हाथ धरे बैठी रहीं , .....**
**हज़ारों करोड़ का नुकसान हुआ**
**मगर मनमोहन सिंह ने सिर्फ सौ करोड़ दिये, और पहुँचे बमुश्किल 20-25 करोड़ !!**
**शेष दलालों ने उड़ा लिए!**
**'राहुल' विदेश दौरे पर था तो राहत कार्य का उद्घाटन कौन करता ?**
**ट्रकों को हरी झंडी कौन दिखाता,**
**फोटो किसका खिंचता ?**
**सो जब राहुल बाबा थाईलैंड से लौटे, तब राहुल और सोनिया के फोटो वाली राहत पेटियां तैयार हुईं, और पेटियों में पारले-G के बिस्कट रखकर राहत सामग्री का नाम दे दिया गया।**

Post your reply

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

# भारत की श्रुति व स्मृति में हैं राम


हृदयनारायण दीक्षित

भारत प्राचीन राष्ट्र है लेकिन कई यूरोपीय और देश के वाम विचार के विद्वान भारत को राष्ट्र नहीं मानते। इस विशाल देश में अनेक बोलियां, अनेक रीति रिवाज व अनेक भाषाएं हैं। वामपंथी इतिहासकार रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचयह्य में भारतीय संस्कृति को विलक्षण बताया है। यह शर्मा जी की लिखी सुंदर किताब है। उन्होंने लिखा है, ''भारत अनेकानेक मानव प्रजातियों का संगम रहा है। प्राक्आर्य, हिन्द आर्य, यूनानी, शक, हूण और तुर्क आदि प्रजातियों ने भारत को अपना घर बनाया है। प्रत्येक प्रजाति ने भारतीय सामाजिक व्यवस्था, शिल्प कला, वास्तु कला और साहित्य के विकास में यथाशक्ति अपना अपना योग दिया है। सभी समुदाय और उनके सांस्कृतिक वैशिष्ट्य इस तरह मिल गए हैं कि उनमें से किसी को हम उनके मूल रूप में पहचान भी नहीं सकते। ''यूनानी'', शक, हूण आदि इस तरह मिल गए कि उन्हें पहचानना कठिन है। शर्मा ने इस घुलनशीलता का श्रेय मूल भारतीय आर्य संस्कृति को नहीं दिया। इस्लाम भारतीय समाज में घुल नहीं पाया। ब्रिटिशों ने भारतीय संस्कृति, इतिहास परंपरा और दर्शन को परलोकवादी बताया। दुर्भाग्य से उनके निष्कर्ष यहाँ 'आधुनिक' कहे जाते हैं। यह चुनौती बड़ी है। देश में बाहर से आई प्रजातियों के योगदान की प्रशंसा उचित है। कला और साहित्य के विकास में भी उनके योगदान का उल्लेख सही है। लेकिन शर्मा जी ने यहां के मूल निवासी अभिजनों के रचनात्मक कार्यों की ओर ध्यान नहीं दिया है। भारत में वैदिक काल में ही शिल्प, वास्तु और साहित्य का विकास हो चुका था। भारत के लोग राष्ट्रीय एकता के लिए सक्रिय रहे हैं। इसका मूल कारण उनके चित्त में सक्रिय सांस्कृतिक राष्ट्रभाव था। रामशरण शर्मा ने भी लिखा है, ''भारत के लोगों ने इस विशाल उपमहाद्वीप को एक अखण्ड देश समझा। सारे देश को भरत नामक एक प्राचीन वंश के नाम पर 'भारतवर्ष' नाम दिया गया।'' ऋग्वेद के अनेक ऋषि भरतजन हैं। ऋग्वेद में इनकी चर्चा है। शर्मा ने लिखा है, ''हिमालय से समुद्र तक फैली यह भूमि को सार्वभौम राजा के द्वारा शासित क्षेत्र के रूप में कल्पित है। हिमालय से कन्याकुमारी तक। पूर्व में ब्रह्मपुत्र की घाटी से पश्चिम में सिन्धु पार तक अपना राज्य फैलाने वाले राजाओं का व्यापक यशोगान किया है।'' राष्ट्र यहां के निवासियों के लिए आराध्य रहा है। सो इस अखण्ड देश का राजा यशस्वी होना चाहिए। ऐसे राजा प्राचीन काल में चक्रवर्ती कहलाते थे। देश के बड़े भूभाग की राजनैतिक एकता का स्वप्न काल्पनिक नहीं था। ईसापूर्व तीसरी सदी में अशोक ने अपना साम्राज्य सुदूर दक्षिणांचल को छोड़कर सारे देश में फैलाया। इसके पहले चन्द्रगुप्त मौर्य का शासन भी उल्लेखनीय है। चैथी सदी में समुद्रगुप्त की विजय यात्रा गंगा की घाटी से तमिल देश के छोर तक पहुंची थी। शर्मा ने याद दिलाया है कि राजनैतिक एकता के अभाव में भी सारे देश में राजनैतिक ढांचा कमोबेश एक जैसा था। इसका कारण संस्कृति है। सांस्कृतिक एकता महत्वपूर्ण होती है।**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## टेक वर्ल्ड

# इंस्टाग्राम के इस नए फीचर्स का उठा सकते हैं फायदा

**इंस्टाग्राम** के शौकीन यूजर्स के लिए जल्द ही एक नया फीचर आने वाला है। इंस्टाग्राम इस पर अभी काम रह है। इसमें फीचर के ऑफिशियल रिलीज होने से पहले ही यूजर्स को उसे इस्तेमाल करने का अनुभव मिल सकता है। बता दें कि, ये फीचर वॉट्सऐप बीटा टेस्टर्स की तरह ही काम करेगा। इंस्टाग्राम के शौकीन यूजर्स के लिए जल्द ही एक नया फीचर आने वाला है। इंस्टाग्राम इस पर अभी काम रह है। इसमें फीचर के ऑफिशियल रिलीज होने से पहले ही यूजर्स को उसे इस्तेमाल करने का अनुभव मिल सकता है। बता दें कि, ये फीचर वॉट्सऐप बीटा टेस्टर्स की तरह ही काम करेगा। इस फीचर को इंस्टाग्राम ने इयरली एकसेस टू फिचर नाम दिया है। यहां यूजर्स एक्सपीरियंस के साथ ही अपने फीडबैक भी दे पाएंगे।




**रिलीज से पहले मिलेगा लुत्फ उठाने का मौका**

इंस्टाग्राम इस फीचर को यूजर्स के एक्सपीरियंस को बेहतर करने के लिए लेकर आ रहा है। जिस तरह वॉट्सऐप बीटा टेस्टर्स को फीचर लॉन्च होने से पहले ही मिल जाता है। ठीक उसी तरह अब इंस्टाग्राम पर भी ये सुविधा मिलेगी। जो लोग इंस्टाग्राम के इस फीचर को इस्तेमाल करना चाहते हैं तो वे इसे एंड्रॉइड बीटा प्रोग्राम के जरिए ऐप डाउनलोड कर सकते हैं। **(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. **RNI.** 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : **news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com**
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



योग की शक्ति : साधु बालयोगी बालक नाथ ( गुरु गोरखनाथ राम तालाब मंदिर, कटवारिया सराय ) नई दिल्ली में हर साल गर्मी के मौसम में अपने चारों ओर 'उपलों' से बने अग्नि कुंडों में धूनी तपस्या करते हैं। यह 41 दिनों की उनकी 11वीं तपस्या है। साधु बालयोगी बालक नाथ पिछले 11 वर्षों से यह तपस्या कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह तपस्या लोक कल्याण के लिए वे हर साल करते हैं।

# सेक्स वीडियो मामला : प्रज्वल रेवन्ना छह जून तक एसआईटी की हिरासत में

एजेंसी



**बेंगलुरु।** जनता दल (एस) के सांसद और सेक्स वीडियो मामले के मुख्य आरोपी प्रज्वल रेवन्ना को शुक्रवार को 42वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे छह जून तक एसआईटी की हिरासत में भेज दिया। लोकसभा चुनाव के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना द्वारा महिलाओं के यौन शोषण का कथित वीडियो सामने आने पर कर्नाटक में हंगामा मच गया था। विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) अशोक नायक ने अदालत से प्रज्वल रेवन्ना को 15 दिनों के लिए एसआईटी की हिरासत में सौंपने की मांग की थी।

# ओडिशा के सुंदरगढ़ में हीट स्ट्रोक से 12 की मौत

एजेंसी



**भुवनेश्वर।** ओडिशा में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच राज्य के सुंदरगढ़ में बीते 24 घंटे के दौरान हीट स्ट्रोक से 12 लोगों की मौत हो गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, लू लगने से चार लोगों की मौत हो गई। वहीं कई लोगों का राउरकेला सरकारी अस्पताल (आरजीएच) में इलाज चल रहा है। सुंदरगढ़ के एडीएम आशुतोष कुलकर्णी ने कहा, गुरुवार रात को मरने वाले आठ लोगों का पोस्टमार्टम किया जाएगा। उनकी मौत का सही कारण जल्द ही पता चल जाएगा। फिलहाल, हाई-टेक अस्पताल में दस और आरजीएच अस्पताल में 23 अन्य लोगों का इलाज चल रहा है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मरीजों की संख्या बढ़ने की स्थिति में अतिरिक्त कमरे तैयार रखे गए हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** — मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**वृषभ** — कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

**मिथुन** — स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क** — पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

**कन्या** — पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

**तुला** — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**वृश्चिक** — मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**धनु** — आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**मकर** — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें।


**कुम्भ** — हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें।

**मीन** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

# कहर : दिल्ली में पारा 49 के पार, पानी की किल्लत, बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर

- दिल्ली में बिजली की मांग 900 मेगावाट बढ़कर 8,302 मेगावाट हुई
- कई इलाकों में एक बार वाटर सप्लाई तो कहीं टैंकर से हो रही जलापूर्ति

एजेंसी




**नई दिल्ली।** दिल्ली में भीषण गर्मी के साथ हीटवेव का कहर जारी है। तापमान 49 डिग्री के पार पहुंच चुका है। इस भीषण गर्मी में दिल्ली में एक ओर पानी की किल्लत होने लगी है, वहीं दूसरी ओर बिजली की मांग भी अपने रिकार्ड स्तर पर पहुंच गई है। दिल्ली में बिजली की पीक डिमांड 8,302 मेगावाट तक पहुंच चुकी है। दिल्ली में बिजली की यह खपत बीते वर्ष के मुकाबले करीब 900 मेगावाट अधिक है। पानी की किल्लत की बात करें तो दिल्ली के कई इलाकों में केवल एक बार पानी की सप्लाई की जा रही है। इससे भी बढ़कर कई इलाके ऐसे हैं जहां दिन में एक बार भी पानी नहीं आ रहा है। ऐसे इलाकों में जलापूर्ति के लिए पानी के टैंकर भेजे जा रहे हैं।

दिल्ली सरकार का कहना है कि हरियाणा द्वारा यमुना नदी में पर्याप्त पानी न छोड़े जाने के कारण पानी की किल्लत हुई है। पानी की किल्लत को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कहना है कि इतनी भीषण गर्मी में पानी की डिमांड बहुत बढ़ गई है। जो पानी दिल्ली को पड़ोसी राज्यों से मिलता था, उसमें भी कमी कर दी गई है। यानी डिमांड बहुत बढ़ गई और सप्लाई कम हो गई। हम सबको मिलकर इसका निवारण करना है। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं देख रहा हूं कि बीजेपी के साथी, हमारे खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे समस्या का समाधान नहीं निकलेगा। मेरी सभी से हाथ जोड़ कर विनती है कि इस वक्त राजनीति करने की बजाय, आइए मिलकर दिल्ली के लोगों को राहत दिलवाएं। बिजली आपूर्ति पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कहना है कि इस बार पूरे देश में अभूतपूर्व गर्मी पड़ रही है। गर्मी की वजह से देशभर में पानी और बिजली का संकट हो गया है। पिछले वर्ष, दिल्ली में बिजली की पीक डिमांड 7,438 मेगावाट थी। इसके मुकाबले इस साल पीक डिमांड 8,302 मेगावाट तक पहुंच गई है। पर इसके बावजूद दिल्ली में बिजली की स्थिति नियंत्रण में है।

### पानी के लिए केजरीवाल सरकार पहुंची सुप्रीम कोर्ट



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक तरफ जहां पानी की किल्लत से लोग बेहाल हैं। इस बीच, दिल्ली सरकार पानी की किल्लत को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। केजरीवाल सरकार ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और यूपी से पानी देने की मांग की है। दिल्ली सरकार की ओर से यह याचिका ऐसे वक्त में दाखिल की गई है जब मंत्री आतिशी ने पिछले दिनों बीजेपी शासित राज्य हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी रोकने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि हरियाणा सरकार राजनीतिक द्वेष से प्रेरित होकर उसके हिस्से का पानी यमुना नदी से नहीं छोड़ रही है, जिससे दिल्लीवासियों को जल संकट से जूझना पड़ रहा है। इसके जवाब में दिल्ली बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल सरकार की लापरवाही की वजह से दिल्लीवासियों को जल संकट से जूझना पड़ रहा है। हर साल गर्मी का मौसम आते ही समर एक्शन प्लान तैयार किया जाता है। आमतौर पर समर एक्शन प्लान की बैठक मार्च में होती थी।

## रूस ने यूक्रेन के खार्किव में मिसाइलें दागीं, पांच की मौत



**कीव।** यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी शहर खार्किव में रूसी मिसाइल हमलों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 24 से ज्यादा लोग घायल हो गए। गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने शुक्रवार को टेलीग्राम के माध्यम से बताया, मरने वाले ज्यादातर लोग पांच मंजिला अपार्टमेंट में रह रहे थे। हमलों में एक दमकल गाड़ी और एक एम्बुलेंस को भी नुकसान पहुंचा है। रूसी सेना ने शहर पर पांच मिसाइलें दागीं। हमले में कम से कम 20 आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। अधिकारियों ने बताया कि कीव पर एक क्रूज मिसाइल से हमला किया गया। हमले में एक कार मरम्मत की दुकान और छह वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। यूक्रेन दो साल से भी अधिक समय से रूस के बड़े पैमाने पर आक्रमण का सामना कर रहा है। यूक्रेनी बिजली आपूर्ति पर रूसी हमलों के कारण बार-बार बिजली कटौती हो रही है।

## बीएमडब्ल्यू सवार बदमाशों ने लूटी ऑडी, 3 लोगों को भी किया घायल

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम इलाके में नेशनल हाईवे-9 की सर्विस लेन पर बीएमडब्ल्यू सवारों ने ऑडी कार सवार तीन मैकेनिक की पिटाई कर दी। इसके बाद ऑडी कार लूटकर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और कार की तलाश की जा रही है। यह घटना 29 मई की शाम 4 बजे की बताई जा रही है। दिल्ली निवासी युवक ने लूटी गई कार गाजियाबाद के इंदिरापुरम में एक सर्विस सेंटर पर भेजी थी। सर्विस सेंटर से मैकेनिक कार के पार्ट्स लेने दिल्ली जा रहे थे।

# पोर्न स्टार को चोरी छुपे पैसे देने के आरोप में डोनाल्ड ट्रंप दोषी करार

एजेंसी



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार के बीच एक ऐतिहासिक फैसले में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है। गुरुवार को 12 जूरी ने फैसला सुनाया। ट्रंप को एक पोर्न स्टार को चोरी छुपे पैसे देने के मामले में दोषी ठहराया गया। पोर्न स्टार ने आरोप लगाया था कि उनके बीच यौन संबंध थे। हालांकि, अमेरिकी कानून उन्हें राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने या निर्वाचित होने से नहीं रोकता। उनके खिलाफ लंबित चार आपराधिक मामलों में से यह पहला मामला है, जिसका फैसला आया है और अन्य मामलों में देरी हो सकती है। ट्रंप पर आरोप था कि उन्होंने पोर्न स्टार को चुप रहने के लिए पैसे दिए और इसके लिए अपने व्यापारिक रिकॉर्ड में हेराफेरी की। उन्होंने वकील माइकल कोहेन को दिए गए कानूनी खर्च के रूप में इस पैसे को दिखाया, जो न्यूयॉर्क राज्य के कानून के तहत एक अपराध है।

## 50 डिग्री तापमान में देह को डिहाइड्रेट होने से बचा सकता है एक कप नारियल पानी

–आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** लगातार बढ़ रही गर्मी में आपके शरीर को डिहाइड्रेट होने से बचे एक कप नारियल पानी बचा सकता है क्योंकि नारियल पानी नेचुरल इलेक्ट्रोलाइट युक्त पेय है। जिसको आप कसरत करने के बाद या तेज धूप में कहीं जाने, काम करने के दौरान भी पी सकते हैं, और शरीर पर गर्मी के असर कम कर सकते हैं। इन दिनों तापमान दिनों दिन नए नए रिकॉर्ड बना रहा है। इस मौसम में तेज धूप और उमस वाली गर्मी ने जीना मुहाल कर दिया है। गर्मी में घर से बाहर निकलते ही मुंह सूख जाता है, पानी कितना भी पिया जाए प्यास नहीं बुझती। इस मौसम में बहता पसीना शरीर में डिहाइड्रेशन को बढ़ा देताहै। देह में पानी की कमी के साथ ही इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी भी होने लगती है। इलेक्ट्रोलाइट्स ऐसे मिनरल हैं जो हमारे खून में घूमते रहते हैं। ये खनिज पेट के जूस, मल , पेशाब और आपके शरीर के अंदर ऊतकों में भी होते हैं। नमक इलेक्ट्रोलाइट का एक उदाहरण है। गर्म मौसम में यदि हम कुछ वर्कआउट करते हैं तो शरीर में पानी की कमी के साथ ही इलेक्ट्रोलाइट तक की कमी होने लगती है। इन दिनों तापमान 50 ड्रिग्री को पार कर रहा है, जबकि मानव शरीर 44 डिग्री पर ही खतरे का संकेत देने लगता है। व्यक्ति की मौत भी हो सकती है। इन हालात में बढ़ते तापमान में कुछ विशेष तरह के पेय का सेवन करने पर शरीर में पानी की कमी पूरी होती है और इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन भी बना रहता है। कुछ आयुर्वेदिक चिकित्सक कहते हैं कि बढ़ती गर्मी में तो सबसे बेहतर बचाव का उपाय यह है कि आप तेज तापमान में बाहर जाने से बचें।यदि मजबूरी में जाना ही पड़े, तो हर तरह से सुरक्षा के उपाय करके ही जायें। सुबह काम पर निकल जाएँ। दिन के 12 बजे से लगभग 3 या 4 बजे तक कहीं छांव या ठंडे में रहें। नारियल पानी पिएं या नींबू रस, प्याज, नमक, सत्तू को मिला कर बनाया हुआ ठंडा पेय पीयें। ये ऐसे पेय है जो गर्मी में देह को हाइड्रेट रखने तथा इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाने में बहुत ही कारगर साबित होते हैं। यदि दिन में कम से कम एक कप / लगभग 240 मिली नारियल पानी पीने से भयंकर गर्मी से होने वाले कई तरह के खतरों से बचा जा सकता है। क्यों इसमें मौजूद इलेक्ट्रोलाइट शरीर में पसीने के मार्फत निकले हुए इलेक्ट्रोलाइट को फिर बना लेता है।

**एक कप / लगभग 240 मिली नारियल पानी में निम्न पोषक तत्व होते हैं**

- कैलोरी लगभग - 45
- कार्बोहाइड्रेट - लगभग 9 ग्राम
- शुगर - मुख्य रूप से ग्लूकोज, फ्रुक्टोज और सुक्रोज
- प्रोटीन - 1 ग्राम से कम
- वसा - आमतौर पर 1 ग्राम से कम यानि ना के बराबर होती है।
- सोडियम - लगभग 45 मिलीग्राम
- पोटेशियम - लगभग 600 मिलीग्राम
- सूक्ष्म पोषक तत्व - कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस व विटामिन सी थोड़ी मात्रा में होते हैं।

*नारियल पानी नेचुरल इलेक्ट्रोलाइट युक्त ड्रिंक है जिसका सेवन एक्सरसाइज करने के बाद या तेज धूप में भी किया जाए तो बॉडी पर जादुई असर करता है। इसका सेवन करने से बॉडी में पानी की कमी नहीं होती। 50 डिग्री तापमान पर भी बॉडी हाइड्रेट रहती है।*

## थमा चुनाव प्रचार / बिहार में राजनीतिक लड़ाई के विभिन्न आयाम आए सामने

# आरक्षण से शुरू लड़ाई खटाखट, फटाफट तक पहुंची

एजेंसी



**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रचार गुरुवार को थम गया। अंतिम दौर की लड़ाई के बाद यह तय माना जा रहा है कि मुख्य मुकाबला दो गठबंधनों के बीच होगा। करीब ढाई महीने के चुनाव प्रचार के दौरान कई मुद्दे उठे और कई मुद्दे गौण रहे। इस बीच, नेताओं के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर भी जारी रहा। इस चुनाव के पहले चरण के मतदान को लेकर आरक्षण और संविधान खत्म करने के लेकर शुरू हुई सियासी लड़ाई खटाखट, फटाफट, धकाधक तक पहुंच गई और लोगों ने भी इसका खूब आनंद लिया। बिहार में नौकरियों को लेकर दोनों गठबंधनों के बीच श्रेय लेने की होड़ मची रही। राजद ने बिहार में पिछले दिनों नौकरी देने का श्रेय पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को देने को लेकर इस चुनाव में जबरदस्त फील्डिंग सजाई। उसने लोगों तक यह बात पहुंचाने की कोशिश की कि उनकी वजह से ये नौकरियां संभव हो पाई हैं। लेकिन जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे लेकर मोर्चा संभाला और एनडीए के नेताओं ने राजद और नीतीश कुमार के कार्यकाल में नौकरी देने की तुलना सार्वजनिक मंचों से करनी शुरू की तब एनडीए ने जमकर पलटवार किया। इधर, राजद ने संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र बचाने की मुहिम से इस चुनाव को जोड़ने का भरसक प्रयास किया। लेकिन राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद द्वारा मुसलमानों को आरक्षण देने वाले बयान ने एनडीए नेताओं को बड़ा मुद्दा दे दिया और चुनाव के अंतिम चरण तक एनडीए ने इसे हथियार के रूप में इस्तेमाल किया।

मंच से तेजस्वी यादव अपनी सभाओं में कहते रहे, मिजाज रखिये टनाटन, टनाटन, टनाटन, मतदान के दिन वोट डालिए खटाखट, खटाखट, खटाखट। चार जून के बाद भाजपा हो जाएगी सफाचट, सफाचट, सफाचट। नौकरी मिलेगी फटाफट, फटाफट, फटाफट। दीदी के खाते में एक लाख जाएंगे सटासट, सटासट, सटासट।

पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी सरीखे नेता तेजस्वी को उसी अंदाज में जवाब देते दिखे, कहा चार जून को इनके आंसू गिरेंगे धकाधक, धकाधक, धकाधक। ईवीएम पर आरोप लगेगा फटाफट, फटाफट, फटाफट। कइयों को आएगी मिर्गी चटाचट, चटाचट, चटाचट।

## स्वाति केस में बिभव कुमार 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट ने आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के आरोपित बिभव कुमार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। शुक्रवार को बिभव की पुलिस हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। 27 मई को कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। शुक्रवार को ही दिल्ली हाई कोर्ट ने बिभव कुमार की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका के सुनवाई योग्य होने के सवाल पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। दिल्ली पुलिस ने 18 मई को बिभव कुमार को गिरफ्तार किया था। इस मामले में स्वाति मालीवाल ने 17 मई को कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया था। घटना 13 मई की है।

# दक्षिण अफ्रीका के साथ घरेलू श्रृंखला के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दक्षिण अफ्रीका के साथ आगामी घरेलू श्रृंखला के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम में जेमिमाह रॉड्रिग्स और ऑलराउंडर पूजा वस्त्रकर को तीनों प्रारुपो की टीम में नामित किया गया है, लेकिन उनका चयन फिटनेस पर निर्भर होगा। दक्षिण अफ्रीका के साथ अभ्यास मैच सहित तीनों प्रारुपों में 13 जून से नौ जुलाई तक मैच खेले जाएंगे।

अनकैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाज उमा छेत्री को यास्तिका भाटिया की जगह तीनों प्रारुपों की टीमों में शामिल किया गया है। भाटिया बंगलादेश में केवल एक टी-20 मैच खेलने के बाद चोटिल हो गई थीं। छेत्री 2023 में एशियन गेम्स के दौरान स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थीं। शीर्ष क्रम की बल्लेबाज प्रिया पुनिया को भी टेस्ट टीम में शामिल किया गया। वह आखिरी बार जुलाई 2023 में भारतीय टीम का हिस्सा थीं। मध्यम गति की गेंदबाज अरुंधति रेड्डी को भी टेस्ट और एकदिवसीय टीम में बुलाया गया है। उन्होंने अब तक 26 टी-20 मैच खेले हैं। बंगलादेश के खिलाफ टी-20 के साथ-साथ आखिरी एकदिवसीय और टेस्ट मैचों में टीम (पिछले वर्ष ऑस्ट्रेलिया के साथ) का हिस्सा रही तेज गेंदबाज तितास साधु को मौका नहीं दिया गया है।



लेगस्पिनर एस आशा ने एक सफल डब्ल्युपीएल सीजन के बाद बंगलादेश में अपना टी-20 में पर्दापण किया था। अब उन्हें एकदिवसीय टीम में भी मौका दिया गया है। वहीं डी हेमलता बांग्लादेश में उसी टी-20 श्रृंखला में वापसी की थी। अब लगभग दो साल बाद उन्होंने एकदिवसीय टीम में भी वापसी कर ली है।

उल्लेखनीय है कि जेमिमाह पीठ की चोट के कारण अप्रैल-मई में बंगलादेश में पांच मैचों की टी-20 सीरीज में हिस्सा नहीं ले पाई थीं। उस से समय वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में स्वास्थ्य लाभ ले रही थीं।

**वनडे टीम :**
हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मांधना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमाह रॉड्रिग्स (फिटनेस के आधार पर), ॠचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), दयालन हेमलता, राधा यादव, आशा शोभना, श्रेयंका पाटिल, साइका इशाक, पूजा वस्त्रकर (फिटनेस के आधार पर), रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, प्रिया पुनिया।

**टेस्ट टीम :**
हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मांधना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, शुभा सतीश, जेमिमाह रॉड्रिग्स (फिटनेस के आधार पर), ॠचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, साइका इशाक, राजेश्वरी गायकवाड़, पूजा वस्त्रकर (फिटनेस के आधार पर), अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, मेघना सिंह और प्रिया पुनिया।

# जाबिर एमपी ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल किया



**एजेंसी। चेन्नई**

कई शीर्ष सितारों की अनुपस्थिति में सभी की नजरें केरल के अंतरराष्ट्रीय बाधा दौड़ खिलाड़ी जाबिर एमपी पर टिकी रहीं, जिन्होंने गुरुवार को यहां एक दिवसीय इंडियन ग्रां प्री सीरीज के दूसरे चरण में पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 49.94 सेकंड के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

27 वर्षीय इस खिलाड़ी ने यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 400 मीटर बाधा दौड़ ग्रुप ए रेस के आखिरी मोड़ पर अन्य प्रतियोगियों से आगे निकलते हुए 50 सेकंड से कम समय में रेस पूरी की और अपने पसंदीदा संतोष कुमार टी (50.14) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। वह इस सीजन की अपनी पहली रेस में हिस्सा ले रहे थे। संतोष कुमार ने बाद में 400 मीटर फ्लैट में 46.46 सेकंड का शानदार समय निकालकर ग्रुप ए की रेस जीत ली। महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में एशियाई खेलों की पदक विजेता आर विथ्या रामराज ने 57.28 सेकंड का समय लेकर दबदबा बनाया। विथ्या ने महिलाओं की 400 मीटर ए रेस में 53.00 सेकंड का समय निकालकर दोहरा स्कोर भी बनाया। देश के अधिकांश शीर्ष एथलीटों ने इस मीट में भाग नहीं लिया क्योंकि वे आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों के मद्देनजर विदेश में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

# कीवी विकेटकीपर बर्नाडिन बेजुइडेनहाउट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की विकेटकीपर बर्नाडिन बेजुइडेनहाउट ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। हालांकि, 30 वर्षीय खिलाड़ी नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के लिए घरेलू क्रिकेट में भाग लेना जारी रखेंगी। 30 वर्षीय बेजुइडेनहाउट ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 4 वनडे और 7 टी20 मैच खेले, उसके बाद वह न्यूजीलैंड चली गईं। बेजुइडेनहाउट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड के लिए 16 वनडे और 22 टी20 मैच खेले हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने हाल ही में संपन्न टी20 विश्व कप में हिस्सा लिया था, जहां कीवी टीम नॉकआउट चरण में जगह बनाने में विफल रही थी। रेड-एस (खेल में सापेक्ष ऊर्जा की कमी) से पीड़ित होने के बाद वह लगभग दो साल तक क्रिकेट नहीं खेल पाई। बेजुइडेनहाउट ने 2023 में टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के लिए वापसी की। बेजुइडेनहाउट ने एक बयान में कहा, *मैं इस निर्णय से संतुष्ट हूं, लेकिन यह निर्णय लेना आसान नहीं था। मैं पिछले कुछ समय से अपने काम और खेल के बीच संतुलन बनाने के लिए संघर्ष कर रही हूं, और बहुत सोचने और चिंतन करने के बाद मुझे लगता है कि यह सही समय है कि मैं अपना पूरा ध्यान द एपिक स्पोर्ट्स प्रोजेक्ट पर लगाऊं। इससे पहले 2024 में, बेजुइडेनहाउट ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड के छह व्हाइट-बॉल मैचों में से पाँच में हिस्सा लिया था। लेकिन बाद में हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण उन्हें सीरीज से बाहर कर दिया गया।

# नॉर्वे शतरंज, राउंड 4 : वैशाली ने बढ़त बनाई प्रज्ञानानंद, हंपी को क्लासिकल में मिली हार

**एजेंसी। स्टावांगर**

पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन पर अपनी पहली क्लासिकल जीत दर्ज करने के ठीक एक दिन बाद, भारत के स्टार खिलाड़ी आर. प्रज्ञानानंद गुरुवार को नॉर्वे शतरंज 2024 के राउंड 4 में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से हार गए। नाकामुरा ने प्रज्ञानानंद के खिलाफ शानदार तैयारी की थी। उन्होंने शानदार खेल दिखाया और एक शानदार जीत हासिल की और शीर्ष पर पहुंच गए।



दूसरी ओर, प्रज्ञानानंद की बहन वैशाली ने दिग्गज पिया क्रैमलिंग को हराकर अपना दबदबा कायम रखा और अपनी बढ़त को कुल 8.5 अंकों तक पहुंचा दिया।भारतीय महिला शतरंज ग्रैंडमास्टर कोनेरु हंपी को राउंड 4 में अन्ना मुजीचुक के खिलाफ क्लासिकल गेम में हार का सामना करना पड़ा। नॉर्वे शतरंज महिला टूनामेंट के एक अन्य रोमांचक खेल में, जू वेनजुन ने टूनामेंट के चौथे आर्मगेडन टाईब्रेक में अपनी हमवतन ली तेंगजी पर जीत हासिल की। स्थानीय हीरो कार्लसन ने नॉर्वे शतरंज के मुख्य मुकाबले में फैबियानो कारुआना पर मामूली जीत दर्ज करके तीन अंक हासिल किए। कारुआना के पास कार्लसन के साथ रेटिंग अंतर को केवल चार अंकों तक कम करने का सुनहरा अवसर था, लेकिन खेल, जो शुरू में शांत था, ने अंतिम गेम में नाटकीय मोड़ ले लिया। कार्लसन ने एक छोटी सी बढ़त का फायदा उठाया, और अंततः कारुआना की एक गलती का फायदा उठाते हुए जीत हासिल की। इस बीच, अलीरेजा फि रोजा ने मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर तीन महत्वपूर्ण अंक अर्जित किए।

# लंदन चरण में बेस्ट टीम कॉम्बिनेशन के साथ जाना चाहते हैं हरमनप्रीत

**एजेंसी। लंदन**

एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों को अभी चार मैच और खेलने हैं। जिसमें वे 1 और 8 जून को जर्मनी, 2 और 9 जून को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ मैदान में उतरेंगे। एंटवर्प चरण के बाद, महिला टीम सातवें स्थान पर है जबकि पुरुष टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है।

पुरुष टीम ने अब 12 मैचों में 21 अंक हासिल किए हैं, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन क्रमशः छठे और नौवें स्थान पर हैं जिन्होंने अब तक एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में केवल चार मैच खेले हैं। एंटवर्प चरण में भारत ने अर्जेंटीना के खिलाफ 2-2 (5-4) शूटआउट जीत के साथ शुरूआत की। फिर, बेल्जियम के खिलाफ भारत को 1-4 से हार झेलनी पड़ी। इसके बाद भारत ने अर्जेंटीना को एक रोमांचक मुकाबले में 5-4 से हराया।



हालांकि, इस जीत के बाद भारत को बेल्जियम के खिलाफ शूटआउट में हार झेलनी पड़ी। टीम के अब तक के प्रदर्शन पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, हमने एंटवर्प में अर्जेंटीना और बेल्जियम के खिलाफ कुछ चुनौतीपूर्ण मैच खेले, दोनों ही पेरिस 2024 ओलंपिक में हमारे पूल में हैं। हमने कुछ मौकों पर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि कुछ मौकों पर हमें संघर्ष करना पड़ा लेकिन टीम लगातार सुधार कर रही है। हमने इस अवसर का उपयोग टीम के कुछ युवा खिलाड़ियों को अनुभव देने और टीम के तालमेल को बेहतर बनाने के लिए भी किया।

# थांग-टा में झारखंड के चार मार्शल आर्ट खिलाड़ियों को मिला ब्लैक बेल्ट



**रांची।** थांग-टा फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा इंफाल में 26 से 30 मई तक आयोजित ऑल इंडिया कोचेज ट्रेनिंग में झारखंड के चार थांग-टा मार्शल आर्ट के जानकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजित दीक्षांत समारोह में वर्ल्ड थांग टा फेडरेशन के अध्यक्ष सह ग्रैंड मास्टर एच प्रेमकुमार ने झारखंड के वरिष्ठ मार्शल आर्टिस्ट रंजीत केशरी को मास्टर्स ग्रेड ब्लैक बेल्ट की द्वितीय ग्रेड तथा कृष्णा कुमार साव, ममता पांडेय (सभी धनबाद) तथा सोनामोती कुमारी (पलामू) को ब्लैक बेल्ट की प्रथम ग्रेड से सम्मानित किया। इंफाल में यमनम हुईद्रोम स्थित थांग-टा मुख्यालय में आयोजित इस पांच दिवसीय सेमिनार में देश के विभिन्न राज्यों के 60 चुनिंदा प्रतिभागियों ने भाग लिया था, जिन्हें इस स्वदेशी युद्धक खेल की बारीकियों का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया तथा इसके प्रतिस्पर्धात्मक नियमों के ऊपर सेमिनार का संचालन किया गया।

## कोच को बुद्धिमानी से चुनें : सौरव गांगुली

**नई दिल्ली।** सौरव गांगुली ने सोशल मीडिया पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के अगले मुख्य कोच का चयन 'समझदारी से' करने की चेतावनी दी है। भारत के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई अध्यक्ष ने कोच के महत्व को उजागर करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। उन्होंने पोस्ट किया- किसी के जीवन में कोच का महत्व, उनका मार्गदर्शन और निरंतर प्रशिक्षण किसी भी व्यक्ति के भविष्य को आकार देते हैं, मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह। इसलिए कोच और संस्थान का चुनाव सोच-समझकर करें। माना जा रहा है कि गौतम गंभीर भारतीय क्रिकेट टीम के अगले मुख्य कोच हो सकते हैं। अभी राहुल द्रविड़ कोच है जिन्हें कि अक्टूबर-नवंबर में 50 ओवर के विश्व कप के बाद छह महीने का विस्तार दिया गया था।

## पूरन-पॉवेल के अर्धशतक वेस्टइंडीज ने अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराया

**नई दिल्ली।** निकोलस पूरन और रोवमैन पॉवेल के अर्धशतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रही आस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप से पहले अभ्यास मैच में 35 रन से हराया। ऑस्ट्रेलिया ने नामीबिया के साथ पहले अभ्यास मैच के बाद एक बार फिर नौ खिलाड़ियों को ही उतारा। चयनकर्ता जॉर्ज बेली और कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने फील्डिंग के दौरान ही पूरी टीम उतारी।

# युगेंद्रन ने नये रिकॉर्ड के साथ पोल वॉल्ट में जीता स्वर्ण

**एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु के आर. युगेंद्रन ने 5.20 मीटर के नये रिकॉर्ड के साथ गुरुवार को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सत्र की दूसरी भारतीय ग्रैंड प्रिक्स की पुरुष पोल वॉल्ट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

युगेंद्रन ने 2010 में बेंगलुरु में रेलवे के गजानन कुमार उपाध्याय द्वारा बनाए गए 5 मीटर के पिछले ग्रैंड प्रिक्स रिकॉर्ड को तोड़ा।

हालांकि इसके बाद युगेंद्रन 2022 में गांधीनगर में राष्ट्रीय खेलों में सर्विसेज के शिव सुब्रमण्यम द्वारा बनाए गए 5.31 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ने के अपने प्रयास में विफल रहे।



ट्रिपल-जंपर अब्दुल्ला अबूबकर, 2022 बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स के रजत पदक विजेता और 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता, इस स्पर्धा में शामिल नहीं हुए। महिलाओं की पोल वॉल्ट स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी रोजी मीना पॉलराज भी अनुपस्थित रहीं।

केरल की मारिया जैसन (केरल) और तमिलनाडु की बरानिका एलंगोवन और पवित्रा वेंकटेश के बीच 3.90 मीटर के लिए त्रिकोणीय मुकाबला था। बरानिका ने अपने दूसरे प्रयास में, मारिया ने अपने तीसरे प्रयास में और पवित्रा ने अपने तीनों प्रयासों में सफलता प्राप्त की। बरानिका ने अपने दूसरे प्रयास में 4 मीटर की छलांग लगाई और स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद, उन्होंने 2023 में बेंगलुरु में खुद द्वारा बनाए गए 4.10 मीटर के ग्रैंड प्रिक्स रिकॉर्ड को तोड़ने का लक्ष्य रखा।

## रोहित अकेले दम पर विरोधी टीम से मैच छीन सकते हैं: शाकिब

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ वार्म अप मैच से पहले बांग्लादेश के अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की जमकर सराहना करते हुए कहा कि रोहित ऐसे बल्लेबाज हैं, जो अकेले ही पूरा मैच पलटने का माद्दा रखते हैं। भारत और बांग्लादेश शनिवार को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में एक दूसरे से भिड़ेंगे।



## शुरू हुआ मिंत्रा ईओआरएस-20

**नई दिल्ली।** देश के अग्रणी फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन मिंत्रा ने पिछले एक दशक में फैशन की दुनिया में क्रांतिकारी बदलाव के जश्न के तौर पर बुधवार को अपने फ्लैगशिप फैशन उत्सव ईओआरएस (एंड ऑफ रीजन सेल) के 20वें एडिशन की घोषणा की। 31 मई से शुरू होने वाला यह मेगा इवेंट खरीददारों को चकाचौंध कर देगा। इसमें 8,800 से ज्यादा ब्रांडों के 30 लाख से अधिक स्टाइल पेश किये जाएंगे। देश के चहेते फैशन कार्निवल के पिछले समर एडिशन की तुलना में इस बार ब्रांड कैटलॉग में 47 फीसदी और ट्रेंड-फर्स्ट सेलेक्शन में लगभग 50 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। खरीददारों को प्रीमियम और इंटरनेशनल ब्रांड पर अभूतपूर्व वैल्यू मिलेगी जो देश के फैशन का ट्रेंड सेट करने और उसे प्रीमियम बनाने में मददगार साबित होगा।

# भारत ने ब्रिटेन से एक लाख टन सोना मंगाया वापस

### गोल्ड रिजर्व के मामले में भारत दुनिया में सातवें स्थान पर

### फिलहाल भारत का कुल गोल्ड रिजर्व 822 टन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक ने ब्रिटेन से 1,00,000 किलो सोना वापस मंगाया है। यह सोना भंडार में ट्रांसफर किया गया है। अब भारत इतना ही और सोना विदेश से वापस लाने की तैयारी है। रिजर्व बैंक और सरकार के इस कदम की सोशल मीडिया पर खूब सराहना हो रही है। लोग सोशल मीडिया पर यह तक लिख रहे हैं कि जो काम देश की पहले की सरकारें नहीं कर पाई, वह काम नरेंद्र मोदी की सरकार ने कर दिखाया। देश चुनाव में व्यस्त है, इस बीच आरबीआई ने अपना 100 टन सोने का भंडार ब्रिटेन से भारत वापस स्थानांतरित कर दिया है। अधिकांश देश अपना सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड या ऐसे किसी स्थान पर सुरक्षित रखते हैं और इसके लिए शुल्क का भुगतान करते हैं। आरबीआई का गोल्ड रिजर्व 2014 में 557 टन था, जो 2024 में 822 टन हो गया है। यानी 10 साल के पीएम मोदी के शासनकाल में देश के गोल्ड रिजर्व में 53% की वृद्धि हुई है। मोदी सरकार ने 265 टन सोना इस दौरान खरीदा है। 100 टन सोना वापस लाने के साथ ही आरबीआई ने एक और बड़ा फैसला लिया है कि अब रिजर्व गोल्ड की बड़ी मात्रा को देश के अंदर ही रखा जाएगा। विदेशों में रखा सोना भी भारत लाया जाएगा। 100 टन सोना जो भारत लाया गया है, वह बैंक ऑफ इंग्लैंड में रखा गया था। एक विशेष विमान के जरिए 100 टन सोना लंदन से भारत लाया गया। आरबीआई के आधे से अधिक गोल्ड भंडार विदेश में बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के पास सुरक्षित रखे गए हैं। 1991 में चंद्रशेखर सरकार ने सोना गिरवी रखा था। फिर, 4 से 18 जुलाई 1991 के बीच आरबीआई ने 400 मिलियन डॉलर जुटाने के लिए बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ जापान के पास 46.91 टन सोना गिरवी रखा था। यानी 1991 में आर्थिक संकट से निपटने के मकसद से नरसिम्हा राव की सरकार ने इतनी बड़ी मात्रा में सोना गिरवी रखा था। 2009 में मनमोहन सिंह की सरकार ने आईएमएफ से 6.7 अरब डॉलर की कीमत पर 200 टन सोने की खरीदी की थी। हाल के वर्षों में आरबीआई के द्वारा खरीदे गए सोने के स्टॉक में लगातार वृद्धि होती रही। आरबीआई के पास कुल सोना 822 टन है। जिसमें से आरबीआई के पास 100 टन सोना है, नोट छापने के लिए रिजर्व सोना 308 टन है और 414 टन सोना विदेशों में रखा गया है। 2022-23 में आरबीआई ने 34.3 टन गोल्ड की खरीदी की। जबकि, 2023-24 में 27.7 टन सोने की खरीदी की गई। दुनिया के सबसे ज्यादा गोल्ड रिजर्व वाले देशों की सूची देखें तो इसमें अमेरिका के पास सबसे ज्यादा 8,134 टन, जर्मनी के पास 3,352 टन, इटली के पास 2,452 टन, फ्रांस के पास 2,437 टन, रूस के पास 2,333 टन सोना रिजर्व में है। दुनिया में भारत का गोल्ड रिजर्व रखने वाले देशों की सूची में स्थान नौवां है।



# जेफरीज ने अदाणी ग्रुप के चार शेयरों में दी खरीदारी की राय



**नई दिल्ली।** अमेरिकी निवेश फर्म जेफरीज की ओर से अदाणी ग्रुप की चार कंपनियों पर खरीदारी की राय दी गई है। इनमें अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी पोर्ट, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस और अंबुजा सीमेंट का नाम शामिल है। जेफरीज द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया है कि वित्त वर्ष 2024 में अदाणी ग्रुप के ईबीआईटीडीए में सालाना आधार पर 40 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। अमेरिकी फर्म ने कहा कि 2023 की शुरूआत में शॉर्ट सेलर फर्म की रिपोर्ट के बाद भी ग्रुप का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है और यह 'सेटबैक' को एक कमबैक के रूप में बदलने में सफलतापूर्वक कामयाब रहा है। रिपोर्ट में बताया गया कि ग्रुप का ईबीआईटीडीए (इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में कंपनियों के मुनाफे को मापने वाला मापदंड) वित्त वर्ष 2024 में सालाना आधार पर 40 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं, ग्रुप लेवल पर लीवरेज रेश्यो भी सुधरकर कई वर्षों के निचले स्तर पर पहुंच गया है। रिपोर्ट में कहा गया, वित्त वर्ष 2024 में ग्रुप का फोकस कर्ज और संस्थापकों के गिरवी शेयर कम करने पर रहा है। सालाना आधार पर ग्रुप के कुल ईबीआईटीडीए में 40 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला है। ग्रुप ने इक्विटी के जरिए, रणनीतिक निवेशकों और डेट के माध्यम से फंड भी जुटाया है। वहीं, प्रवर्तकों ने भी हिस्सेदारी बढ़ाई है। वहीं, ग्रुप का मार्केट कैप भी फिर से पुराने स्तर पर आ गया है। आगे कहा गया कि ग्रुप दोबारा से कारोबार विस्तार के पथ पर आ गया है। अगले एक दशक में 90 अरब डॉलर के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई गई है। अदाणी एंटरप्राइजेज वित्त वर्ष 2027 तक ग्रीन हाइड्रोजन प्रोडक्शन का उत्पादन शुरू करने के लिए अपनी कैप्टिव मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को बढ़ा रहा है। वहीं, नवी मुंबई एयरपोर्ट का कार्य वित्त वर्ष 2025 में पूरा हो सकता है। डेटा सेंटर प्रोजेक्ट्स भी रफ्तार पकड़ रहे हैं। अदाणी पोर्ट की ओर से पांच वर्षों का बिजनेस रोड-मैप दिया गया है। इसमें वित्त वर्ष 2024 से लेकर 2029 के लिए ईबीआईटीडीए में 18 प्रतिशत सीएजीआर का लक्ष्य रखा गया है। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के ईबीआईटीडीए में सालाना आधार पर 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। अदाणी टोटल गैस के ईबीआईटीडीए में सालाना आधार पर 27 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। ऐसा लागत कम होने के कारण मार्जिन बढ़ने और 15 प्रतिशत वॉल्यूम में वृद्धि होने के कारण हुआ है।

# आज से लागू हुए ड्राइविंग लाइसेंस के नए नियम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र शनिवार, 1 जून से लागू होने वाले नए नियमों के साथ ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करने की प्रक्रिया को सरल बनाएगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने हाल ही में ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करने की प्रक्रिया में बदलावों की घोषणा की थी। ताकि प्रक्रिया को आसान बनाने और बेहतर प्रशिक्षित ड्राइवरों को बढ़ावा देते हुए लाल फीताशाही को कम किया जा सके।

शनिवार से लागू होने वाले सबसे बड़े बदलावों में से एक यह है कि ड्राइविंग टेस्ट देने के लिए संबंधित राज्य सरकारों के अधीन आने वाले नजदीकी क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में लाइन लगाने की जरूरत नहीं है।

आने वाले दिनों में नए ड्राइविंग लाइसेंस नियम यूजर्स को कैसे प्रभावित करेंगे, यहां इस पर एक नजर डालते हैं।



**ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट**

नए ड्राइविंग लाइसेंस नियम लोगों को आरटीओ के बजाय निजी प्रशिक्षण केंद्रों पर ड्राइविंग टेस्ट देने का विकल्प देंगे। हालांकि, ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने में सक्षम होने के लिए इन प्रशिक्षण केंद्रों को टेस्ट आयोजित करने के लिए सरकार द्वारा अनुमोदित होना जरूरी है।

ड्राइविंग टेस्ट पूरा करने के बाद, ये केंद्र सफल आवेदकों को प्रमाण पत्र जारी करेंगे। इस प्रमाण पत्र का इस्तेमाल सरकारी आरटीओ के जरिए ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने के लिए किया जा सकता है। ड्राइविंग केंद्रों में पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद आवेदकों से किसी और परीक्षण की जरूरत नहीं होगी। हालांकि, जो लोग ड्राइविंग टेस्ट केंद्रों पर परीक्षा देने का विकल्प नहीं चुनते हैं, उन्हें ड्राइविंग लाइसेंस के पात्र होने के लिए आरटीओ द्वारा आयोजित परीक्षा पास करनी होगी।

**ड्राइविंग लाइसेंस शुल्क**

केंद्र ने 1 जून से ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करने और उसके रिन्युअल (नवीनीकरण) की प्रक्रिया से संबंधित शुल्क में भी बदलाव किया है। स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस या लर्नर लाइसेंस हासिल करने या दोनों को रिन्यु करने के लिए 200 रुपये का भुगतान करना होगा। अंतर्राष्ट्रीय ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करने के लिए शुल्क प्रति आवेदन 1,000 रुपये होगा। अब इन लाइसेंसों को हासिल करने की प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल हो जाएगी।

**ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर जुमार्ना बढ़ा**

केंद्र ने बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने वालों के लिए जुमार्ने में भी बदलाव करने की स्वीकृति दे दी है। 1 जून से, इस यातायात नियम का उल्लंघन करते पाए गए चालकों को 2,000 रुपये का जुमार्ना भरना होगा।




# 4 जून के बाद राज्य में होगा सत्ता संघर्ष : वाजपेयी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश प्रभारी एवम राज्य सभा में मुख्य सचेतक डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने झारखंड की 14 लोकसभा सीट पर एनडीए की जीत का दावा करते हुए राज्य के इंडी एलायंस सरकार पर बड़ा हमला भी बोला। उन्होंने कहा कि कहा कि 4जून के बाद देश में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई और तेज होगी, भाजपा कभी भी झारखंड को लूट और घुसपैठ की भूमि नहीं बनने देगी। घुसपैठियों को चुन चुन कर बाहर किया जाएगा। झारखंड की भ्रष्ट,निकम्मी और लूट में शामिल राज्य सरकार की उल्टी गिनती शुरू होगी। इंडी ठगबंधन में कुर्सी की लड़ाई सामने आएगी। हेमंत सोरेन जेल में हैं,चंपई सोरेन सत्ता में हैं और कल्पना सोरेन सत्ता के रास्ते में हैं। इसी संघर्ष के बीच राज्य में विकास के लिए समर्पित मजबूत और ईमानदार एन डी ए सरकार का मार्ग भी प्रशस्त होगा।



**हेमंत जेल में,चंपई सत्ता में व कल्पना सत्ता के रास्ते में**

### संथाल समाज कांग्रेस - झामुमो से मुक्ति के लिए तैयार

डॉ वाजपेयी ने कहा कि झारखंड में दो क्रांति महत्वपूर्ण है, जिसमें भगवान बिरसा मुंडा का उलगुलान एवम अमर शहीद सिदो कान्हु का हुल शामिल है।प्रदेश प्रभारी कहा कि जून महीना संथाल हुल क्रांति का महीना है।संथाल समाज कांग्रेस झामुमो मुक्त झारखंड के लिए हुल करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि 1जून को वोट के माध्यम से जो हुल संथाल की धरती से होगा वह भ्रष्टाचार , लूट ,लव जिहाद,लैंड जिहाद,घुसपैठ,तुष्टिकरण के खिलाफ होगा। कहा कि जनता कांग्रेस झामुमो सरकार की नियत और नीति को परख चुकी है।जनता समझ गई है कि झामुमो कांग्रेस को सत्ता केवल लूटने और कमाने केलिए चाहिए जबकि भाजपा विकास केलिए संकल्पित और समर्पित है। जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है।

### इंडी नेता चोरी और सीनाजोरी दोनों कर रहे

भाजपा नेता ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार का नंगा नाच हो रहा है। खान खनिज,पत्थर कोयला बालू की लूट हो रही है। केवल साहेबगंज जिला में एक हजार करोड़ से अधिक के घोटाले उजागर हुए हैं ये सबको पता है। आज भ्रष्टाचार में लिप्त पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में है। सरकार के मंत्री आलमगीर आलम जेल में हैं। कई आइएएस अधिकारी जेल में हैं। और कई जाने की कतार में खड़े दिखाई दे रहे। भ्रष्टाचार को भी जाति धर्म समुदाय से जोड़कर जनता को दिग्भ्रमित कर रहे।जबकि जनता इनकी चालाकी खूब समझ रही है। आज की प्रेसवार्ता में प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह,प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवम प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

### इंडी नेताओं ने संताल को घुसपैठियों के हाथों गिरवी रख दिया

वाजपेयी ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति से संथाल समाज के अस्तित्व पर संकट के बादल छाए हुए हैं।बांग्लादेशी घुसपैठियों से केवल डेमोग्राफी नहीं बदली, बल्कि जमीन और जमीर दोनों की लूट हुई।विशिष्ट संस्कृति ही संथाल समाज की पहचान जिसे समाप्त करने की कोशिश राज्य सरकार के संरक्षण में हो रहा है।झामुमो कांग्रेस राजद ठगबंधन वोट बैंक के कारण संथाल की अस्मिता और पहचान को मिटा रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि अपनी सत्ता को बचाने के लिए इंडी ठगबंधन ने संथाल परगना को घुसपैठियों के हाथों गिरवी रख दी है।

## खूंटी डीसी ने मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की, दिए दिशा-निर्देश

**खूंटी** । निवार्ची पदाधिकारी, खूंटी (अजजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को बिरसा कॉलेज, खूटी में मतगणना की तैयारियों से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मतगणना को लेकर की जानेवाली तैयारियों के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेवारियां सौंपी गईं। निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि मतगणना के दिन चार जून को प्रातः छह बजे समाहरणालय स्थित पोस्टल बैलेट वज्रगृह और प्रातः सात बजे बिरसा कॉलेज स्थित वज्रगृह को खोला जाएगा। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि मतगणना कक्ष के भीतर किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जैसे मोबाइल आदि ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध है।

## न्यूज | बॉक्स

### 2004 की पुनरावृति होगी 2024 में, इंडी की बनेगी सरकार : सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची ।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि 2004 की पुनरावृति 2024 में होने जा रही है,जिसका देश के सभी लोगों को इंतजार है, वह 4 जून को पूरा होने जा रहा है। इस बार इंडिया के लिए, इंडिया के लोगों ने, इंडिया सरकार के लिए मतदान किया है।झामुमो नेता ने संताल के सभी आदिवासी,मूलवासी,किसान,मजदूर से भारी संख्या में 1 जून को मतदान करने की अपील की है। झाममो प्रवक्ता शुक्रवार को हरमू प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि 82 दिन तक मतदान का दौर अब तक सबसे लंबा दौर रहा है, जिसमें भाजपा और केंद्र सरकार ने निजी स्वार्थ के लिए ना सिर्फ समाज बांटा,बल्कि परिवार तक को बांट दिया। राजनीतिक दुश्मनी साधने के लिए कमर के नीचे तक आघात किया है, इस दौरान चुनाव आयोग भी मूक दर्शक बना रहा, इन सबका माकूल जवाब 4 जून को मिलेगा।



### बोकारो में मतदान के बाद पोस्टल बैलेट से हुआ मतदान, भाजपा ने उठाया सवाल



**रांची ।** भाजपा न्यायिक मामले के प्रमुख सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग पहुंच कर बोकारो उपायुक्त को मतगणना यानी चार जून से पहले हटाने के लिए चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपा है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि गिरिडीह लोक सभा में चुनाव 25 मई को शाम 5 बजे समाप्त हो गया। चुनाव समाप्ति के दो दिन बाद यानी 27 मई सोमवार को बोकारो उपायुक्त के निर्देश पर बोकारो बेरमो के वैसे मतदाता जो बोकारो के सुविधा केंद्रों पर प्रपत्र 12 के आलोक में मतदान नहीं कर पाए उनके लिए पोस्टल बैलेट से मतदान की व्यवस्था कराई। जिसके लिए बोकारो से दो मतदान पदाधिकारी, को ओर्डिनेटर व डीएमटी श्रवण कुमार झा को नियुक्त किया गया था। इस अवसर पर सत्यापन पदाधिकारी सह सुविधा केंद्र के नोडल पदाधिकारी सह कार्यपालक दंडाधिकारी प्रवीण कुमार के अगुवाई में मतदान कराया गया। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से पूछा है कि अगर मतदान 25 मई को समाप्त हो गया, तो 27 मई को कैसे पोस्टल वैलेट से मतदान हुआ? मतदान होने और स्ट्रांग रूम सील होने के बाद यह पोस्टल वैलेट कैसे जुड़ेगा। स्ट्रांग रूम को कौन खोल कर उसमें पोस्टल वैलेट डालेगा। उपरोक्त पोस्टल बैलेट में कितने गिरिडीह लोक सभा के थे और कितने बाहर के वोट, यह कैसे पता चलेगा। बोकारो उपायुक्त ने यह कार्य किसके आदेश पर किया। किस राजीनीतिक पार्टी को लाभ पहुंचाने के लिए बोकारो उपायुक्त ने यह कार्य किया।

## गोड्डा और राजमहल में त्रिकोणीय तो दुमका में भाजपा-झामुमो में मुकाबला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के लिए शनिवार को मतदान होंगे। राज्य की तीन लोकसभा सीटों दुमका, गोड्डा और राजमहल सीटों पर वोटिंग होगी। आखिरी चरण में झारखंड के तीन सीटों से 52 प्रत्याशियों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। तीनों लोकसभा सीटों पर सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर चुनाव आयोग और पुलिस-प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। आखिरी चरण में दुमका और गोड्डा लोकसभा सीट से 19-19 प्रत्याशी और राजमहल लोकसभा सीट से 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। गोड्डा और राजमहल में त्रिकोणीय मुकाबला है। गोड्डा में भाजपा से सांसद निशिकांत दुबे और कांग्रेस से विधायक प्रदीप यादव आमने-सामने हैं। अभिषेक आनंद झा ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर खड़े होकर यहां मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है।



संताल परगना प्रमंडल का यह इलाका पिछले कई दशकों से झारखंड मुक्ति मोर्चा का गढ़ रहा है। दुमका लोकसभा सीट से झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन आठ बार चुनाव जीत चुके हैं लेकिन वर्ष 2019 के चुनाव में शिबू सोरेन को भाजपा के सुनील सोरेन ने पराजित किया था। इस बार शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन को भाजपा ने दुमका से उम्मीदवार बनाया है जबकि जेएमएम ने शिकारीपाड़ा के विधायक नलिन सोरेन को प्रत्याशी बनाया है। राजमहल लोकसभा सीट से वर्ष 2014 और 2019 में जेएमएम के विजय हांसदा विजयी रहे और वो इस बार हैट्रिक बनाने के लिए चुनाव मैदान में हैं। विजय हांसदा को रोकने के लिए बीजेपी ने ताला मरांडी को उम्मीदवार बनाया है। गोड्डा में बीजेपी के निशिकांत दुबे ने 2009, 2014 और 2019 में जीत हासिल की और वे चौथी बार जीत हासिल करने के लिए मैदान में हैं।


### विधायक सरयू राय ने प्रवर्तन निदेशालय को लिखा पत्र

## स्वास्थ्य मंत्री पर भ्रष्टाचार के लगाए गंभीर आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्वी जमशेदपुर के विधायक सरयू राय ने झारखण्ड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के विरूद्ध कागजात सहित एक आरोप पत्र प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक को भेजा है और मांग किया है कि बन्ना गुप्ता के धन शोधन एवं आय से अधिक सम्पति की जांच कराई जाए। आरोप पत्र में उल्लेखित 10 बिन्दुओं के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री के भ्रष्ट आचरण के कारण सरकारी खजाने पर भारी चपत पड़ा है। एंबुलेंस और अस्पतालों के लिए जरूरी उपकरणों की खरीद में अनियमितता बरतना, अनधिकृत रूप से चिकित्सकों, सिविल सर्जनों एवं अन्य वरिष्ठ चिकित्सा पदाधिकारियों का तबादला करना तथा आयुष्मान योजना से आच्छादित अस्पतालों के साथ सांठ-गांठ के लिए निःशुल्क सहयोग करने वाले परामर्शी की बहाली करना आदि आरोपों का जिक्र प्रवर्तन निदेशालय को प्रेषित आरोप पत्र में है। राय ने कहा कि यदि इन आरोपों की जांच प्रवर्तन निदेशालय करता है तो काफी अवैध धन का खुलासा होगा और आयुष्मान योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग में हुई अनियमितताएं सामने आएगी। स्वास्थ्य मंत्री के रूप में पद का दुरूपयोग कर की गई अनियमितताओं के माध्यम से बन्ना गुप्ता द्वारा किये गये धन शोधन का भी खुलासा हो सकता है।

### सीएम ने स्वास्थ्य मंत्री पर नहीं की कार्रवाई



सरयू राय ने अपने पत्र में कहा है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में कोविड प्रोत्साहन राशि का अनुचित लाभ स्वयं एवं अपने मंत्री कोषांग में कार्यरत कर्मियों के नाम पर लेने का प्रयास बन्ना गुप्ता द्वारा किये जाने की सप्रमाण तत्कालीन मुख्यमंत्री को स्वास्थ्य विभाग के संबंधित संचिका के प्रासंगिक पृष्ठ संलग्न करते हुए समुचित कार्रवाई हेतु दिनांक 13 अप्रैल 2022 को पत्र लिखा, जो अखबारों में भी छपा। परन्तु मुख्यमंत्री ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। उल्टे स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आदेश से स्वास्थ्य विभाग ने विभागीय संचिका के प्रासंगिक पृष्ठों को सार्वजनिक करने के आरोप में ऑफिसियल सीक्रेट्स एक्ट एवं भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं के अंतर्गत डोरण्डा थाना, रांची में एक प्राथमिकी संख्या 105/22, दिनांक 2 मई 2022 दर्ज करा दिया । अज्ञात के विरूद्ध दर्ज इस प्राथमिकी में उनका नाम नहीं था।

### मुझे प्रताड़ित कर रही राज्य सरकार

हटिया के डीएसपी ने ऑफिसियल सीक्रेट्स एक्ट्स के अंतर्गत मेरे विरूद्ध स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गये आरोपों को सत्य करार दिया और कार्रवाई के लिए राँची के पुलिस अधीक्षक (नगर) के पास जाँच प्रतिवेदन भेज दिया। इसकी जानकारी मिलने पर मैंने राज्य के पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड सरकार से इस मामले की जांच किसी वरीय पुलिस पदाधिकारी से कराने के लिए दिनांक 18.05.2024 को पत्र के माध्यम से निवेदन किया है। विडम्बना है कि स्वास्थ्य मंत्री, झारखण्ड के भ्रष्ट आचरण और धन शोधन के इस मामले में राज्य सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं किया।

### विवादित है हटिया के डीएसपी

सरयू राय ने हटिया के डीएसपी प्रमोद कुमार के संबंध में ईडी को कहा है कि ये वही पुलिस अधिकारी है, जिन्होंने साहेबगंज के चर्चित बरहरवा टोल प्लाजा कांड में अनुसंधान किये बिना मात्र 24 घंटे के भीतर झारखण्ड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम एवं उनके सहयोगियों को क्लीन चिट दे दिया था। इन्होंने ही साहेबगंज की महिला दारोगा ह्यरूपा तिर्की कांड में भी अनुचित हस्तक्षेप एवं आपत्तिजनक टिप्पणी किया था। उल्लेखनीय है कि इन दोनों कांडों की जांच के दौरान प्रवर्तन निदेशालय द्वारा इनसे पूछताछ भी की गई है।

## झारखंड में चुनाव प्रचार के दौरान इंडी गठबंधन का सबसे बड़ा चेहरा बनकर उभरीं कल्पना सोरेन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के 31 जनवरी को जेल जाने के बाद सक्रिय राजनीति में कदम रखने वाली उनकी पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा में फिलहाल किसी ओहदे पर नहीं हैं, लेकिन इसके बावजूद लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान वह न सिर्फ अपनी पार्टी, बल्कि इंडिया गठबंधन की ओर से राज्य में सबसे बड़ी स्टार प्रचारक के रूप में उभरकर सामने आईं। कल्पना सोरेन के मीडिया एडवाइजर और झामुमो के प्रवक्ता डॉ तनुज खत्री के मुताबिक, चुनाव प्रचार अभियान के दौरान उन्होंने 353 छोटी-बड़ी सभाएं कीं। राज्य के लोकसभा क्षेत्रों में उन्होंने कुल 51 बड़ी रैलियों में भाग लिया। इसके अलावा दिल्ली और मुंबई में इंडिया गठबंधन की ओर से आयोजित साझा रैलियों में झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रतिनिधित्व किया। रांची में 21 अप्रैल को इंडिया गठबंधन की ओर से साझा तौर पर बड़ी रैली हुई और इसके बाद वह राज्य में गठबंधन का सबसे बड़ा चेहरा बन गईं। कल्पना सोरेन गिरिडीह जिले के गांडेय विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव में प्रत्याशी रहीं और इस दौरान उन्होंने अपने क्षेत्र में छोटी-बड़ी 300 सभाएं और बैठकें कीं। कल्पना सोरेन की राजनीति में औपचारिक तौर पर एंट्री चार मार्च को गिरिडीह में झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस पर आयोजित रैली के साथ हुई। इसके 12 दिनों के बाद जब लोकसभा चुनाव और झारखंड में गिरिडीह जिले की गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव का ऐलान हुआ, तो उन्होंने पार्टी और गठबंधन की ओर से प्रचार अभियान का मोर्चा संभाल लिया। उन्होंने राज्य के सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों में गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं कीं और एक तरह से ढाई महीने के भीतर राज्य का चप्पा-चप्पा छान डाला। पार्टी की ओर से उन्हें हेलीकॉप्टर मुहैया कराया गया, जिससे वह एक दिन में तीन-चार रैलियों में शामिल होती रहीं। झामुमो के प्रवक्ता डॉ तनुज खत्री ने कहा, कल्पना जी को चुनावी रैलियों, जनसभाओं और जनसंपर्क के दौरान हर तबके के लोगों का जिस तरह का समर्थन मिला, वह अकल्पनीय है। उनकी हर सभा में भीड़ मंच तक पहुंचती रही। उन्हें सुनने के लिए लोग घंटों इंतजार करते रहे।

## दुमका में मतदान के लिए डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टियां रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**जामताड़ा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दुमका संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में जामताड़ा आउटडोर स्टेडियम स्थित डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी कुमुद सहाय की उपस्थिति में शुक्रवार को रवाना किया गया। डिस्पैच सेंटर में डीसी पुलिस अधीक्षक जामताड़ा अनिमेष नैथानी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। ईवीएम-वीवीपैट सामग्री लेने के लिए डिस्पैच सेंटर में सुबह से ही सेक्टर मजिस्ट्रेट मतदान कर्मियों, पुलिस पदाधिकारी, जवान आदि पहुंच रहे थे। कर्मियों ने अपनेझअपने क्षेत्र के लिए बने पंडालों में मतदान केंद्रों पर लगाएं गए। टेबल पर बैठ कर ईवीएम-वीवीपैट एवं सामग्री का मिलान किया। सातवें और अंतिम चरण का मतदान शनिवार को होना है। अंतिम चरण में राज्य की तीन सीट दुमका, गोड्डा और राजमहल में वोटिंग होगी। मतदान के लिए कुल 698 मतदान दलों को रवाना किया गया। जामताड़ा जिले के कुल पांच लाख 61 हजार 116 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी स्तरों पर प्रशासनिक स्तर से तैयारियां पूर्ण कर की गई है। डीसी ने पोलिंग पार्टियों व चुनाव प्रक्रिया से संबंधित अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों से कहा कि सभी निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का पालन करें।



## पृष्ठ एक के शेष

**अपराधियों ने किसान को मारी...**

हथियार निकाल कर योगेंद्र यादव को गोली मार दी। जिसमें योगेंद्र घायल हो गया। वहीं इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। परिजनों ने बताया कि पाटन थाना की पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा गया है। जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। ,

**लोकसभा चुनाव में बेहतर काम करने वाले...**

निश्चित ही सकरात्मक पहल माना जायेगा। इसी कड़ी में प्रमंडल के लातेहार जिला की डीसी गरिमा सिंह ने जिले में चुनाव कार्य में वेस्ट देने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर हौसला बढ़ाई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न करवाने में सभी का सहयोग सराहनीय रहा, जिसके कारण चुनाव के सारे कार्य शांति पूर्वक माहौल में सम्पन्न हुआ। इसके लिए जितनी प्रशंसा की जाय वह कम है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल, मतदान कर्मी एवं निर्वाचन कार्य मे लगे सभी अधिकारियों व कर्मियों को धन्यवाद दिया।

**दुनिया का सबसे बड़ा...**

328, उत्तर प्रदेश की 13 सीटों (महाराजगंज, गोरखपुर, कुशी नगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, रॉबर्ट्सगंज) पर 144 और पश्चिम बंगाल की 9 सीटों (दमदम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण, कोलकाता उत्तर) पर 124 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनाव मैदान में हैं। प्रधानमंत्री तीसरी बार इस सीट के चुनाव लड़ रहे हैं। आयोग ने बताया कि मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 13 विशेष रेलगाड़ियां और हेलीकॉप्टर की 8 उड़ानों (हिमाचल प्रदेश के लिए) की व्यवस्था की गई है। अब तक लोकसभा की 486 सीटों के लिए 6 चरणों में मतदान हो चुका है।

**दुमका, राजमहल और गोड्डा में आज...**

मद्देनजर हर बूथ पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। चुनाव वाले क्षेत्र से जुड़े बिहार और पश्चिम बंगाल की सीमा सील कर दी गयी है। बाइक सवार क्विक रिस्पांस टीम की भी तैनाती की गयी है। उन्होंने बताया कि देवघर में चुनाव कार्य से जुड़े एक प्राइवेट बस के ड्राइवर की मौत हो गयी है। उसके परिजनों को नियमानुसार अनुग्रह अनुदान प्रदान किया जाएगा।

**राज्य में लू के थेपेड़ों से...**

के सैंपल जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जो चमगादड़ मरे हैं, उनमें कोई संक्रमण हो सकता है। इसलिए उन्हें जलाकर नष्ट कर दिया जाएगा। डीएफओ ने आम ग्रामीणों से भी अपील की है कि भविष्य में ऐसी घटना होने पर वे तत्काल वन विभाग को सूचित करें। ग्रामीण ऐसी स्थिति में मृत पशु या पक्षियों के पास कभी न जाएं और न ही उन्हें छूने की कोशिश करें।

**ममता वाहन के लिए डेढ़ किमी...**

तक ही आ सकी। परिजन और ग्रामीण करीब डेढ़ किमी तक प्रसव पीड़ा से तड़प रही पालो जडिया को खाट में लादकर लाए। उबड़-खाबड़ रास्ते में खटिया एंबुलेंस के चलते महिला की स्थिति और बिगड़ गई। इसके बाद उसे फौरन ममता वाहन से बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया गया। जहां उसकी स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। अब उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

# झारखंड में पीएम मोदी की चुनावी सक्रियता कांग्रेस पर रही भारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए ने 14 में से 12 सीटों पर जीत दर्ज की थी। 2024 के चुनाव में भाजपा ने सभी 14 सीटों को जीतने का लक्ष्य रखा और इसके लिए पार्टी की टॉप लीडरशिप ने प्रचार अभियान के दौरान पूरी ताकत झोंक दी। पीएम मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण के अलावा एमपी के सीएम मोहन यादव, असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय और राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने कुल मिलाकर झारखंड में 50 से ज्यादा रैलियां, जनसभाएं और रोड शो किए। झारखंड के नेताओं में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सबसे ज्यादा करीब 300 रैली, जनसभा और चुनावी कार्यक्रमों में शिरकत की। झारखंड नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने भी 150 से ज्यादा कार्यक्रमों में पसीना बहाया। इनके अलावा केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अपने निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान संपन्न होने के बाद दूसरे लोकसभा क्षेत्रों में दर्जनों सभाएं की। खुद पीएम मोदी ने प्रचार अभियान में झारखंड को कितनी अहमियत दी, इसका पता इसी बात से चल जाता है कि उन्होंने यहां कुल सात रैलियां की। इसके अलावा उन्होंने रांची में रोड शो और एक रात का प्रवास भी किया। हिसाब लगाएं तो उन्होंने अकेले प्रचार के दौरान यहां जितना वक्त गुजारा और जितने कार्यक्रम किए, उतना कांग्रेस की ओर से पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के अलावा राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मिलकर भी नहीं कर पाए। मल्लिकार्जुन खरगे ने चार रैलियां की, जबकि राहुल और प्रियंका दोनों की दो-दो रैलियां हुईं। अमित शाह चुनाव प्रचार के दौरान तीन बार झारखंड आए। उन्होंने तीन रैलियां की और एक रोड शो में भाग लिया। राजनाथ सिंह की छह चुनावी रैलियां हुईं। जबकि, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दो रैलियां की। रैलियों और जनसभाओं में भाजपा के तमाम नेताओं ने झारखंड में कांग्रेस सांसद के ठिकाने से 350 करोड़ और कांग्रेस के मंत्री आलमगीर आलम के करीबियों के यहां से 37 करोड़ कैश की बरामदगी की घटनाओं को लेकर 'इंडिया' गठबंधन को निशाना बनाया। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को जब 'इंडिया' गठबंधन अपने पक्ष में सहानुभूति कार्ड के रूप में खेलने की कोशिश कर रहा था, तब भाजपा के नेताओं ने सोरेन की छवि 'भ्रष्टाचार का नायक' के रूप में पेश करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। झारखंड के संथाल परगना इलाके में घुसपैठ का मुद्दा भी भाजपा ने बेहद प्रमुखता से उठाया। इसके अलावा आदिवासी कल्याण के लिए मोदी सरकार के कामकाज, राष्ट्रपति के पद पर आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू के निर्वाचन, मुफ्त अनाज योजना, आयुष्मान, पीएम जन मन, उज्ज्वला, हर घर नल से जल जैसी योजनाओं की उपलब्धियां गिनाते हुए मतदाताओं को प्रभावित करने और भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने की भरपूर कोशिश हुई।



*अमित शाह चुनाव प्रचार के दौरान तीन बार झारखंड आए। उन्होंने तीन रैलियां की और एक रोड शो किया।*

**पीएम ने राज्य में सात रैलियां व एक रोड शो किया, खरगे ने चार, राहुल-प्रियंका ने दो-दो रैली किये**



*पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में करीब 300 रैली किया।*




# 18वीं लोकसभा के सांसदों के स्वागत और पंजीकरण की तैयारी पूरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा 4 जून को होगी। इसके बाद नई लोकसभा का गठन होगा, जिसे 18वीं लोकसभा के नाम से जाना जाएगा। इस बीच लोकसभा सचिवालय ने चुनाव जीतकर आने वाले सांसदों के स्वागत, पंजीकरण और सहायता करने के लिए सारी तैयारी कर ली है। 18वीं लोकसभा के सदस्यों के स्वागत और उनके निर्बाध पंजीकरण को सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने शुक्रवार को इस संबंध में की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। कागजी कार्यवाही को कम करने और सदस्यों के पंजीकरण की औपचारिकताओं को सुगम बनाने के उद्देश्य से, नव-निर्वाचित सदस्यों का ऑनलाइन एकीकृत सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के माध्यम से पंजीकरण किया जाएगा। सदस्यों को विभिन्न शाखाओं में निर्धारित कागजात पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे सदस्यों का काफी समय बचेगा। एकीकृत सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन में न केवल सांसद के बायो प्रोफाइल डेटा की प्रविष्टि की जाएगी, बल्कि, इसमें प्रविष्ट की गई फेशियल और बायोमेट्रिक जानकारी के आधार पर पहचान पत्र जारी करने के साथ ही लोकसभा सदस्यों और उनकी पत्नी या पति को सीजीएचएस कार्ड जारी किए जाने की व्यवस्था भी की गई है।

कई जगहों पर जानकारी उपलब्ध कराने की जटिलता को दूर करते हुए इस बार सांसदों की सुविधा और सुगमता के लिए पंजीकरण, नामांकन, अस्थायी आवास और कई अन्य मामलों से संबंधित सभी औपचारिकताओं को कम से कम समय में पूरा करने का प्रस्ताव है।

एकीकृत सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन में सांसद के बायो प्रोफाइल डेटा की प्रविष्टि की जाएगी | लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने की गई तैयारियों का निरीक्षण किया



**4 जून को दोपहर 2 बजे से पंजीकरण शुरू होगा**

सचिवालय ने 4 जून को दोपहर 2 बजे से पंजीकरण शुरू करने की व्यवस्था की है और यह प्रक्रिया 5 से 14 जून को सुबह 8 से रात 8 बजे तक चालू रहेगी, जिसमें शनिवार और रविवार भी शामिल हैं। इससे पहले, नवनिर्वाचित सदस्यों का पंजीकरण संसद के पुराने भवन (अब संविधान सदन) में होता था। इस बार, सचिवालय ने संसदीय सौध में यह व्यवस्था की है। संसदीय सौध में बैंक्वेट हॉल और प्राइवेट डाइनिंग रूम (पीडीआर) में 10-10 कंप्यूटर के साथ कुल 20 डिजिटल पंजीकरण काउंटर स्थापित किए गए हैं। काउंटर इंड-टू-इंड पंजीकरण प्रक्रिया के लिए स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक काउंटर पर डबल साइडेड स्क्रीन वाला डेस्कटॉप, प्रिंटर कम स्कैनर, बायोमेट्रिक और हस्ताक्षर प्राप्त करने के लिए एक टैब लगा हुआ है। फोटो खींचने और फेशियल रि-कॉग्निशन के लिए अलग-अलग काउंटर हैं। इसके अतिरिक्त, नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए एसबीआई बैंक खाता खोलने, स्थायी पहचान पत्र, केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना कार्ड जारी करने की व्यवस्था भी की गई है।

### 70 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया

सांसदों का स्वागत करते हुए सचिवालय प्रत्येक सदस्य को भारत के संविधान, नियम, निर्देश तथा कुछ अन्य उपयोगी प्रकाशनों की प्रतियां उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा, कुछ अन्य प्रकाशन सदस्यों को सॉफ्ट वर्जन में उपलब्ध कराए जाएंगे। संसदीय सौध एक्सटेंशन के बैंक्वेट हॉल में सांसदों के परिवार के सदस्यों तथा अतिथियों के लिए प्रतीक्षा क्षेत्र उपलब्ध कराया गया है। अधिक संख्या में अतिथियों के आने की स्थिति में, उन्हें पास के समिति कक्ष में बैठाया जाएगा। पंजीकरण काउंटर पर तैनाती के लिए कुल 70 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है, जो शिफ्ट में काम करेंगे। प्रतीक्षा क्षेत्र (ईपीएचए भवन में बैंक्वेट हॉल) में प्रतीक्षा कर रहे सांसदों की सुविधा के लिए संपर्क अधिकारियों (एलओ) को टैब के माध्यम से डेटा प्रविष्टि करने का प्रशिक्षण दिया गया है। यह व्यवस्था संसद परिसर में आए सांसदों का पंजीकरण कम से कम समय में करने के उद्देश्य से की गई है।

## 'सनातन जागृत के पीएम के हर अनुष्ठान का विरोधी है विपक्ष'

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के सबसे दक्षिणी छोर कन्याकुमारी में स्थित विवेकानंद रॉक मेमोरियल के ध्यान मंडपम में ध्यान मुद्रा में बैठे हुए हैं। लेकिन, पीएम मोदी के इस ध्यान को लेकर भी देश में राजनीति जारी है। विपक्षी दल जहां पीएम मोदी के ध्यान पर कई तरह के सवाल खड़े कर रहे हैं। वहीं, पलटवार करते हुए भाजपा यह आरोप लगा रही है कि सनातन संस्कृति को जागृत करने के पीएम मोदी के हर अनुष्ठान का विरोध करना विपक्षी दलों की आदत बन गई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल ने विपक्षी नेताओं द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जब भी सनातन संस्कृति को जागृत करने का कोई भी अनुष्ठान करते हैं तो विपक्ष उसका विरोध करता है। विपक्षी दलों ने काशी कॉरिडोर का विरोध किया, गंगा जी की आरती में पीएम गए तो उसका भी विरोध किया, महाकालेश्वर पुनर्निर्माण का विरोध किया, अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए जब प्रधानमंत्री ने 11 दिवसीय विशेष अनुष्ठान किया तो उसका विरोध किया।



*विपक्षी दलों ने काशी कॉरिडोर का विरोध किया, गंगा जी की आरती में पीएम गए तो उसका भी विरोध किया। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भी बहिष्कार किया।*

उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी के हर काम का विरोध करना ही सनातन द्रोहियों और विरोधियों का एकमात्र एजेंडा रहता है। लेकिन, वे विरोध करते रहें। जिस तरह से स्वामी विवेकानंद ने कन्याकुमारी में तप करके हिंदुत्व के दर्शन को विश्वव्यापी किया था, उसी तरह से प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को विश्व गुरु के तौर पर स्थापित करने में सफल होंगे, यह निश्चित है।

# एग्जिट पोल से संबंधित किसी भी डिबेट में शामिल नहीं होगी कांग्रेस

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में शनिवार को वोट डाले जाएंगे।



वोटिंग के बाद शनिवार देर शाम से तमाम न्यूज चैनल पर एग्जिट पोल आने शुरू हो जाएंगे। इसी बीच कांग्रेस ने एक बड़ा ऐलान किया है कि पार्टी एग्जिट पोल के डिबेट में भाग नहीं लेगी। कांग्रेस नेता और प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट कर लिखा, आगामी एग्जिट पोल डिबेट्स में पार्टी द्वारा भाग ना लिए जाने के निर्णय पर हमारा वक्तव्य : मतदाताओं ने अपने मत दे दिए हैं एवं मतदान के परिणाम मशीनों में बंद हो चुके हैं। 4 जून को परिणाम सबके सामने होंगे। उन्होंने अपने पोस्ट में आगे लिखा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नजरों में परिणाम घोषित होने से पहले किसी भी तरह के सार्वजनिक अनुमान लगाकर घमासान में भाग लेकर टीआरपी के खेल का कोई औचित्य नहीं है। किसी भी बहस का मकसद दर्शकों का ज्ञानवर्धन करना होता है। कांग्रेस पार्टी 4 जून से डिबेट्स में खुशी-खुशी हिस्सा लेगी। गौरतलब है कि शनिवार को लोकसभा चुनाव के अंतिम और सातवें चरण में 57 लोकसभा सीट पर वोट डाले जाएंगे। अंतिम चरण की वोटिंग के बाद देर शाम से एग्जिट पोल आने शुरू हो जाएंगे। 4 जून को लोकसभा और कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे आएंगे।

### मध्य प्रदेश के पुराने कांग्रेसी दिग्गजों को खुद पार्टी ने चुनाव प्रचार में नहीं दिया महत्व

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोकसभा के चुनाव के लिए चार चरणों में मतदान हो चुका है। वहीं देश में सातवें और अंतिम चरण का मतदान 1 जून को होने वाला है। इस बार के चुनाव में मध्य प्रदेश के दिग्गज कांग्रेसी नेताओं का पार्टी भी बेहतर उपयोग नहीं कर पाई। गिनती के नेता ही पूरे राज्य में प्रचार में सक्रिय देखे और कुछ ही नेता राज्य के बाहर नजर आए। राज्य में लोकसभा की 29 सीटें हैं। इन सीटों पर पहले चार चरणों में मतदान हुआ। कांग्रेस के दिग्गज नेता, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह, इन चार चरणों में भी सीमित तौर पर सक्रिय रहे। छिंदवाड़ा से कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ चुनाव मैदान में थे और राजगढ़ से स्वयं दिग्विजय सिंह ताल ठोक रहे थे। दोनों इन सीटों पर अपनी-अपनी प्रतिष्ठा बचाने की चिंता में बाहर निकल ही नहीं सके।छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र में पहले चरण में मतदान हुआ और उसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एक दो संसदीय क्षेत्र तक ही प्रचार करने पहुंचे। उन्होंने राज्य के बाहर भी पार्टी के लिए ज्यादा सक्रियता नहीं दिखाई। दिग्विजय सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र राजगढ़ में प्रचार किया और उसके अलावा आसपास के संसदीय क्षेत्र में उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाएं और बैठकें कीं। उसके बाद राज्य के बाहर कुछ संसदीय क्षेत्र में जाकर प्रचार भी किया। राज्य में चुनाव प्रचार में मुख्य तौर पर राज्यसभा सांसद विवेक तंखा, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव सक्रिय नजर आए। राज्य के बाहर भी कुछ नेताओं को प्रचार के लिए भेजा गया।कांग्रेस के एक नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, राज्य के अधिकांश नेताओं की दिल्ली में पूछ-परख कम हो गई है।



*पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह, इन चार चरणों में भी सीमित तौर पर सक्रिय रहे।*

## मध्य प्रदेश की सभी सीटें बहुमत से जीतेगी भाजपा : वीडी शर्मा

**एजेंसी**

**भोपाल।** भाजपा की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 29 सीटों पर भाजपा ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी। प्रदेश भाजपा कार्यालय में संवाददाताओं से चर्चा करते हुए वीडी शर्मा ने कहा कि भारत की जनता ने सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जीत का आशीर्वाद दिया है। जहां तक बात मध्य प्रदेश की है तो राज्य की सभी 29 लोकसभा सीटों पर भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिलेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने जिस तरह का आशीर्वाद दिया था, उसी तरह का आशीर्वाद लोकसभा चुनाव में भी मिलेगा। विधानसभा चुनाव 'मध्य प्रदेश के मन में मोदी' और 'मोदी के मन में मध्य प्रदेश' को लेकर लड़ा गया था और जनता का भरपूर साथ मिला था।

लोकसभा चुनाव में भी प्रदेश में ऐतिहासिक जीत मिलेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस चुनाव को टीम भावना से पार्टी ने लड़ा और जो प्रचार अभियान चलाया, उसी के आधार पर सभी 29 सीटों पर भाजपा ऐतिहासिक बहुमत से जीतेगी। मध्य प्रदेश में मिलने वाली जीत राजनीतिक विशेषज्ञों, विश्लेषण करने वालों के लिए शोध का विषय होगी। पिछले लोकसभा चुनाव में राज्य में 58 प्रतिशत वोट मिला था। इस बार 4 जून के बाद नतीजे में जो विश्लेषण करेंगे, उसमें 10 प्रतिशत वोट प्रतिशत बढ़ाने में सफल होंगे, राज्य में भाजपा को 68 प्रतिशत वोट मिलेगा।



*विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने जिस तरह का आशीर्वाद दिया था, उसी तरह का आशीर्वाद लोकसभा चुनाव में भी मिलेगा।*



## चिराग पासवान ने रामलला के किए दर्शन

**अयोध्या।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के पहले लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुखिया चिराग पासवान ने शुक्रवार को अयोध्या में अपने परिवार सहित रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेंगे। पीएम मोदी के कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल जाने पर विपक्ष के सवाल उठाने पर उन्होंने कहा कि विपक्ष कभी समझ नहीं पाएगा। क्योंकि उसने सनातन को कभी सम्मान नहीं दिया। 2014 और 2019 के चुनाव प्रचार के बाद प्रधानमंत्री मोदी ध्यान लगाने जा चुके हैं। उसी प्रकार 2024 में भी पहुंचे हैं। उन्हीं का हनुमान मैं हूं। एक तरफ पीएम वहां पहुंचे हैं, दूसरी तरफ मैं अयोध्या आया हूं। बहुमत मिलने के बाद भारत माता की जय का नारा सिर्फ कहने के लिए नहीं, उसे उन्होंने हकीकत में उतारा है। इसके पहले उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स के माध्यम से लिखा कि आज अयोध्या की पावन नगरी में सपरिवार प्रभु श्री राम के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर समस्त देशवासियों के कल्याण हेतु मंगल कामना की।

## पश्चिम बंगाल में अंतिम चरण के चुनाव से पहले भड़की हिंसा, दस लोग घायल

**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में जादवपुर लोकसभा क्षेत्र के भांगर इलाके में शुक्रवार को चुनाव से पहले हिंसा भड़क उठी। इसमें कम से कम दस लोगों के घायल हो गए। जादवपुर में शनिवार को लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में मतदान होना है। भांगर में शुक्रवार सुबह से ही स्थानीय तृणमूल कांग्रेस और ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट (एआईएसएफ) के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबरें आने लगीं। दोनों समूहों ने एक-दूसरे पर देसी बम फेंके। स्थानीय पुलिस सूत्रों ने बताया कि झड़प में दस लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि गुरुवार सुबह के तनाव के बाद से वहां हिंसा हुई है। बुधवार दोपहर जादवपुर से तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार सायोनी घोष के समर्थन में आयोजित रोड शो में हिस्सा लेने से इनकार करने पर सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार सुबह एआईएसएफ के एक कार्यकर्ता की बुरी तरह पिटाई कर दी थी। एआईएसएफ कार्यकर्ताओं ने जवाबी कार्रवाई की और तृणमूल कांग्रेस के एक स्थानीय नेता को बुरी तरह पीटा। तब से ही भांगर में तनाव पैदा हो गया और दोनों समूहों के बीच झड़पें हो रही हैं। भांगर में जारी हिंसा के बीच भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने कैनिंग-पुरबा विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस के विधायक शौकत मोल्ला की वोटिंग के दिन आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। ईसीआई के आदेश के अनुसार, शौकत मोल्ला शनिवार को पूरे दिन अपने निर्वाचन क्षेत्र कैनिंग-पुरबा से बाहर नहीं निकल पाएंगे। जबकि, मोल्ला ने भांगर में जारी तनाव के लिए एआईएसएफ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदार ठहराया है।



*स्थानीय पुलिस सूत्रों ने बताया कि झड़प में दस लोग घायल हुए हैं।*

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com